

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक... 12

राशन की कालाबाजारी में योगी सरकार का एक्शन... 05



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 233
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
गुरुवार | 06 जून, 2024

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper


# मोदी को एनडीए का नेता चुना गया

## एनडीए गठबंधन: बैठक में 16 पार्टियों के 21 लीडर शामिल, राष्ट्रपति ने लोकसभा भंग की

- गठबंधन में चंद्रबाबू की टीडीपी 16 सीटों के साथ दूसरी और नीतीश की जेडीयू 12 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव के बाद अब सरकार बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इसी सिलसिले में बुधवार को हृष्ठ की पहली बैठक पीएम आवास में शाम 4 बजे हुई। एक घंटे चली बैठक में मोदी को हृष्ठ का नेता चुना गया। बैठक में 16 पार्टियों के 21 नेता शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक, हृष्ठ के सांसदों की 7 जून को बैठक होगी। इसके बाद शाम 5 से 7 बजे के बीच सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राष्ट्रपति के पास जाएंगे। राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा को सभी सहयोगी दलों के साथ वन-टू-वन बात करने और नई सरकार के स्वरूप पर चर्चा करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस बीच पीएम मोदी के इस्तीफे और कैबिनेट को भंग करने की सिफारिश के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोकसभा को भंग कर दिया। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। यह बहुमत के आंकड़े (272) से 32 सीटें कम हैं। हालांकि हृष्ठ ने 292 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। गठबंधन में चंद्रबाबू की ञ्ष्ठक 16 सीटों के साथ दूसरी और नीतीश की छ्ष्ठ 12 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों ही पार्टियां इस वक्त भाजपा के लिए जरूरी हैं। इनके बिना भाजपा का सरकार बनाना मुश्किल है।

### मोदी ने राष्ट्रपति को इस्तीफा सौंपा, अब कार्यवाहक पीएम



पीएम मोदी ने बुधवार दोपहर 2 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को इस्तीफा सौंप दिया। साथ ही मंत्रिमंडल भंग करने की सिफारिश की।राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। साथ ही उनसे व मंत्रिपरिषद से अनुरोध किया कि वे नई सरकार के कार्यभार संभालने तक पद पर बने रहें। इससे पहले मोदी मंत्रिमंडल की सुबह 11.30 बजे आखिरी बैठक हुई। बैठक में 17वीं लोकसभा भंग करने की सिफारिश हुई। इसमें सरकार ने तीसरी बार जीत को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इसके बाद मोदी राष्ट्रपति भवन गए और अपना इस्तीफा सौंपा। मोदी अब कार्यवाहक पीएम रहेंगे।

### बैठक में यह नेता रहे मौजूद

1. नरेंद्र मोदी, पीएम 2. जे.पी.नड्डा,भाजपा अध्यक्ष 3.राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री 4. अमित शाह, गृहमंत्री 5.चंद्रबाबू नायडू, टीडीपी 6. श्नीतीश कुमार, जदयू 7. एकनाथ शिंदे, एसएचएस 8.एच.डी. कुमारस्वामी, जेडी (एस) 9. श्चिराग पासवान, एलजीपी (आरवी) 10. जीतन राम मांझी, एचएएम 11. पवन कल्याण, जेएसपी 12. सुनील तटकरे, राकांपा 13.अनुप्रिया पटेल, एडी (एस) 14. जयन्त चौधरी, रालोद 15. प्रफुल्ल पटेल, एनसीपी 16. प्रमोद बोरो, पीपीएलए17. अतुल बोरा, एजीपी 18. इंद्रा हैंग सुब्बा, एसकेएम 19. सुदेश महतो, एजेएसयू 20. राजीव रंजन सिंह, जदयू 21. संजय झा, जदयू

### नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू पीएम आवास पहुंचे

एनडीए की बैठक कुछ देर में शुरू होगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू, आजसू प्रमुख सुदेश महतो, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पवन कल्याण भी पीएम आवास पहुंचे।

### चंद्रबाबू ने अब तक नहीं रखी मंत्रालय की डिमांड

सूत्रों के मुताबिक, चंद्रबाबू नायडू ने अब तक कोई भी डिमांड बीजेपी के सामने नहीं रखी है। स्पीकर और अन्य मंत्रालय मांगने की बात जो मीडिया में आ रही है। वह गलत है। चंद्रबाबू के करीबी सूत्र ने बताया कि वे फिलहाल एनडीए में दूसरे नंबर पर हैं। बीजेपी के साथ विधानसभा का चुनाव लड़े हैं। वे अगर इंडिया में गए तो सीटों की संख्या के आधार पर उनका नंबर चौथा या पांचवां रहेगा। सूत्रों ने बताया कि उन्हें यकीन है कि अगर वे इंडिया गठबंधन के साथ सरकार बना भी लेते हैं, तो उसमें शामिल घटक दल, छोटी-छोटी बातों पर पार्टी तोड़ने की बात करेंगे। इसलिए इंडिया की सरकार ज्यादा दिन तक नहीं चलेगी। ऐसे में वे आंध्र की सत्ता संभालेंगे और एनडीए में रहते हुए केंद्र में एक-दो मंत्रालय लेंगे। आज की मीटिंग में वे आंध्र को स्पेशल स्टेटस वाली बात रख सकते हैं। साथ ही कुछ मंत्रालय को लेकर भी चर्चा हो सकती है।

### चिराग ने कहा, बिहार में हमारा 100 प्रतिशत स्ट्राइक रेट

चिराग पासवान ने कहा कि 5 सीटों पर जीत बड़ी उपलब्धि है। बिहार की जनता ने पार्टी पर विश्वास किया है। सौ प्रतिशत स्ट्राइक रेट के लिए बिहार की जनता का आभार। 400 का आंकड़ा न पाने के सवाल पर कहा कि कुछ कमी रही है, जिस पर जरूर मंथन होगा। अभी उत्साह है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन रहे हैं।

### नड्डा बोले, कुछ लोग 30-40 सीट जीतकर धूम मचाते हैं



प्रधानमंत्री से पहले नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं संबोधित किया। उन्होंने एनडीए और पार्टी कार्यकर्ताओं को तीसरी बार सरकार बनाने की बधाई दी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार कोई गठबंधन पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार देश में सरकार बनाने जा रहा है। मोदी का कहना है कि देश को आगे ले जाना है। इसी के लिए वह काम करते हैं। विपक्ष के लोग लोकलुभावने वादे करके सरकार के नजदीक आना चाहते हैं। नड्डा, हम बंगाल में 3 सीटों से बढ़कर 77 हो जाते हैं तो उसकी चर्चा नहीं होती। कहते हैं हम हार गए। आज ही ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार मोदी जी के नेतृत्व में बन रही है। लेकिन कुछ लोग 30-40 सीटें जीत लें तो धूम मचाने लग जाते हैं। वे भूल जाते हैं कि देश मोदी के साथ है।

### नायडू ने दिल्ली जाने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की, बोले- मैं एनडीए में ही हूं

टीडीपी चीफ एन चंद्रबाबू नायडू ने दिल्ली जाने से पहले विजयवाड़ा में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने इंडिया ब्लॉक में जाने की संभावना को लेकर कहा, हम एनडीए में हैं और मैं एनडीए की बैठक में जा रहा हूं। चिंता करने की कोई बात नहीं है। आंध्र में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव के नतीजे भी आए हैं। राज्य में टीडीपी भाजपा और जनसेना पार्टी के गठबंधन ने 175 में से 164 सीटें जीती हैं। टीडीपी को 135 सीटें मिली हैं। मौजूदा सीएम जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी 11 सीटों पर सिमट गई। नायडू ने विधानसभा चुनाव में जीत पर कहा- हमने राज्य के कल्याण और विकास के लिए गठबंधन बनाया गया है। टीडीपी को 45 प्रतिशत और वाईएसआरसीपी को 39 प्रतिशत वोट मिले है। कई टीडीपी कार्यकर्ताओं को रातों की नींद गंवानी पड़ी। उन्हें प्रताड़ित किया गया।

### एनडीए के साथियों ने मंत्रालयों की लिस्ट सौंपी, टीडीपी ने 6 मंत्रालय और स्पीकर पद मांगा

सूत्रों के मुताबिक, टीडीपी ने 6 मंत्रालयों समेत स्पीकर पद की मांग की। वहीं, जेडीयू ने 3, चिराग ने 2 (एक कैबिनेट, एक स्वतंत्र प्रभार), मांझी ने एक, शिंदे ने 2 (एक कैबिनेट, एक स्वतंत्र प्रभार) मंत्रालयों की मांग की है। वहीं, जयंत ने कहा है कि हमें इलेक्शन के पहले एक मंत्री पद देने का वादा किया गया था। इसी तरह अनुप्रिया पटेल भी एक मंत्री पद चाहती हैं। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा, बैठक अच्छी रही। हम एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़े तभी आज मीटिंग में शामिल हुए। आप लोगों को क्यों शक है। अगर हम गठबंधन का हिस्सा नहीं होते तो साथ मिलकर चुनाव कैसे लड़ते। हम साथ रहे, 3 पार्टियों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा।

लोकसभा चुनाव में बसपा को हुए भयंकर नुकसान पर बोलीं मायावती

# अब मुसलमानों को सोच-समझकर ही टिकट देंगे



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लोकसभा चुनाव 2024 में बहुजन समाज पार्टी को हुए भयंकर नुकसान के बाद पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि बसपा द्वारा उचित प्रतिनिधित्व देने के बाद भी मुस्लिम समाज ने हमारा साथ नहीं दिया ऐसी स्थिति में आगे इनको काफी सोच समझकर ही मौका दिया जाएगा। चुनाव में हुए नुकसान पर उन्होंने कहा कि हम इसका गहन विश्लेषण करेंगे और देश के करोड़ों, गरीबों, दलितों, शोषितों, आदिवासियों, पिछड़ों और धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए काम करते रहेंगे जिससे उनकी सुरक्षा व सम्मान पर मंडराता खतरा दूर हो। इस बार के लोकसभा चुनाव में बसपा ने अकेले ही चुनाव लड़ने का फैसला किया। मंगलवार के घोषित हुए परिणामों में प्रदेश की 80 सीटों में से एक भी सीट पर बसपा को जीत नहीं मिली। वहीं, भाजपा ने 33, सपा ने 37, कांग्रेस ने 6, रालोद ने 2, आजाद समाज पार्टी ने 1 और अपना दल (एस) ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। इसके पहले लोकसभा चुनाव 2014 में भी बसपा को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा प्रदेश की 10 सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही थी। हालांकि, तब सपा, बसपा व रालोद का गठबंधन था।

### तीन से चार चरणों में करवाया जाना चाहिए था चुनाव: मायावती

मायावती ने ढाई महीने लंबे चुनाव कार्यक्रम पर कहा कि हमारी पार्टी का शुरू से ही ये मानना रहा है कि चुनाव बहुत लंबा नहीं होना चाहिए। इसे तीन से चार चरणों में ही पूरा हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव जोरदार गर्मी की तपिश से प्रभावित रहा जिससे लोगों के उत्साह पर भी फर्क पड़ा। ऐसे मे यह उम्मीद की जाती है कि लोकतंत्र व आमजन के व्यापक हित के मद्देनजर, आगे चुनाव कराते समय चुनाव आयोग द्वारा लोगों की इन खास परेशानियों को जरूर ध्यान में रखा जाएगा।

### यूपी का मौसम: बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी को अभी नहीं मिलेगी गर्मी से राहत, पूर्वांचल में हल्की बारिश की उम्मीद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। प्रदेश में गर्मी का प्रकोप जारी है। नौतपा के बाद प्रदेश के अधिकतर इलाकों में झुलसाती लू से थोड़ी राहत तो मिली है मगर बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी में अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने कन्नौज, कानपुर, आगरा, इटावा और बुंदेलखंड के कई इलाकों में कल और परसों भी गर्म हवा और लू चलने के आसार जताए हैं। बुधवार को प्रदेश में फतेहपुर में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री दर्ज किया गया। आगरा में 46 तो झांसी में अधिकतम 45.9 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान की बात करे तो बुलंदशहर में प्रदेश में न्यूनतम 23 डिग्री रहा। इसके बाद नजीबाबाद और बाराबंकी में न्यूनतम 25 डिग्री रहा।

## तमाम सर्वे और एग्जिट पोल को दरकिनार कर वर्षों बाद कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में जोरदार प्रदर्शन किया

# 'ब्रांड राहुल' ने बंजर हो चुकी कांग्रेस की राजनीतिक भूमि को उर्वर बना दिया

- कांग्रेस के इस कायाकल्प का श्रेय राहुल गांधी के प्रयासों को जाता है
- कांग्रेस ने न सिर्फ अपनी सीटें बढ़ाईं बल्कि सहयोगियों को भी मदद पहुंचाई
- पहला ऐसा चुनाव रहा, जहां राहुल गांधी ने अपने दम पर वोटरों को कुछ हद तक अपने पक्ष में किया

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। 2024 लोकसभा चुनाव के परिणाम ने बंजर हो चुकी कांग्रेस की राजनीतिक भूमि को उर्वर बना दिया। तमाम सर्वे और एप्जिट पोल को दरकिनार कर वर्षों बाद कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस के इस कायाकल्प का श्रेय राहुल गांधी के प्रयासों को जाता है। आम चुनाव का परिणाम कांग्रेस के लिए सुखद कहा जा सकता है। उसे पिछली बार से अधिक सीटें मिलीं। कांग्रेस ने न सिर्फ अपनी सीटें बढ़ाईं बल्कि सहयोगियों को भी मदद पहुंचाई। कांग्रेस के इस उदय में राहुल गांधी का बड़ा योगदान माना जा रहा है। यह पहला ऐसा चुनाव बना, जहां राहुल गांधी ने अपने दम पर वोटरों को कुछ हद तक अपने पक्ष में किया।



### आलोचकों तक ने भारत जोड़ो यात्रा का लोहा माना

राहुल गांधी ने पिछले दो वर्षों के दौरान भारत जोड़ो यात्रा दो फेजों में पूरा किया। पहले उत्तर से दक्षिण और फिर पूरब से पश्चिम। इस यात्रा ने उनकी अब तक की राजनीति और उनकी छवि में काफी बदलाव किया। उनके आलोचकों तक ने इस यात्रा का लोहा माना। भारतीय राजनीति में एक कहावत है कि आज तक किसी सियासी यात्रा का नुकसान नहीं हुआ है। राहुल गांधी की यात्रा के साथ भी ऐसा ही हुआ।

### राहुल ने सीट शेयरिंग से लेकर तमाम मसलों पर संवाद किया

राहुल पहले गठबंधन की राजनीति के बेहतर खिलाड़र नहीं माने जाते थे। उन पर आरोप लगाया जाता था कि वे दूसरे दलों के साथियों को जोड़ने में कामयाब नहीं रहते हैं। उन्होंने इंडिया को लेकर लचीलापन दिखाया। न खुद पहल कर दूसरे दलों के नेताओं को अपने साथ जोड़ा बल्कि सीट शेयरिंग से लेकर तमाम मसलों पर संवाद किया। जहां भी कोई उलझन हुई खुद हस्तक्षेप कर उसे दूर किया। साझा मुद्दे से लेकर साझी दावेदारी तक में उन्होंने खुला दिल दिखाया।

### उत्तर प्रदेश में बसपा का वोट लेने में कांग्रेस सफल रही

राहुल गांधी ने पिछड़े, दलितों की आवाज बनने की कोशिश की। उन्होंने जाति जनगणना का मुद्दा उठाया। उनके इस स्टैंड पर पार्टी के अंदर से बाहर तक आवाज उठी। मगर, राहुल डिगे नहीं। चुनाव परिणाम ने साबित किया कि कांग्रेस के उदय के पीछे उनकी यह रणनीति कारगर रही। दलितों का बड़ा वोट कांग्रेस को मिली। उत्तर प्रदेश में बसपा का वोट लेने में कांग्रेस सफल रही।

### राहुल की 'मोहब्बत की दुकान' की लोगों ने सराहना की

समाज में फैली नफरत के खिलाफ अभियान चलाया। राहुल की 'मोहब्बत की दुकान' की लोगों ने सराहना की। साथ ही राहुल गांधी पिछले कुछ वर्षों में मुस्लिम हितों के लिए आवाज उठाने वाले सबसे बड़े नेता के रूप में सामने आए।

### अलग-अलग वर्गों के साथ वे साल भर मुलाकात करते रहे

राहुल गांधी का कभी विरोधियों ने जमकर मजाक उड़ाया, अलग-अलग नामों से पुकारा। मगर, हाल के समय में उनकी छवि एक भले इंसान की बनी। तमाम ओपिनियन पोल में वह पीएम मोदी के सामने लोकप्रियता में पीछे दिखे, लेकिन लोगों ने माना कि वे बेहतर इंसान हैं। छोटे समूह में अलग-अलग वर्गों के साथ मुलाकात वे साल भर करते रहे। इन संवादों के बीच भी उन्होंने अपनी छवि में बदलाव किया।

### कुछ वर्षों में पहली बार मुस्लिम समुदाय का इतना बड़ा वोट कांग्रेस को मिला

जब हिंदुत्व की राजनीति अपने शीर्ष पर थी अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने पर राहुल उनके लिए आवाज उठाई। इसका परिणाम यह रहा कि पिछले कुछ वर्षों में पहली बार मुस्लिम समुदाय का इतना बड़ा वोट कांग्रेस को मिला।

### राहुल गांधी में निरंतरता दिखी

हाल के समय में राहुल गांधी ने लापरवाह और कैजुअल अप्रोच रखने वाले नेता का टैग भी खुद से हटवाया दिया। उन पर आरोप लगता था कि वह गंभीर राजनेता नहीं हैं। इससे उनकी मेहनत भी कई बार बेकार हो जाती थी। अचानक विदेश जाने से लेकर उनका मुख्यधारा से गायब होना छवि पर असर डालता था। अब राहुल गांधी में निरंतरता दिखी। इसका साफ असर दिखने लगा और लोगों ने उन्हें गंभीरता से लिया।

### लोगों को संदेश देने में सफल रहे कि वह डरते नहीं हैं

पिछले कुछ वर्षों में राहुल ने अपनी निर्भीक होने की छवि बनाई। ऐसे समय में जब कई नेता अलग-अलग आरोप में जेल गए, कई नेताओं ने अपने पाले बदले या अपने स्टैंड को नरम किया, लेकिन राहुल गांधी जनता के बीच ऐसी प्रतिरोधी आवाज के रूप में सामने आए जो डरता नहीं है। उनकी संसद की सदस्यता गई, उन पर कुछ केस दर्ज हुए लेकिन वे लोगों को संदेश देने में सफल रहे कि वह डरते नहीं हैं। इसका असर भाजपा विरोधी वोट को एकजुट करने में हुआ।

### तमाम ऐसे राजनीतिक सामाजिक मसले सामने आए जिसमें वे मुखर दिखे

राहुल गांधी ने ऐसे नेता की ऐसी छवि बनाई, जो मुद्दे को पहचानते हैं। कोविड पर सबसे पहले बोलने से लेकर तमाम ऐसे राजनीतिक सामाजिक मसले सामने आए जिसमें वे मुखर दिखे। जब भी देश में कोई मुद्दा उठा वे उस पर बिना राजनीतिक गुणा भाग के बोलते रहे। मैरिटल रेप जैसे मुद्दे जो सामाजिक रूप से संवेदनशील हैं, उस पर उन्होंने सार्वजनिक रूप से बात की।

### मल्लिकार्जुन खरगे को अध्यक्ष बनाने का फैसला मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ



कांग्रेस गुटबाजी से परेशान थी। एक के बाद एक कई नेता पार्टी छोड़कर निकलते गए। पार्टी के ऐसे संकट के समय राहुल गांधी ने कभी गरम-कभी नरम रुख से पार्टी को इस संकट से निकाला। मल्लिकार्जुन खरगे को अध्यक्ष बनाने का फैसला मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ। खरगे से उनका समीकरण पार्टी को मजबूती दे गया। इससे पार्टी के अंदर मजबूत फैसला लेने में मदद मिली। टिकट बंटवारे पर इस बार उसका बड़ा असर दिखा।

### युवा वोटर्स ने हाल के वर्षों में पहली बार भाजपा से अधिक वोट कांग्रेस के पक्ष में डाला

राहुल गांधी ने खुद को युवाओं से बेहतर तरीके से कनेक्ट किया है। चाहे अग्निवीर का मसला हो या सरकारी नौकरी का। राहुल ने हर बार प्रमुखता से उनके मुद्दों को उठाया। इसका लाभ चुनाव में दिखा। युवा वोटर्स ने हाल के वर्षों में पहली बार भाजपा से अधिक वोट कांग्रेस के पक्ष में डाला। राहुल गांधी ने युवाओं से कनेक्ट करने के लिए इस बार सोशल मीडिया का भी बेहतर इस्तेमाल किया।

## अनियंत्रित होकर पलटा डंपर, चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर सोमई बाईपास के पास डंफर का टायर फट गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें दबकर चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और परिजनों को सूचना देने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
कानपुर नगर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बाबा हरदेव मोहल्ले में गायत्री मंदिर के पीछे रहने वाला दीपक सैनी 30 वर्ष डंपर ड्राइवर था। जो मंगलवार रात को उन्नाव से डंपर लेकर झांसी गिट्टी लेने जा रहा था। इस दौरान जब वो नेशनल हाईवे के सोमई बाईपास से गुजर रहा था। तभी डंपर का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें फंसकर ड्राइवर दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर पाकर मौके पर आई पुलिस ने शव की छानबीन कर उसके घरवालों को खबर दी और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के साले गौरव सैनी ने बताया कि दीपक ही अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था। जिस वजह से पत्नी उषा सहित दो बेटियों और लड़के का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पौधरोपण कर जिला जज ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




इलाहाबाद उच्च न्यायालय एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक प्राधिकरण द्वारा जारी कार्ययोजना के तहत बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अगुवाई में सत्र न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारियों ने पौधरोपण किया।
आवास व जनपद न्यायालय परिसर में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने कहा कि वृक्षों की कमी के कारण गर्मी बढ़ती है। ऐसे में सभी लोग पौधरोपण पर ध्यान दें। प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन काल में कम से कम पांच पौधे अवश्य रोपित करें और इनकी देखभाल भी करे। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण किया। साथ ही मोटर दुर्घटना अधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण यादव ने भी आम का पौधा लगाकर पर्यावण की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों ने नीम, आम, जामुन, मौलश्री आदि के पौधे रोपित किए और कहा कि सभी लोग न केवल अपने आसपास के पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं बल्कि रोपित पौधों की देखभाल भी करें।
इस मौके पर अपर जिला जज अनुराग कुरील, विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक, रेनू मिश्रा, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे, त्वरित न्यायालय के सिविल जज सीडि सोनम गुप्ता, अतिरिक्त सिविल जज सीडि इला चैधरी, सिविल जज जू.डि. सैफाली यादव, ग्राम न्यायालय मानिकपुर की न्यायाधिकारी खुशबू चन्द्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी व वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव सचिन कुमार दीक्षित ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## होटल के पास में लगी आग में तत्परता से पाया काबू

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** उसरगांव हाइवे रोड किनारे आस्था दावा के सामने अग्निकांड की घटना हो गई। दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंचे कर्मचारियो को आग को तत्परता पूर्वक बुझा दिया। अग्निशमन अधिकारी एमपी वाजपेई ने बताया कि कालपी उसरगांव रोड में स्थिति आस्था दावा के निकट आग लगने की सूचना पर विभाग की टीम दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंच गई तथा आग पर नियंत्रण कर लिया। अग्निशमन विभाग के फायरमैन तथा कर्मचारियों विनोद नायक, फायरमैन रवि प्रकाश, वीरेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, चालक विनोद कुमार नायक, फायरमैन अमृतलाल, फायरमैन रवि प्रकाश शर्मा, फायरमैन शिवकुमार, फायरमैन गोविंद सिंह, फायरमैन रणधीर सिंह, फायरमैन मानवेंद्र सिंह आदि ने आग पर काबू पा लिया।

# जेल अधीक्षक ने किया जिला कारागार में पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कारागार में जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय ने बंदियों के साथ मिलकर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने बंदियों को पर्यावरण के प्रति महत्ता और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता के महत्व से अवगत कराया गया। वृक्षारोपण वायु प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और बढते संक्रामक रोगों को रोकने और मौसमी स्थिरता के लिए अत्यावश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा लगाया गया एक पेड वर्तमान ही नही बल्कि भविष्य की पीढी की भी सुरक्षा और आवश्यकताओं को पूरा करता है। अतः पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण के इस महायज्ञ में सभी को शामिल होने का आह्वाहन किया। इस मौके पर जेलर संतोष वर्मा, डिप्टी जेलर रजनीश सिंह, ब्रिज किशोरी, चिकित्साधिकारी रामानुजन मौर्या, विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

# पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती : डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**






विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रानीपुर टाईगर रिजर्व वन विभाग द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बेंनजामिना का वृक्ष रानीपुर भट्ट सीतापुर में लगाकर जनपद वासियों से अधिक संख्या में पौध लगाने की अपील किया।
जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी की जिम्मेदारी है की अधिक से अधिक पौधा लगाएं। जिसके लिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे और जो पौधे लगाए जाएं, उनकी उचित देखभाल भी करना होगा, तभी विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन सफल माना जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करना एवं उनकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पौधे जब बड़े होते हैं, तो फल, फूल एवं छाया सहित जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन भी देते हैं। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को अपने जीवन काल में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक नागरिक का है। पर्यावरण को बचाना हम सबकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। पौधे लगाकर हम अपने वर्तमान के साथ ही भविष्य को भी संरक्षित करते हैं। उन्होनें जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग प्रतिज्ञा करें कि इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौध लगाने के साथ ही उनकी उचित देख-भाल करेंगे। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी को सिंदूर का पौधा भेंट किया।
इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, प्रभागीय वनाधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह, एसडीओ फॉरेस्ट राजीव रंजन सिंह आदि मौजूद रहे।
इसी प्रकार रामनगर खण्ड विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्लाक परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भीषण गर्मी और लू का प्रकोप है। भविष्य में ऐसे हालातों से बचने के लिए सभी लोगों को पौधरोपण करना चाहिए।

# वृक्ष जीवन का आधार हैं : डॉ बी के जैन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



आज पूरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। वही परम पूज या संत रणछोड दास महाराज द्वारा स्थापित श्री सदुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट जानकीकुंड के प्रांगण में भी विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर श्री सदुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉक्टर बीके जैन, श्री सदगुरू शिक्षा समिति की अध्यक्षा मती ऊषा जैन एवं अमेरिका से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ प्रकाश डी शाह और उनकी धर्म पत्नी सोना शाह व सोना फाउंडेशन शिकागो अमेरिका एवं सदगुरू परिवार के सभी सदस्यों ने वृक्षारोपण किया। डॉ जैन ने विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाए और उसकी पूरी देख भाल कर तैयार करे क्यों कि वृक्ष जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रकृति संसाधनों के दोहन और मानव जीवन के लिए उनके गलत उपयोग से पर्यावरण दूषित हो रहा है। अतः दूषित पर्यावरण उन सभी घटकों को प्रभावित करता है, जो जीवन जीने के लिए आवश्यक है। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक रहना चाहिए। डॉ जैन ने पर्यावरण का अर्थ बताते हुए कहा कि संपूर्ण प्रकृति परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं इससे हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं हवा पानी मिट्टी पौधे जानवर आदि जंतु पर्यावरण के घटक परस्पर एक दूसरे के साथ जुडकर एक समग्र स्थिति तंत्र का निर्माण करते हैं इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास सफाई रखना चाहिए एवं प्रकृति का दोहन न खुद करें और न दूसरों को करने दे अगर कोई व्यक्ति ऐसा कर रहा है तो उसे रोकें और समझने का प्रयास करें।
इस मौके पर जानकीकुंड चिकित्सालय कि जनरल सर्जन डा पूनम आडवाणी, ए बी एस राजपूत, आर बी सिंह चैहान, देवेंद्र सचान, आर पी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंदाकिनी पुनर्जीवन पर हुआ संवाद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंदाकिनी पयस्वनी नदी पुनर्जीवन यात्रा के अवसर पर भरत घाट में नदी पुनर्जीवन संवाद सम्पन्न हुआ।
सामाजिक कार्यकर्ता अभिमन्यु भाई ने कहा कि चित्रकूट की मां मंदाकिनी नदी 70 प्रतिशत खत्म हो गई है केवल 30 प्रतिशत बची है। कामदगिरि पर्वत से निकली पयस्वनी तथा सरयू नदी मर चुकी है यदि चित्रकूट की नदियों को नही बचाया गया तो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों में सूखा ताप से यहां के जीवन को बचाना मुश्किल हो जाएगा। नदियों के मर जाने के बाद चित्रकूट के पवित्र तीर्थं का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा और आने वाली पीढी मां मंदाकिनी और पयस्वनी के दर्शन से वंचित ही नहीं आने वाली पीढी भूख और कुपोषण से ग्रस्त रहेगी। मंदाकिनी नदी से जिन समुदायों की आजीविका जुडी है जैसे पुरोहित, मल्लाह, सफाई कर्मी और महंतों को चाहिए कि वह जनता का सहयोग लेकर शासन और प्रशासन में यह दबाव बनाए कि चित्रकूट की नदियों का सीमांकन नदियों को अतिक्रमण से मुक्त कराना तथा नदी में पक्के निर्माण जैसे घाटों का निर्माण चेक डैम निर्माण मकान निर्माण रोकने के जोरदार पहल करें और अभियान चलाएं।
समाजसेवी अनिल शर्मा ने कहा कि सारी सभ्यताएं नदियों के किनारे ही जन्मी और पुष्पित और पल्लवित हुई है। उन्होंने कहा कि नदी नहीं रहेगा तो वह शहर और गांव उजाड हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हिंदू धर्म को हजारों वर्षों से दलित और ओबीसी महिलाएं अपने कंधों पर उठाए हुए हैं। इस तरह नदियों को जिंदा रखने का भार मल्ला हो और सफाई कर्मियों के ऊपर है। इसलिए उनका सबसे पहले वंदन और अभिनंदन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब वह उरई छोडकर के गांव में अपना आचरण आश्रम इसलिए बना रहे हैं। वह बाकी जीवन नदियों के पुनर्जीवन में खासतौर से मंदाकिनी पयस्वनी और अपने गांव की लोहार की गवई नदी को पुनर्जीवित करने के लिए और ऐसे देश में पांच पत्रकार बनने जो लोग लालच से दूर रहे और निष्पक्षता के साथ खबरें लिखें ऐसा मां ने मेरी आत्मा ने संकल्प लिया। इसे पूरा करने के लिए बाकी जीवन बिताऊंगा। सर्व सेवा संघ के समाजसेवी कुंवर अरविंद सिंह ने तरुण भारत संघ में और खजुराहों के राष्ट्रीय प्रशिक्षण सेवाओं में यह संकल्प लिया गया था कि आज 5 जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर देश की 51 विलुप्त होती हुई छोटी नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए जो काम करने का संकल्प किया गया था, उसे हम तन मन धन से पूरा करेंगे। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि नदियों की समझ में विकसित करनी होगी। वही हमारी सभ्यता और संस्कृत का आधार है। उन्होंने कहा कि नदिया अतिक्रमण मुक्त हो और उसमें निर्माण नहीं होना चाहिए।
नदियों में जो लोग आते हैं, प्रदूषण कर देते हैं तो नदी को स्वच्छ बनाने का काम होना चाहिए। नगर पालिकाओं और महानगरपालिकाओं को नदियों में सीवर नहीं डालने चाहिए। यही नाले नदी को प्रदूषित करते हैं। तरुण भारत संघ राजस्थान के समाजसेवी सुरेश रैकवार ने कहा कि चित्रकूट के सभी सामाजिक संगठनों और विभिन्न समाज में काम करने वाले संगठनों को मिलकर नदी मंदाकिनी सहित तमाम नदियां जो विलुप्त हो रही है, उनके पुनर्जीवन के काम को श्रद्धा, मां और आत्मा के साथ करना चाहिए। इसी तरह नदी के दोनों तरफ पेड भी लगाए जाने चाहिए। बबलू निषाद ने कहा कि जिस तरह से मंदाकिनी और पत्नी नदी के उद्गम पर पक्के स्ट्रक्चर बना दिए गए हैं। वहां की घास और पक्के स्ट्रक्चर को हटाया जाना चाहिए ताकि मंदाकिनी के जल स्त्रोत से पानी आता रहे। दिनेश दीक्षित और नारायण तिवारी ने मंदाकिनी फैशनी तथा अन्य उससे मिलती-जुलती नदियों के दर्द को अपने गीत के माध्यम से बयां किया।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक

### गुणवत्ता पूर्ण अध्ययन अध्यापन की दृष्टि से आगामी शैक्षणिक सत्र की कार्य योजना पर विचार विमर्श



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक मंगलवार को कुलपति प्रो भरत मिश्रा की अध्यक्षता में रजत जयंती भवन में हुई। जिसमें गुणवत्ता पूर्ण अध्ययन अध्यापन की दृष्टि से आगामी शैक्षणिक सत्र की कार्य योजना पर विचार विमर्श हुआ।
कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने पूर्व में संपन्न परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम एवं आगामी परीक्षाओं की योजना की समीक्षा की। सत्र 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मानकों के अनुरूप संचालित पाठ्यक्रमों की विशेषताओं से नव अभ्यर्थियों को अवगत कराएं।
साथ ही परंपरागत बीए, बीएससी और बीकॉम और ऑनर्स रिसर्च पाठ्यक्रम में अंतर तथा अकादमिक करियर में इसके लाभा के बारे में जानकारी दी जाए। कुलसचिव डॉ ललित कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रिक्शे से गश खाकर गिरा अधेड़, चिकित्सकों ने किय मृत घोषित

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जालौन नगर के चुर्खी रोड पर रिक्शा से उतरते ही अधेड़ गश खाकर सड़क पर गिरकर अचेत हो गया। जिसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुठौंद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हदरूख निवासी राजकुमार (50) पुत्र गोपी किसी काम के चलते जालौन आए थे। वह देवनगर चौराहे से चुर्खी रोड पर रिक्शा से जा रहे थे। चुर्खी रोड पर रिक्शा से उतरकर अचानक से उन्हें चक्कर आ गया और वह वहीं गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें उठाया और डायल 112 को सूचना दी। एंबुलेंस से उन्हें जब तक अस्पताल पहुंचाया जाता, तब तक रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी दामोदर सिंह मौके पर पहुंच गए और उनकी पहचान कराकर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## पालिका ने छायादार, शोभादार वृक्ष लगाकर नागरिकों को किया जागरूक




**जन एक्सप्रेस । कालपी**

धरती को हरा भरा करने तथा पर्यावरण को संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के नेतृत्व में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। पेड़ पौधे लगाने के लिए नागरिकों को जागरूक किया गया।
नगर के यमुना पुल के समीप महारानी लक्ष्मीबाई पार्क में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए पालिका अध्यक्ष ने अरविंद यादव ने कहा कि वृक्षों के बगैर धरती सूनी है, वृक्षों के होने से हम सबको शुद्ध हवा मिलती है। वृक्षों की शुद्ध हवा से मानव शरीर के तमाम रोग नहीं पनप नहीं पाते हैं। उन्होंने नागरिकों से आवाहन किया कि प्रदूषण मुक्त करने के लिए सभी को अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों में वृक्ष लगाने के लिए आगे आना चाहिए। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने कहा कि वृक्षों को अपनी संतान की तरह संरक्षण प्रदान करने की जरूरत है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह, शिशुपाल सिंह यादव, सरफराज खान, इरफान मंसूरी आदि ने पार्क में छायादार तथा फलदार वृक्ष रोपित किये।

## लापता इकलौते पुत्र का बेतवा नदी में शव मिलने से परिजनों में कोहराम

**जन एक्सप्रेस । उरई**

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम ददरी से बीते लापता हुए किशोर का शव बुधवार को बेतवा नदी से बरामद कर लिया गया है।
आटा थाना क्षेत्र के ग्राम ददरी निवासी कौशल किशोर का 16 वर्षीय पुत्र अनुराग 10 कक्षा का छात्र था। जो मंगलवार की सुबह जानवर चराने के लिए घर से गया था। लेकिन शाम तक वापस नही आया, तो स्वजनों ने खोजबीन प्रारम्भ की और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद जब सुबह ग्रामीण नदी के किनारे पंहुचे, तो नदी के किनारे रखे कपड़ो की सूचना दिवंगत के पिता को दी। पिता कौशल किशोर ने कपड़ो की शिनाख्त करते हुए ग्रामीणों की मदद से किशोर को नदी में खोजना प्रारम्भ किया। इसके बाद दोपहर में उसका शव नदी में ही प्राप्त हुआ। जिससे कयास लगाया जा रहा है। कि वह नदी में नहाने के लिए आया होगा। जससे कयास लगाया जा रहा है। कि वह नदी में नहाने के लिए आया होगा। लेकिन गहराई का अंदाजा न होने के कारण डूब गया। जब उसकी मौत की खबर उसकी माँ और बहिन आरूषी को लगी तो उनका रो-रोकर बहुत बुरा हाल हो गया। इसके बाद सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी कार्यवाई पूरी की। संकट मोचन चौकी इंचार्ज अतुल राजपूत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

# कोंच वाली ट्रेन को इलाहाबाद दिल्ली तक पहुंचाना प्रथम प्राथमिकता : नारायण दास अहिरवार

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जो ट्रेन झांसी से कोच तक चलती है उस ट्रेन को कोच से इलाहाबाद व दिल्ली तक चलाई जाने का पूरा प्रयास करूंगा। उक्त बात नवनिर्वाचित सपा सांसद नारायण दास अहिरवार ने आज समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव 2024 चुनाव इंडिया गठबंधन के एक-एक कार्यकर्ता नारायण दास बनकर चुनाव लड़ा। उन्होंने गठबंधन के कार्यकर्ताओ और मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी ने सहयोग किया है। वे सभी के सहयोग के ऋणी हैं। उन्होंने कहा कि वे विश्वास भरोसा दिलाते हैं कि जिन मुद्दों को लेकर वे जनता के बीच गये और जनता ने उनका सहयोग किया और सासद बनाया। वे उनकी उम्मीदो पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि कोंच तक जाने वाली ट्रेन को इलाहाबाद और दिल्ली तक चलाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने बेरोजगारी पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारी लोकसभा क्षेत्र तथा बुंदेलखंड क्षेत्र में बहुत गरीबी है। लोग अपनी जीविका के लिए बाहर जाते हैं।जो बहुत बड़ी समस्या है उसको भी ठीक करने का प्रयास करेंगे। किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा बुंदेलखंड के किसानों की उपज के लिए ऐसे उपाय करेंगे जिससे बुंदेलखंड का किसान खुशहाल और समृद्धिशाली बनें। उन्होंने शिक्षा के बारे में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हमारे बुंदेलखंड के लोकसभा क्षेत्र को बच्चों को तैयारी हेतु बाहर जाना पड़ता है उनके लिए भी ऐसी कोई व्यवस्था करेंगे ताकि उन्हें उचित और अच्छी शिक्षा यहीं मिले। उन्होंने चिकित्सा के बारे में कहा कि लोकसभा क्षेत्र में चिकित्सा के बेहतर इंतजाम करने का प्रयास करूंगा ताकि लोकसभा क्षेत्र के मरीजों को बाहर न जाना पड़े। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर,पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय,पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा, पूर्व विधायक दयाशंकर वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस चौधरी श्याम सुंदर, राजीव नारायण मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बजरिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद यादव, चुर्खी जिला पंचायत सदस्य कृष्ण गोपाल यादव, आप जिला अध्यक्ष विनय चौरसिया, लाखन सिंह कुशवाहा, प्रदीप दीक्षित, ज्ञानू निरंजन, सहित सैकड़ों इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मौसम पूर्वानुमान

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना हैं। तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 43.4 (+2.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 30.6 (+3.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 59 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 29 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कानपुर के कपड़ा कारोबारी युवक की उन्नाव में हत्या





मृतक की फाइल फोटो






जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर/उन्नाव

शहर के थाना अनवरगंज क्षेत्र स्थित इफ्तिखारा बाद के बैंक ऑफ बड़ौदा वाली गली में निवास करने वाला एक कपड़ा कारोबारी युवक बीती चार जून को अपने घर से यह कह कर निकला कि वह दोस्त के साथ ढाबे में खाना खाने जा रहा है लेकिन वह वापस नहीं आया। पूरी रात्रि घर वालों ने रिश्तेदारों के संग मिलकर उसकी खोजबीन की तो उसका कहीं अता-पता नहीं चला मोबाइल फोन भी उसका स्विच ऑफ जा रहा था। परिजन जब थक हार गए तो रात्रि में अपने घर चले गए और यह तय हुआ कि सुबह युवक को ढूंढा जाएगा पुलिस में शिकायत की जाएगी
लेकिन जैसे ही सुबह हुई जनपद उन्नाव के थाना अजगैन पुलिस का जब फोन आया तो परिवार में हड़कंप मच गया क्योंकि युवक की किसी व्यक्ति द्वारा हत्या की जा चुकी थी और उसके शव को कुएं में डाला गया था।
बुधवार की सुबह जनपद उन्नाव के थाना अजगैन क्षेत्र स्थित ग्राम दरबारी खेड़ा क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल संदिग्ध परिस्थितियों में जिसके आसपास खून पड़ा हुआ था ग्रामीणों को दिखाई दी। संदिग्ध मोटरसाइकिल और उसके आसपास पड़े खून की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा अजगैन पुलिस को दी गई। मिली जानकारी के अनुसार जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो उसे मोटरसाइकिल से थोड़ी ही दूरी पर एक कुएं में एक अज्ञात युवक की लाश पड़ी हुई दिखाई दी। पुलिस ने लाश क्रेन से निकलवाई और मोटरसाइकिल के नंबर से जब आरटीओ ऑफिस से पता किया गया तो पता चला कि मोटरसाइकिल थाना अनवरगंज क्षेत्र स्थित रहने वाले युवक नदीम पुत्र नईम की है। आरटीओ में दर्ज मोबाइल नंबर पर जब संपर्क किया गया तो युवक के परिजनों से बात हुई, पुलिस ने युवक के परिजनों को बताया कि आपके बेटे के साथ कोई हादसा हो गया है आप जल्दी आ जाएं। जब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां पर पहले से ही नदीम मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। शव देखते ही परिजनों ने वहां पर रोना पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने फोरेंसिक और डॉग स्क्वॉड के जरिए कातिल तक पहुंचने के लिए जांच भी शुरू कर दी है और अधिकारियों के निर्देश पर कई टीमें जल्द खुलासे के लिए लगा भी दी गईं हैं।

### कपड़ा कारोबारी था युवक घर से दोस्त के साथ निकला था

मृतक युवक के मामा ताहिर ने जानकारी देते हुए बताया कि नदीम की अपनी कपड़े कानपुर कटपीस हाउस के नाम से थाना कर्नेलगंज कास्तताना रोड पर दुकान थी। सात साल पहले शादी हुई थी लेकीन बच्चे नहीं थे। 4 जून की रात्रि को अपने एक दोस्त के साथ निकाला था। काफी देर तक परिजनों की उससे मोबाइल फोन पर बात भी होती रही। लेकिन देर रात्रि फोन स्विच ऑफ हो गया तो घर वाले घबरा गए क्योंकि नदीम वापस नहीं आया था। मामा ताहिर को नदीम की मां ने फोन करके सारी जानकारी दी तो सभी लोग मिलकर उसे ढूंढने लगे लेकिन रात को नदीम कहीं नहीं मिला। और सुबह सूचना आई की उसकी गाड़ी जनपद उन्नाव के ग्राम दरबारी खेड़ा में मिली है, जहां से थोड़ी ही दूरी पर उसका कुएं में शव पड़ा हुआ था।

### दोस्त के नंबर से पुलिस पहुंचेगी हत्यारे तक

नदीम के हत्यारे तक पहुंचने के लिए पुलिस को उसके मोबाइल से उस दोस्त का नंबर खंगालना होगा जो लगातार उसे फोन करके ढाबे पर खाना खाने चलने के लिए बुला रहा था।

> " थाना अजगैन पुलिस को ग्रामीणों से सूचना मिली कि ग्राम दरबारी खेड़ा के पास एक अज्ञात मोटरसाइकिल खड़ी है उसके आसपास खून भी पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोटरसाइकिल के नंबर से पता किया तो निकाल कर सामने आया की मोटरसाइकिल नदीम पुत्र नईम की है और वह थाना अनवरगंज क्षेत्र का रहने वाला है। परिजनों को सूचित कर बुलवाया गया था। नदीम का शव कुएं में से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी की गिरफ्तारी और खुलासे के लिए टीमें लगा दी गई हैं।
>
> **प्रेम चंद**
> **एडिशनल एसपी उन्नाव**




# सी एस ए में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर मे विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में वानिकी महाविद्यालय एवं सीफोर वर्ल्ड एग्रो फॉरेस्ट्री एशिया कॉन्टिनेंटल प्रोग्राम इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में हमारी भूमि, हमारा भविष्य हम पीढ़ी बहाली हैं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि परिदृश्य खेती के तौर तरीके तथा उत्पादन एवं उत्पादकता पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण फसल चक्र में भी बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम भूमि पुनर्स्थापना मरुस्थलीकरण और सूखे पर है जो बहुत ही प्रासंगिक तथा अर्थपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग अधिक है जो पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बहुत खतरनाक है इसके लिए प्लास्टिक उपयोग में कमी लाने के साथ रीसाइकलिंग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्लास्टिक को कम से कम उपयोग में लाने के लिए आवाहन किया। इस अवसर पर वर्ल्ड एग्रोफोरेस्ट्री सेंटर के डॉ.एस के ध्यानी द्वारा विश्व पर्यावरण एवं कृषि वानिकी के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न परियोजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर जलवायु परिवर्तन रोकने पर बल दिया। इस अवसर पर डी एफ ओ, आईएफएस श्रद्धा यादव ने वन विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी वहीं डॉ.एसपी सिंह आईआईएफएम भोपाल ने भी छात्राओं एवं उपस्थित जनों को संबोधित किया। इस अवसर पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।
अंत में सभी अतिथियों को धन्यवाद डॉ.सर्वेश कुमार द्वारा किया गया इस अवसर पर डॉ.सी.एल. मौर्य, डॉ.पी.के. उपाध्याय, डॉ.पीके सिंह एवं डॉ.कौशल कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं वैज्ञानिक तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# विवाहिता को ब्लैकमेल करने वाले तीन शातिर युवकों को दबोचा




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

थाना रावतपुर पुलिस ने तीन शातिर युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए तीनों युवकों के द्वारा एक विवाहिता से उसके निजी फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जा रहा था। और वायरल ना करने की आवाज में उससे 50000 की डिमांड की जा रही थी।
रावतपुर कोतवाल और उनकी पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।
कानपुर पुलिस द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि एक विवाहिता ने लिखित तहरीर देकर बताया कि गया कि एक अज्ञात मो0न0 से उनके मोबाइल पर अपने पति के साथ बिताये हुए व्यक्तिगत निजी वीडियो एवं फोटो को उनके व्हाटसएप पर भेजा गया तथा वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई एवं 50 हजार रूपये की मांग करने के मैसेज किया गया।

### मोबाइल बनाने के दौरान निकाल ली जानकारी

पीड़ित विवाहिता ने बताया कि वह अपने भाई की शादी में अप्रैल 2024 में झींझक कानपुर देहात गयी थी उस दौरान मोबाइल खराब हो जाने पर बनने को दिया गया था वहाँ अभियुक्त गण द्वारा कुछ रेन्डम पासवर्ड डालकर मोबाइल में व्यक्तिगत निजी फोटो को ले लिया गया था जिस पर थाना रावतपुर पुलिस एवं सर्विलांस प्रभारी पश्चिमी के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकाश में आये अभियुक्तगणो को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है जिनका नाम प्रिन्स यादव उर्फ छैलू पुत्र राजेन्द्र सिंह यादव निवासी ओमनगर वार्ड नं0 08 झींझक थाना मंगलपुर कानपुर देहात उम्र करीब 18 वर्ष, नैतिक अवस्थी उर्फ राहिल पुत्र पवन अवस्थी निवासी ओम नगर वार्ड नं0 08 झींझक थाना मंगलपुर कानपुर देहात उम्र करीब 18 वर्ष, मयंक शर्मा उर्फ टोलू पुत्र मनोज शर्मा निवासी वार्ड नं0 14 अम्बेडकरनगर झींझक थाना मंगलपुर कानपुर देहात उम्र करीब 18 वर्ष है।

# विश्वविद्यालय में योगोत्सव पखवाड़े का आयोजन

जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा




अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा योगोत्सव पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो.विनय कुमार पाठक, मुख्य वक्ता संकाय सदस्य, आर्ट आफ लिविंग करन अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य, डॉ.वन्दना पाठक, प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी एवं कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने कहा कि दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अन्तर्गत योग पखवाड़े में सभी संस्थाओं का विभिन्न रूपों में सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि योग के अभ्यास को हमें योग पखवाड़े अथवा योग दिवस पर ही नहीं करना चाहिये बल्कि इसे नियमित तौर पर अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिये।
विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि योग के अभ्यास एवं योगिक जीवन शैली निश्चित ही हमारे स्वास्थ्य के सभी आयामों को प्रभावित कर सकारात्मक दिशा में उन्मुख करते है, परन्तु इसमें बड़े स्तर पर वैज्ञानिक अनुसंधान की आवश्यकता है।
विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ.प्रवीन कटियार ने कहा कि इस योग पखवाड़े में मुख्य रूप से रोग आधारित योग कार्यशालायें, 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर, महिला दिव्यांग योग, जल योग एवं 21 जून को विश्वविद्यालय परिसर सहित सभी संबद्ध महाविद्यालयों एवं एन.सी.सी. तथा एन.एस.एस. इकाईयों द्वारा चयनित गाँव/मलिन बस्तियों में सामान्य योगाभ्यास प्रोटोकाल का अभ्यास कराया जायेगा। रोग आधारित योग कार्यशाला का संयोजन डॉ.राम किशोर, सहायक आचार्य, योग, योग प्रशिक्षण शिविर एवं दिव्यांग योग का संयोजन योग प्रशिक्षक सोनाली धनवानी तथा जल योग का संयोजन निमिषा सिंह कुशवाहा द्वारा किया जायेगा।
कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य, डॉ.वन्दना पाठक कहा कि इस बार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम महिला सशक्तिकरण के लिये योग है। महिलायें समाज की धुरी है समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की प्रमुख भूमिका है जैसे परिवार निर्माण, समाज निर्माण आदि। इसके लिये उन्हें बहुमुखी प्रतिभा एवं उत्तम स्वास्थ्य आवश्यक है। योग की विभिन्न क्रियाओं के नियमित अभ्यास से महिलाओं में जहाँ एक ओर स्वास्थ्य के सभी आयाम विकसित होते है वही दूसरी ओर व्यक्तित्व में उत्तम समायोजन की योग्यता आती है। कार्यक्रम मे करन अरोड़ा ने कहा कि महिलायें वैदिक काल से ही सशक्त थी। हमारी संस्कृति में सीताराम, राधेश्याम, गिरिजाशंकर, लक्ष्मीनारायण आदि वाक्यों से महिलाओं की सशक्ति स्पष्ट होती है। योग का उद्देश्य प्रसन्न एवं सहज रहना है। प्रसन्नता से प्रसन्नता मुस्कुराने से मुस्कुराने की प्रतिक्रिया स्वतः उत्पन्न होती है।इस अवसर पर कुलपति ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं कार्यशाला के आयोजकों देवेश अवस्थी, आई.एम. रोहतगी, गोविन्द विहारी, वेद प्रकाश शर्मा, उषा शर्मा, पी.सी. अग्निहोत्री तथा डॉ.वन्दना पाठक को निमिषा सिंह कुशवाहा ने स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।
धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राम किशोर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ.विशाल शर्मा, डॉ. श्रवण कुमार सिंह यादव, निमिषा सिंह कुशवाहा, सोनाली धनवानी एवं विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहें।

# किचन में मृत अवस्था में मरे पड़े मिले वृद्ध दंपत्ति



फाइल फोटो मृतक दंपत्ति

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

> अभी हाल ही मे थाना काकादेव क्षेत्र में बीते दिनों दो बुजुर्ग महिलाओं का शव किचन में पड़ा मिला था और कल थाना चमनगंज के श्रीनगर प्लाट नंबर पांच पर एक दंपति बुजुर्ग का शव किचन में पड़ा मिला है पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है

शहर के थाना चमनगंज इलाके में स्थित श्रीनगर प्लाट नंबर 5 में संदिग्ध परिस्थितियों में एक दंपति का शव किचन में पड़ा मिला।
घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम और पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौत के कारणों का पता लग रही है।
मिली जानकारी के अनुसार चमनगंज थाना इलाके के श्रीनगर प्लाट नंबर 5 के मकान में छैल बिहारी धानुक उम्र लगभग 75 वर्ष रेलवे रिटायर्ड और उनकी पत्नी निर्मला धानुक उम्र 70 बर्ष दोनों मकान में अकेले रहते थे। कल जब उनके घर का दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने छत के रास्ते से मकान में घुसकर दरवाजा तोड़ा तो देखा कि छैल बिहारी धानुक और उनकी पत्नी निर्मला का शव किचन में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था,
मौके पर पहुंचे डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि घटनास्थल पर मृतक के परिजनों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मृतक छैल बिहारी धानुक पत्नी निर्मला धानुक बीपी शुगर की बीमारी से पीड़ित थे संतान न होने की वजह से घर पर अकेले रहते हैं पूर्व में बायलर का काम करते थे
उनके घर का दरवाजा नहीं खुला तो अगल-बगल वालों ने सूचना दी जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर फॉरेंसिक टीम को बुलाया और शव का परीक्षण कर रही है घर के अंदर किसी प्रकार की कोई अवस्था ऐसे नहीं लग रही है की घटना की बात साबित हो शव का पोस्टमार्टम कर मामले की जांच की जा रही है।
अब पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# कानपुर नगर निगम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने नगर आयुक्त से की मुलाकात



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कानपुर नगर निगम कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को नगर आयुक्त शिवशरप्पा जी. एन. से मुलाकात की। जिसमें संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा नगर आयुक्त से कर्मचारी समस्याओं का समाधान व आदेश निर्गत किए जाने संबंधी बातचीत हुई जिस पर नगर आयुक्त ने कहा कि अपर नगर आयुक्त आवेश खान चुनाव ड्यूटी से वापस आ जाए, सुबह ही समस्याओं के समाधान का आदेश निर्गत कर दिया जाएगा।
संघ के महामंत्री रमाकांत मिश्रा ने बताया कि बातचीत के दौरान संघ के नेताओं ने कहा कि विगत 1 साल से कर्मचारियों की विभिन्न समस्यायें जैसे मृतक आश्रित की नियुक्ति, संविदा सफाई कर्मचारियों को महंगाई भत्ता दिए जाने, एसीपी भुगतान का हो, स्थाईकरण, मेडिकल भुगतान, आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी एवं चालको वेतन वृद्धि एवं समय से भुगतान, निलंबित कर्मचारियों की बहाली, अचयनित संविदा सफाई कर्मचारियों की वेतन वृद्धि, लिपिक टंकण परीक्षा का परिणाम घोषित न किया जाना आदि का समाधान नगर आयुक्त द्वारा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया की संघ द्वारा समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन धरना प्रदर्शन, घेराव, कार्यबंदी की बात कही गयी। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से अध्यक्ष देवीदिन भाऊ,महामंत्री रमाकांत मिश्रा, नीलू निगम रामगोपाल चौधरी उपाध्यक्ष, मुन्ना हजारिया राजू पवन संयुक्त मंत्री, रामगोपाल समुदें, राम सुंदर मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

### खनन माफिया अपने काम को धड़ल्ले से दे रहे अंजाम

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

साढ़ः सरकार द्वारा जहा खनन माफियाओं के खिलाफ शिकंजा कसते नजर आ रही वही दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों से साठ गांठ करके खनन माफिया अपने काम को धड़ल्ले से अंजाम दे रहे है। मामला साढ़ थाना क्षेत्र का है जहाँ पर रात होते ही खनन माफिया सक्रीय हो जाते है और साढ़ पुलिस समेत कई जिम्मेदार अधिकारी अपना हिस्सा लेकर मामले को नजर अंदाज कर देते है जिससे अवैध कमाई करने वालो के हौसले बुलंद हो जाते और वो पूरी दबंगई से अपने काम को अंजाम देने में सफल हो जाते है। आपको बताते चले कि अवैध प्लाटों की पुराई ज्यादातर साढ़ थाने के आस पास की जाती है लेकिन गुलाबी नोट को देख कर पुलिस मामले से नजर चुरा लेती है इस काम को खनन माफिया ज्यादातर रात के अंधेरे में अंजाम देते है लेकिन पुलिस हाथ पे हांथ धरे बैठी रहती और खनन माफिया रातों रात अपनी जेबो को फुल करने में लग जाते हैं।

# मोदी सरकार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दी शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों पर देश की समृद्ध लोकतांत्रिक विरासत युक्त भारतीय जनमानस को शुभकामनाएं प्रेषित करती है। देश का यह लोकसभा चुनाव विकास, समृद्धि, आत्मविश्वास से आगे बढ़ रही सोच के पक्ष में रहा तथा जाति, क्षेत्र, पंथ के आधार पर देश की जनता को बरगलाने की कोशिश करने वालों को जवाब मिला है।
इस आम चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की पूर्ण बहुमत से चुनी केन्द्र सरकार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शुभकामनाएं प्रेषित करती है। यह लोकसभा चुनाव भारतीय नागरिकों के लोकतांत्रिक स्वभाव तथा समझदारी को पूरे विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने वाला है। भारतीयता केन्द्रित विचारों के लिए समर्पित नेतृत्व की पुनः जीत से देश को सकारात्मक दिशा मिलेगी। 18वीं लोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को पूर्ण बहुमत प्राप्त होने से देश के स्थायी विकास को गति मिलेगी।
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अध्यक्ष डॉ.बृजेश मिश्र, प्रांत मंत्री कु. शिवराजे बुंदेला, प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी ने विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं की शुभकामनाओं को प्रेषित करते हुए, नई केन्द्र सरकार से देश की बेहतरी, समृद्धि तथा सशक्तिकरण की दिशा में शीघ्रता से प्रयास करने की आशा की है। प्रेस विज्ञप्ति प्रांत कार्यालय मंत्री हिमांशु तिवारी द्वारा जारी की गई है।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मदरसा जामे उल उलूम के ज़ेरे एहतमाम पौधरोपण किया गया

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शहर की प्रसिद्ध दीनी दर्सगाह मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर के ज़ेरे एहतमाम विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर फूलबाग़ स्थित बालभवन में पौधरोपण किया गया।
मदरसे के मोहतमिम मुहीउद्दीन खुसरो ताज ने बाल भवन के सचिव राजीव महाना, प्रबन्धक इंद्रेश त्रिपाठी और अन्य ज़िम्मेदारों के साथ पौधरोपण करते हुए कहा कि मज़हबे इस्लाम में पेड़-पौधों को बड़ा महत्व दिया गया है और पर्यावरण को प्रदूषण से पाक रखने के लिये पौधे लगाने पर ज़ोर दिया गया है।
आज 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हम यहां बाल भवन में पौधरोपण कर रहे हैं
और दुनिया भर में फैले हुए जामे उल उलूम से जुड़े हुए उलेमा ए किराम और सामाजिक शख्सियतों तक यह पैग़ाम पहुंचाना चाहते हैं
कि पर्यावरण को बेहतर बनाने में हम सब मिल कर अपना किरदार अदा करें,
यह वर्तमान की अहम ज़रूरतों में से एक है। इस अवसर पर मौलाना अज़हर मुनीर मज़ाहिरी, मौलाना हबीबुर्रहमान जामई, मौलाना हसीबुर्रहमान जामई, मौलाना नूर आलम जामई, हाफिज़ मुहम्मद अख़्लाक जामई के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# पैसों की लालच में वर्दीधारी करते हैं हरे पेड़ों का सौदा

## शिकायत के बाद भी अधिकारी कर रहे नजर अंदाज, हीट वेव से जनता परेशान, फिर भी हो रहा है कटान

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जहां एक तरफ सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करोड़ों का बजट देकर हरे पेड़ों को लगाने और संरक्षित करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। वहीं जनपद के थाना क्षेत्र बाजार शुक्ल पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से हरे पेड़ों पर आरा चलाया जा रहा है।प्रतिबंधित पेड़ों पर वन माफियाओं द्वारा खुलेआम आरा चलाने का मामला सामने आया है। लेकिन इस तरफ ध्यान देने वाला कोई नहीं है। खुलेआम दबंगई के बल पर थाना क्षेत्रों में हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। थाना क्षेत्र के किशनी, तेंदुआ, व्यौरेमऊ, बूबूपुर, पाली आदि दर्जनों गांव में में हरे पेड़ों की कटाई जोरों पर है। लकड़ी माफियाओं द्वारा प्रतिबंधित पेड़ों को भी कटवाने में कोई संकोच नहीं किया जा रहा है। नीम, आम, महुआ जैसे पेड़ों को खुलेआम कटवाने का काम किया जा रहा है। यह निश्चित है कि बिना स्थानीय पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की मिली भगत से इन प्रतिबंधित पेड़ों की कटान संभव नहीं है। इस तरह थाना क्षेत्र में धड़ल्ले के साथ हरे पेड़ों को काटा जा रहा है।जो कहीं न कहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मनसा पर पानी फेरने का काम किया जा रहा है। हरे पेड़ों को काटने में अब और आसानी हो चुकी है। आधुनिक मशीनों द्वारा एक पेड़ को पलक झपकते ही काटा जा रहा है। ट्रैक्टर पर हरे पेड़ों की लकड़ी खुलेआम बिना रोकटोक के माफियाओं के पास जा रही है। अगर हरे पेड़ों की कटान नहीं रुकती है, तो फिर ग्रीन इंडिया,



क्लीन इंडिया का सपना, सपना ही रह जाएगा। जहां जनता गर्मी से परेशान चल रही है। वहीं सरकार की तरफ से जिले के जिम्मेदार अधिकारी भी वृक्षारोपण करके नजर आ रहे हैं, जिससे की पर्यावरण को बचाया जा सके। लेकिन बन माफियाओं से पेड़ सुरक्षित रह पाना डीएम और डीएफओ के लिए चुनौती पूर्ण है। वृक्षों की कटान को लेकर रेंजर मुसाफिरखाना संजेश श्रीवास्तव ने कहा कि लकड़ी कटने की सूचना जहां से भी मिलती है,टीम को भेजकर तत्काल कार्रवाई की जाती है। कई जगहों पर सूचना मिलने के बाद सीलिंग के साथ जुमार्ना भी किया गया है। चूंकि क्षेत्र बड़ा है, संसाधन कम है, इस वजह से हर जगह नजर रखना संभव नहीं हो पाता है। लेकिन जैसे ही सूचना मिलती है, तत्काल कार्रवाई की जाती है।नाम न बताने की शर्त पर एक ठेकेदार ने बताया की अब देखना यह दिलचस्प हो जाता है, कि दो दिन बीत जाने के बाद बन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा जुर्माना की बात कही गई है।लेकिन बन कर्मियों द्वारा इसमें भी खेल किया जाता रहा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के एनटीपीसी टांडा में विगत वर्षो की भाति इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस 'भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता' की थीम पर विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। प्रातः परियोजना के कार्यकारी निदेशक ए के चट्टोपाध्याय, सभी महाप्रबंधकगण, सभी विभागाध्यक्षगण एवं कर्मचारीगण, गरिमा महिला मंडल की सदस्याओं एवं CISF के जवानों द्वारा आवासीय परिसर स्थित सरयू घाट पर पर्यावरण शपथ लेकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।
तत्पश्चात प्रभात फेरी के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता का सन्देश देते हुए राजकीय विद्युत परिषद इंटर कॉलेज में वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कर्मचारी विकास केंद्र में ग्राम प्रधानों को फलदार पौधो का वितरण किया गया। कार्यक्रम में टांडा परिवार के सदस्यों को सम्बोधित करते हुये चट्टोपाध्याय ने पर्यावरण के महत्व पर चर्चा करते हुये कहा कि पृथ्वी पर



मानव जीवन का अस्तित्व तभी तक सम्भव है जब तक हम अपने आसपास के प्राकृतिक संतुलन को बनाये रख पायेगें। मनुष्य और पेड़ पौधो के बीच जो नैसर्गिक सम्बन्ध है, उसका संतुलन कायम रखने का दायित्व मानव जाति के ऊपर है। उन्होंने कहा कि हमें पोलिथीन मुक्त कॉलोनी बनानी है। साथ ही रीड्यूज़, रिसाईकिल एवं रीयूज पर विशेष बल देते हुए उन्होंने बताया कि हमने हरे कचरे के उपयोग के लिए मशीन से पेलेट बनाने का काम करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत आयोजित कार्यशाला ''बालिका सशक्तीकरण मिशन'' की बालिकाओं ने पर्यावरण से सम्बंधित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण सप्ताह के दौरान पर्यावरण संरक्षण विषय पर कर्मचारियों के लिए पर्यावरण प्रश्नोत्तरी, निबन्ध लेखन, आवासीय परिसर स्थित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयीं।

# पौधरोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र अमेठी द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।विकास खण्ड गौरीगंज में युवा मंडल अध्यक्ष अभय शर्मा द्वारा पैंगा गांव में,विकास खंड भादर के सोनारी में एक्स एन वाई राहुल कुमार ने,विकास खंड शाहगढ में एक्स एन वाई वी आकाश ने बहोरखा में भेंटुआ में युवा स्वयं सेवी लाल मनी ने मंडल सदस्यों के सहयोग से वृक्षारोपण किया।जिसमें अमरूद,कनेर,नीम, अशोक,जामुन सहित अन्य फलदार,छायादार,पौधों का रोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया गया।साथ ही सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।और निरन्तर पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने को लेकर प्रेरित भी किया गया।नेहरू युवा केन्द्र अमेठी की उपनिदेशक डा आराधना राज़, एवं शिक्षाविद् डॉ धनंजय सिंह,राघवेनंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष युवा परिषद्,एपीएस दिनेश मनी ओझा,युवा मंडल अध्यक्ष अभय कुमार आदि के द्वारा गमलों में तुलसी व पाम, चांदनी,एलोवीरा जैसे पौधों का रोपण कर प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई।इस वर्ष जिस तरह भीषण गर्मी से पुरा देश बेहाल रहा है।मानव जीवन के लिए आने वाला कल और भी पीड़ा दायक होगा।नेहरू युवा केन्द्र ने तय किया कि हमारे द्वारा इस वर्ष जो वृक्ष लगाए गए हैं,उनकी देखभाल समय-समय पर करते रहेंगे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ए0डी0आर सेन्टर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली व सेशन हाउस रायबरेली में तरुण सक्सेना, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली द्वारा पौधारोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा बताया गया कि मानव और प्रकृति का गहरा नाता है। जहां प्रकृति है, वहां जीवन है और जब इसी प्रकृति को क्षति पहुंचती है तो जीवन पर भी असर पड़ता है। प्रकृति मानव के स्वस्थ जीवन के लिए बहुत कुछ देती है। बदले में मानव पर्यावरण दूषित करता है और प्रकृति का दोहन करता है। जिससे समय के साथ पर्यावरण व प्रकृति नष्ट होती जा रही है। कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी पर्यावरण बन सकता है। इसे संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए 5 जून को हर साल पर्यावरण दिवस मनाते हैं। जीवनदायिनी धरती को रहने योग्य बनाने के लिए पेड़ पौधों के जीवन को बचाने और पर्यावरण प्रदूषण के कारकों को कम किया जा सकता है। बताया कि लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने, पर्यावरण संरक्षण करने व प्लास्टिक एवं पालीथीन का इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इस मौके समस्त न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हम तो प्रभु के सेवक जो चाहे सो करायें: राजेश महराज

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

भगवान राम की नगरी में आने वाले तमाम प्रभु श्रीराम और उनके सेवक हनुमान जी की कृपा से ही सारे कार्य पूर्ण होते है । हम कुछ नही करते सब कुछ हमसे हनुमान जी करा देते है । उक्त बाते श्री अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महराज ने जेष्ठ माह के द्वितीय मंगल को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। प्रसाद वितरण का दौरान उन्होंने कहा कि अयोध्या के कण कण में हनुमान जी सेवा के कार्य पूर्ण कराने में मदद करते है । अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट राजेश महाराज की अध्यक्षता में मुराव मंदिर के बगल टेढ़ी बाजार चौराहा पर विशाल भंडारे का आयोजन और प्रसाद वितरण किया गया प्रसाद वितरण के अवसर आये हुए सभी भक्तगणों का स्वागत व सम्मान किया गया । इस अवसर पर राजेश महराज अध्यक्ष श्री अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट , महंगू लाल पांडे,स्वामी कालिकानंद महराज, पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम दास पहलवान, कर्मराज पांडे , सूरज शर्मा , नवीन शर्मा , शुभम पांडे , ननकू महाराज , नंदलाल महाराज , गिरधारी लाल , भोलेनाथ , विशाल पांडे , निर्मल पांडे, सोमनाथ बघेल , रामबरन पांडे, सुरेंद्र जी , रविंदर यादव , विमलेंद्र श्रीवास्तव , बबलू भैया, कामेश शर्मा, आदर्शश्रीवास्तव, राजू यादव,विराट पांडे , सम्राट पांडे

# गांधी परिवार से मिले अमेठी सांसद केएल शर्मा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

दिल्ली में गांधी परिवार से मुलाकात के बाद अमेठी सांसद केएल शर्मा ने कहा कि राजनीति में बदला नहीं लिया जाता है। उन्होंने स्मृति ईरानी को लेकर भी बड़ी बात रही।
अमेठी से कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने 10 जनपथ पर गांधी परिवार के साथ मुलाकात की। केएल शर्मा ने कहा कि उनके लिए यह निर्वाचन क्षेत्र गांधी परिवार की अमानत की तरह है।
वह सुनिश्चित करेंगे कि अमानत में खयानत न हो। अमेठी सीट से शर्मा ने भाजपा नेता स्मृति ईरानी को 1.67 लाख से अधिक मतों के अंतर से हराकर एक बड़े नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी हार गए थे और स्मृति ईरानी जीती थीं। मीडिया से बातचीत में अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि राजनीति में बदला नहीं लिया जाता है। यह खेल भावना की तरह है। एक को जीतना होता है और दूसरे को हारना ही होता है। हम चीजों को बदला लेने के संदर्भ में नहीं देखते हैं। अमेठी से कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अपनी जीत को जनता की जीत करार दिया है। मीडिया से बातचीत में कहा कि हम भाजपा के घोषणा पत्र के वादों को लेकर जनता के बीच गए। हमने जनता को भाजपा के वादे जैसे दो करोड़ नौकरियां देंगे, किसानों की आय दोगुना कर देंगे की याद दिलाई और महंगाई व बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच गए। जनता ने हम पर भरोसा किया।
**भाजपा नेता स्मृति ईरानी के बयान कि जोश अब भी हाई है...।** इस पर किशोरी लाल ने कहा कि चुनाव में एक को जीतना था।

# पर्यावरण को संरक्षित करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व: रूबी सोनी

## पर्यावरण संरक्षण भविष्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

विश्व पर्यावरण दिवस एक वैश्विक आयोजन है, जिसमें प्रत्येक नागरिक का पर्यावरण के प्रति अपना अपना उत्तरदायित्व है। विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जारूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन को एक विशेष पर्व/उत्सव के रूप मे मानना चाहिए। हमें पर्यावरण के संरक्षण और संबर्धन में व्यक्तियों उद्यमियों और समुदायों द्वारा जगरूकता फैलाने का अवसर प्रदान करता है। संयुक्त राष्ट्र संघ का पर्यावरण सम्मेलन 5 जून 1972 को स्वीडन के स्टाकहोम में आयोजित किया गया था।
पर्यावरण का अर्थ है परि आवरण। वह सम्पूर्ण प्राकृतिक परिवेश जिसमें हम सब रहते है द्य और यह दिवस हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी हमारा एकमात्र आवास है यही हमें जीवन प्रदान करता है। इसका संरक्षण करना हम सभी का सामूहिक दायित्व होना चाहिए। वर्ष 2024 विश्व पर्यावरण समारोह का थीम भूमि बहाली, मरुस्थालीकरण और खाद्य सुरक्षा, सहनशीलता है।
भूमि क्षरण और मरुस्थलीकरण खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता एवं जलवायु परिवर्तन को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक है। जनसाधारण का ध्यान इस मुद्दे पर आकर्षित करना तथा विभिन्न समुदायों के बीच जागरूकता फैलाना आवश्यक है। विश्व पर्यावरण दिवस जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई जैव विविधता की हानि और जल की कमी जैसे पर्यावरण के मुद्दे पर विचार करना अति आवश्यक है। प्रकृति सभी ने हमें यह सब कुछ निशुल्क दिया है। प्रकृति रक्षा हमारी जिम्मेदारी है। जब तक सम्पूर्ण विश्व के लोग अपनी अपनी जिम्मेदारी प्रकृति के संरक्षण के प्रति नही समझेगे तब तक इस दिवस का सही महत्व नही होगा।

# पर्यावरण सरंक्षण के लिए आवष्यक है वृक्षारोपण: मुकेश रस्तोगी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर विभिन्न संगठनों द्वारा अमर शहीद पंडित चन्द्रशेखर आजाद पार्क में पीपल, पाकड़ के पौधे रोपित किये गये। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उ0प्र0 उद्योग व्यापार मण्डल के प्रांतीय संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि जिस प्रकार से विकास के नाम पर प्राकृतिक सम्पदा का दोहन किया जा रहा है, उससे प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। इस समस्या के हल के लिए पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया जाना अति आवश्यक है।
पूर्व डी0जी0सी0 ओ0पी0 यादव ने कहा कि पर्यावरण के विकृत रूप के



लिए देश की सरकारें जिम्मेदार हैं, वृक्षारोपण के नाम पर कागजी खाना पूर्ति की जाती है। जल-जंगल, जमीन-पहाड़-जीवों को समाप्त को किया जा रहा है। परिणाम स्वरूप इसका दश आम आदमी को सहना पड़ रहा है। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश चौधरी एवं संचालन समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह यादव ने किया। गोष्ठी को उमानाथ पाल एडवोकेट, उमेश यादव एडवोकेट, संदीप यादव एडवोकेट, किसान नेता राम शरन यादव, अनुज बरवारी, अमित कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, शिक्षाविद उमाशंकर चौधरी, अंकुर श्रीवास्तव आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

# ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या वट सावित्री व्रत की कथा: ऋषि सैनी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

सावित्री, राजा अश्वपति की पुत्री थी, जिसे राजा ने बहुत कठिन तपस्या करने के उपरांत देवी सावित्री की कृपा से प्राप्त किया था इसलिए राजा ने उसका नाम ÷सावित्री÷ रखा था। सावित्री बहुत गुणवान व रूपवान थी, लेकिन उसके अनुरूप योग्य वर न मिलने के कारण सावित्री के पिता दुःखी रहा करते थे। इसलिए उन्होंने अपनी कन्या को स्वयं अपना वर तलाशने के लिए भेज दिया और इस तलाश में एक दिन वन में सावित्री ने सत्यवान को देखा और उसके गुणों के कारण मन में ही उसे वर के रूप में वरण कर लिया। सत्यवान साल्व देश के राजा द्युमत्सेन के पुत्र थे, लेकिन उनका राज्य किसी ने छीन लिया था। अतः वे वन में कुटिया बनाकर निवास करते थे और काल के प्रभाव के कारण सत्यवान के माता-पिता अंधे हो गए थे। सत्यवान व सावित्री के विवाह से पूर्व ही नारद मुनि ने यह सत्य सावित्री को बता दिया था कि सत्यवान अल्पायु है, अतः वह उससे विवाह न करे। यह जानते हुए भी सावित्री ने उसी से विवाह करने का निश्चय किया और देवर्षि नारद से कहा- ***भारतीय नारी, जीवन में मात्र एक बार पति का वरण करती है, बारंबार नहीं। अतः मैंने एक बार ही सत्यवान का वरण किया है और यदि उसके लिए मुझे मृत्यु से भी लड़ना पड़े तो मैं यह करने को तैयार हूँ।*** उसकी मृत्यु का समय निकट आने पर मृत्यु से तीन दिन पूर्व ही सावित्री ने अन्न-जल का त्याग कर दिया। मृत्यु वाले दिन जंगल में जब



सत्यवान लकड़ी काटने के लिए गया तो सावित्री भी उसके साथ गई और जब मृत्यु का समय निकट आ गया तथा सत्यवान के प्राण हरने के लिए यमराज आए तो सावित्री भी उनके साथ चलने लगी। यमराज के बहुत समझाने पर भी वह वापस लौटने को तैयार नहीं हुई। तब ने उससे यमराज सत्यवान के जीवन को छोड़कर अन्य कोई भी वर माँगने को कहा। उस स्थिति में सावित्री ने अपने अंधे सास-ससुर की नेत्र ज्योति और ससुर का खोया हुआ राज्य माँग लिया, किंतु वापस लौटना स्वीकार न किया। उसकी अटल पतिभक्ति से प्रसन्न होकर यमराज ने जब पुनः उससे वर माँगने को कहा तो उसने सत्यवान के पुत्रों की माँ बनने का बुद्धिमत्तापूर्ण वर माँगा। यमराज के तथास्तु कहते ही मृत्युपाश से मुक्त होकर वटवृक्ष के नीचे पड़ा हुआ सत्यवान का मृत शरीर जीवित हो उठा। तब से अखंड सौभाग्य प्राप्ति के लिए इस व्रत की परंपरा आरंभ हो गई और इस व्रत में वटवृक्ष व यमदेव की पूजा का भी विधान बन गया। महर्षि श्री अरविंद ने भी इस कथा को मध्य में रखते हुए सावित्री महाकाव्य की रचना की है, जिसमें उन्होंने सावित्री की कथा को आध्यात्मिक जीवन की यात्रा व उसकी अनुभूतियों के रूप में पिरोया है। उसे सावित्री-साधना का आध्यात्मिक ग्रंथ भी कह सकते हैं। शास्त्रों के अनुसार पीपल वृक्ष के समान वट यानी बरगद का वृक्ष भी विशेष महत्व रखता है। पुराणों के अनुसार वट वृक्ष के मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु व अग्रभाग में शिव का वास माना गया है।

## जरूरत मन्द की सेवा ही हमारी संस्था का लक्ष्य: बसंत राम

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या धाम।** मां शांति सेवा फाउंडेशन ने द्वितीय बड़े मंगल के अवसर पर पूरा बाजार गांव में संरक्षक बसंत राम अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी एवं ग्राम प्रधान इंद्र कुमार के नेतृत्व में कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव एवं संयोजक विनय प्रकाश मौर्य द्वारा गांव के लोगों में गर्मी को देखते हुए विभिन्न प्रकार के दवाइयां वितरित किया गया। संरक्षक बसंत राम ने बताया कि संस्था सेवा के प्रति कटिबद्ध है और जरूरत मन्द की सेवा ही हमारी संस्था का लक्ष्य। विभिन्न बीमारियों की औषधि डॉ अजय मोहन श्रीवास्तव (कमिश्नर रेडक्रॉस) द्वारा प्राप्त हुई थी। कैंप के माध्यम से संस्था सदस्य श्रीमती सुषमा गौतम के गांव पूरा बाजार में 100 से अधिक निर्धन असहाय जरूरतमंद लोगों को विभिन्न प्रकार की औषधि सभी सदस्यों ने निशुल्क वितरण किया। गांव के लोगों ने धन्यवाद देते हुए आशीर्वाद दिया। गांव के प्रधान इंद्र कुमार जी ने इस कार्य की सराहना करते हुए सभी सदस्यों को बधाई देते हुए धन्यवाद किया।

# आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिए पौधरोपण जरूर करें कुलपति

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल सहित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने कौटिल्य प्रशासनिक भवन के समीप फाइकस पौधा रोपित किया। कुलपति ने बताया कि हमारी धरती सुन्दर बनी रहे इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष जरूर रोपित करना चाहिए। पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए वृक्ष की सुरक्षा के साथ उसके पोषण की जिम्मेदारी भी लेनी होगी। इसके लिए सभी को संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य का अस्तित्व पर्यावरण के बिना संभव नही है। पांच तत्व पर्यावरण से ही संभव है।



इसे प्रदूषित होने से बचाना होगा। आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने एवं उसके उज्वल भविष्य के लिए एक वृक्ष लगाकर उसकी सुरक्षा की शपथ लेनी होगी। पौधारोपण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, मुख्य नियंता प्रो0 एसएस मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, उप कुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, डॉ0 रंजन सिंह, इंजीनियर आशीष पटेल, शैलेश मिश्रा सहित अन्य ने पौधारोपण किया।

# अयोध्या से आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के 29 छात्र एनईईटी यूजी 2024 में शीर्ष स्कोरर बने

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अयोध्या से अपने 29 छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धि की घोषणा की, जिन्होंने प्रतिष्ठित एनईईटी यूजी 2024 परीक्षा में 600 और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग का प्रमाण है। परिणाम राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा घोषित किए गए। 700 अंक प्राप्त करने वाले उल्लेखनीय छात्र हैं आयुष्मान चौरसिया जिन्होंने 700 अंक प्राप्त करके ए आई आर 1,774 प्राप्त किया तथा युवराज सिंह ने 700 अंक प्राप्त करके ए आई आर 1,947 प्राप्त किया। छात्रों ने एनईईटी की तैयारी के लिए एईएसएल के कक्षा कार्यक्रम में दाखिला लिया, जिसे व्यापक रूप से विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है। वे अपनी उल्लेखनीय सफलता का श्रेय अवधारणाओं की अपनी गहन समझ और अनुशासित अध्ययन कार्यक्रम के सख्त पालन को देते हैं। ÷हम आभारी हैं कि आकाश ने दोनों में हमारी मदद की है। लेकिन एईएसएल की सामग्री और कोचिंग के बिना, हम कम समय में विभिन्न विषयों में कई



अवधारणाओं को नहीं समझ पाते,÷ छात्रों ने कहा। छात्रों को इस असाधारण उपलब्धि पर बधाई देते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एच.आर. राव ने कहा, ÷हम छात्रों को उनकी अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। देश भर से 20 लाख से अधिक छात्र एनईईटी 2024 के लिए उपस्थित हुए। उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ-साथ उनके माता-पिता के समर्थन को दर्शाती है। हम अपने छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।एनईईटी का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा प्रतिवर्ष उन छात्रों के लिए योग्यता परीक्षा के रूप में किया जाता है जो भारत में सरकारी और निजी संस्थानों में स्नातक चिकित्सा (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा (बीडीएस) और आयुष (बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएचएमएस, आदि)पाठ्यक्रम करना चाहते हैं और साथ ही, विदेश में प्राथमिक चिकित्सा योग्यता प्राप्त करने का इरादा रखने वाले छात्रों के लिए भी।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 42°C | 31°C |
| कानपुर | 42°C | 31°C |
| देहरादून | 37°C | 24°C |
| नई दिल्ली | 42°C | 31°C |

# राशन की कालाबाजारी में योगी सरकार का एक्शन जिलापूर्ति अधिकारी समेत कई अधिकारी निलंबित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



यूपी के बुलन्दशहर में भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से राशन की कालाबाजारी और दुरुपयोग के मामले में प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले की जांच में दोषी पाए गए जनपद के विपणन निरीक्षक और ठेकेदार समेत कुल 7 लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है तो वहीं विपणन निरीक्षक, पूर्ति निरीक्षक तथा जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निलम्बित किया गया है तो शासन द्वारा जिलापूर्ति अधिकारी, बुलन्दशहर को भी निलम्बित कर दिया गया है। इसके साथ ही कई अन्य कर्मचारियों व अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई की गई है। खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि बुलन्दशहर में भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से राशन की कालाबाजारी की सूचना पर शिकायत की जांच जिलाधिकारी, बुलन्दशहर द्वारा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की गई। समिति की जांच में जनपद के सदर ब्लाक में सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी व दुरूपयोग पाया गया। हैण्डलिंग परिवहन ठेकेदार रविन्द्र सिंह, सुधीर कुमार, विपणन निरीक्षक बुलन्दशहर, अंकुर सिंह, शिवकुमार उर्फ शिब्बु लेबर मेट, वकील खां, पिंकी, पवन द्वारा सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी, दुर्विनियोजन एवं दुरूपयोग किए जाने के लिए इन सभी के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता, आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 एवं अन्य सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

### कई अधिकारियों पर गिरी गाज

उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए मुख्यालय से अपर आयुक्त (स्थापना) की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया था। समिति द्वारा मौके पर जाकर जांच की गई जिसमें पाया गया कि सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था सम्बन्धी शासनादेश तथा अन्य संबन्धित निर्देशों के सुसंगत प्राविधानों का क्रियान्वयन तथा पर्यवेक्षणीय दायित्वों का निर्वहन सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों, परिवहन ठेकेदार आदि द्वारा नहीं किया गया है। विपणन निरीक्षक सुधीर कुमार तथा पूर्ति निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव तथा जिला खाद्य विपणन अधिकारी जिया अहमद करीम को निलम्बित करते हुए विभागीय कार्रवाई की गई तथा शासन द्वारा सुनील सिंह, जिलापूर्ति अधिकारी, बुलन्दशहर को निलम्बित करते हुए विभागीय कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही डिपो प्रभारी/ब्लॉक प्रेषण प्रभारी शालिनी पचौरी (क्षेत्रीय विपणन अधिकारी), इन्द्रपाल सिंह, गौरव कुमार, विनोद कुमार दोहरे, मुकेश कुमार, राजीव शर्मा, मनोज कुमार (सभी विपणन निरीक्षक) के विरूद्ध खाद्यान्न प्रेषण कार्य में लापरवाही बरतने तथा अभिलेखों के समुचित रख-रखाव न करने के कारण विभागीय कार्रवाई की गई है। साथ ही परिवहन ठेकेदार फर्म मे. रविन्द्र सिंह को ब्लैकलिस्टेड करते हुए कार्य से विरत कर दिया गया है।

## जद यू और एनडीए की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने लोकसभा चुनाव 2024 में जनता दल यूनाइटेड एवं एनडीए की जीत पर अपार खुशी जताई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार तथा बिहार की जागरूक जनता को बधाई देते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके सरकार द्वारा बिहार में की गई जनकल्याणकारी योजनाएं, जिसमें महिला सशक्तिकरण , सरकारी नौकरी में महिलाओं को आरक्षण,नौजवानों को रोजगार, पूर्ण शराब बन्दी,जातिगत गणना, गरीबों को मदद, किसानों को सहायता जैसे प्रमुख कार्यों से सफलता मिली है। हम लोग अपने नेता के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में भी पार्टी संगठन को मजबूत और सक्रिय करेंगे। उन्होंने कहा है कि हमारी पार्टी और हमारे नेता एनडीए के घटक दल के रूप में चुनाव लड़ें हैं और केन्द्र में एनडीए के साथ ही रहेंगे और केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेगे।बधाई देने वालों में पार्टी के प्रदेश सह संयोजक अवधेश सिंह, प्रदेश सह संयोजक खुशनवाज अंसारी, सुरेश बहादुर वर्मा,श्रृषि पाल गंगवार,अतीक अल्वी सहित सैकड़ों लोग रहे।

## एस.एच.ओ ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पेड़ लगाकर प्रकृति को बढ़ाने का दिया संदेश



जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बीकेटी थाना परिसर व सीतापुर हाईवे रोड के बगल में पेड़ लगाकर पर्यावरण को बढ़ाने का संदेश दिया। आपको बता दें कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना परिसर बीकेटी में वृक्षारोपण किया गया जिसमें समस्त पुलिस कर्मचारियों व आम जन मानस को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण बढ़ाने के लिए पेड़ लगाने के लिए सभी को प्रेरित किया। सैरपुर थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ थाना परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बढ़ाने का संदेश दिया, उनके साथ आम जन मानस व पुलिसकर्मी मौजूद रहें। वही महिगवां थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवमंगल सिंह ने पेड़ लगाकर पर्यावरण को बढ़ाने का संदेश दिया। उनके साथ पुलिसकर्मी एवं आम जनता मौजूद रहीं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मुख्यमंत्री आज करेंगे आला अफसरों के साथ मीटिंग

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव से फुरसत मिलते ही सरकारी कामकाज को तेज करने के लिए कल आला अफसरों के साथ हाइलेबल मीटिंग करने वाले हैं। कल की मीटिंग बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दौरान लोकसभा चुनाव हर जिले हर क्षेत्र में गये हैं और वहाँ की स्थानीय समस्याओं से वाकिफ भी हुए हैं। कई जगहों पर उन्हें समस्याएं और शिकायतें मिली है। वे नए सिरे से ठीक करने के मूड में हैं ।यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल इसीलिए सभी आला अधिकारियों की बैठक बुलाई है ।सीएम योगी ने सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों को तलब किया है ।सभी अफसरों को तैयारी के साथ बुलाया है ।सीएम हर एक विभाग के काम की समीक्षा करेंगे। शासन के बड़े अफसरों को मुख्यमंत्री ने विभागीय कामकाज के ब्यौरे के साथ बुलाया है ।यूपी में चुनावी भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री को जनता से मिले डायरेक्ट फीडबैक के बाद कल सीएम अपने अफसरों को अलग अंदाज में बैठक करने वाले हैं। उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री कल मिली खामियों को दूर करने तथा योजनाओं को गति प्रदान करने के लिए दिशा निर्देश देंगे,वही जहाँ कमी मिली हैं, उनसे सम्बंधित अफसरों के पेंच भी कसे जा सकते हैं।

### सीईओ ने जताया मतदाताओं, कार्मिकों, सुरक्षा कर्मियों और मीडिया का आभार

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन से 18वें लोकसभा सामान्य निर्वाचन तथा विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के सफल और सकुशल समापन हुआ। उन्होंने सभी मतदाताओं, निर्वाचन से जुड़े समस्त कार्मिकों, सुरक्षा कर्मियों, चुनाव में भाग लेने वाले राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मतदाता जागरूकता एवं निर्वाचन से सम्बन्धित गतिविधियों को प्रदेश की जनता तक पहुंचाने के लिए सभी मीडिया संस्थानों एवं उनके प्रतिनिधियों का भी आभार व्यक्त किया है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान नई तकनीकों एवं नवाचारों का समावेश किया गया। वोटर हेल्प लाइन, सी-विजिल, वोटर टर्नआउट, सक्षम, सुविधा, केवाईसी जैसे मोबाइल एप का प्रयोग करके अनेक नवाचार भी किए गये। प्रत्येक मतदाता को अपना मत देने का अवसर मिले इसके लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष, और समावेशी चुनावी प्रक्रिया को बढ़ावा दिया गया। उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं का धन्यवाद किया और कहा कि मताधिकार का प्रयोग करके उन्होंने लोकतंत्र की इस परंपरा को समृद्ध एवं मजबूत किया है ।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्चको लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जोकि मतगणना 04 जून के साथ सम्पन्न हुई। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया गया। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन में पोस्टर, बैनर व अन्य प्रचार सामग्री हटायी गयी तथा प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया ।मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय मतदाताओं के प्रति बहुत आभारी हैं, जिन्होंने प्रचंड गर्मी में भी कतारों में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदाताओं ने साबित कर दिया कि असली विजेता वास्तव में मतदाता ही है। उन्होंने भीषण गर्मी व लू जैसी चुनौतियों में भी निर्वाचन के दायित्वों का पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से पालन करने वाले मतदान और मतगणना कार्मिकों का भी आभार व्यक्त किया है।

### आईटीआई लखनऊ में कैम्पस ड्राइव का आयोज कल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया है कि आगामी 07 जून को संस्थान में टाटा मोटर्स लिमिटेड, लखनऊ के सहयोग से एक विशेष कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। एमए खाँ, ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर के अनुसार, इस कैम्पस ड्राइव में अप्रेन्टिसशिप और अस्थाई कामगार के पदों के लिए सीधे चयन किया जाएगा। इसमें विभिन्न तकनीकी व्यवसायों के लिए इण्टरमीडिएट अथवा अस्थाई कामगार के पद हेतु शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल के साथ सम्बन्धित आईटीआई के व्यवसाय के साथ ही 1 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को रुपये 12,945 से 13,915 प्रतिमाह का वेतन, साथ ही कैन्टीन, ट्रांसपोर्ट, पीएफ., ईएसआईसी और अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। आयु सीमा 18 से 32 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी 07 जून को प्रातः 09 बजे अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। 1000 पदों पर चयन किया जाएगा। महिला और पुरुष दोनों अभ्यर्थी इस मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद जरूरी पौधारोपण

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** डाक विभाग ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया ।डाक विभाग के तत्वावधान में वाराणसी में %विश्व पर्यावरण दिवस% पर वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मकबूल आलम रोड स्थित पोस्टल कॉलोनी में वृक्षारोपण करते हुए पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरुरत है, आने वाली पीढ़ी को जीवित रहने के लिए शुद्ध आक्सीजन मिले इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं व परिवार के सदस्य की भांति उसकी देखभाल भी करेंद्ध वैश्विक स्तर पर निरंतर बढ़ रहे तापमान को भी हम इन्ही पेड़-पौधों के जरिये नियंत्रित कर सकते हैं द्ध इस अवसर पर डाककर्मियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया गयाद्ध पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने एवं प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए प्रेरित किया द्ध सिर्फ दिवस विशेष पर वृक्षारोपण से बात नहीं बनेगी बल्कि हमें हर दिन पर्यावरण दिवस की तरह जागरूक रहना होगा।

# लखनऊ में कब्र से निकाला लड़की का शव

## 1 महीने पहले पिता ने घर में दफनाया, बेटों से कहा था, किसी से बताया तो मार दूंगा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के मोहनलालगंज में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने 14 साल की एक लड़की का शव बुधवार की शाम कब्र से निकाला। यह कार्रवाई मां की शिकायत पर की गई। मां का आरोप है कि पिता ने ही बेटी की हत्या के बाद शव को घर में दफनाया था। उसने दोनों बेटों को चुप रहने की धमकी भी दी थी। घटना एक महीने पहले सोहांवा गांव की है। मां का कहना है- जिस समय बेटी की हत्या हुई मैं मायके में थी। लौटी तो बेटी घर पर नहीं मिली। परिवार और पड़ोसियों से पूछताछ करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली, तो थाने पहुंची। पुलिस को जांच में पिता पर शक हुआ। पुलिस ने आरोपी पिता सजीवन को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ के बाद उसने बेटी को घर में ही दफनाने की बात कबूल कर ली। सजीवन ने बताया-बेटी फोन पर किसी से बात कर रही थी, उसे डांटा तो उसने सुसाइड कर लिया। इससे घबरा गया और घर में ही दफन कर दिया। बदबू नहीं आए इसलिए अगरबत्ती जलाकर कब्र के पास सोता था।

### बेटे बोले, पिता ने चाकू दिखाकर डराया था

लड़की के दोनों भाइयों ने पुलिस को बताया, घर में बहन की लाश होने की जानकारी हमें थी। लेकिन पिता ने चाकू दिखाकर धमकी दी थी कि अगर किसी को इस बारे में बताया तो जान से मार दूंगा। इससे हम डर गए थे। बहन की मौत के बाद हम लोग दिनभर टीवी देखते रहे। अंधेरा होने पर पिता ने शव को दफना दिया और कब्र में 4 पैकेट नमक डाला।

### क्रब पर पुआल बिछाकर सोता था

आरोपी सजीवन के दोनों बेटों ने बताया, बहन की मौत के बाद पिता क्रब पर पुआल बिछाकर वहीं सोता था। अगल-बगल के लोगों को पता ना चले इसलिए क्रब को पुआल के ढेर से ढक दिया था। बदबू नहीं आए इसलिए अगरबत्ती जलाते थे।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार

एडीसीपी वेस्ट विश्वजीत श्रीवास्तव की मौजूदगी में पुलिस गांव पहुंची। खुदाई कर शव को बाहर निकाला। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फॉरेंसिक टीम भी सैंपल लिया है। लड़की की मां का आरोप है कि उसके पति ने ही बेटी की हत्या कर तबेले में दफनाया। एडीसीपी वेस्ट ने बताया, नाबालिग की मौत मामले में परिवार वालों के साथ ही आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई है। पिता और मां का व्यवहार बेटी के साथ कैसा था इसके बारे में भी जानकारी ली है। सभी पॉइंट पर जांच की जा रहा है।

### परिवार में मारपीट करता था

पुलिस की पूछताछ में पत्नी ने बताया कि पति नशे का आदी है। परिवार में अक्सर मारपीट करता है। इसी वजह से मायके चली गई थी। पति ने बेटी को दफनाने की जानकारी नहीं दी। मायके से लौटी तो काफी खोजबीन की। पति से पूछा तो बताया कहीं चल गई है। पड़ोसियों को भी कुछ नहीं पता था। जब कोई जानकारी नहीं मिली तो गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# 10 लाख की चोरी का खुलासा

## पुलिस ने खंगाले 200 सीसीटीवी फुटेज, बंद मकान में चोरी करने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ की ठाकुरगंज पुलिस ने एक मकान में 10 लाख की चोरी करने वाले 4 शातिर चोरों को 24 घंटे में गिरफ्तार किया। आरोपी खाली मकान की रेकी करके चोरी की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस टीम ने आरोपियों को पकड़ने के लिए करीब 200 सीसीटीवी फुटेज खंगाले थे। डीसीपी डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने बताया, सोमवार को फरीदपुर ठाकुरगंज की कृष्णावती कॉलोनी के रहने वाले अब्दुल तौहीद ने शिकायत दर्ज कराई थी। तौहीद अपने किसी रिश्तेदार के घर गए थे। तभी घर के पीछे से अज्ञात चोर घर में घुसकर जेवरात और नकदी लेकर चले गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक टीम तैयार की।

### करीब 200 सीसीटीवी फुटेज खंगाले

पुलिस ने करीब 200 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और सर्विलांस टीम की मदद से 24 घंटे में 4 आरोपियों को फरीदपुर से पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान बालागंज के रहने वाला श्याम तिवारी (19), फरीदपुर के रहने वाले आशीष गौतम (19), इकबाल (19) और अनूप सैनी (26) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 10 लाख का सामान बरामद कर लिया है।

### गैंग का सरगना पहले भी जा चुका है जेल

इस गैंग का सरगना श्याम तिवारी है। जो ई-रिक्शा चलता है। श्याम तिवारी इसके पहले भी चेन स्नेचिंग के मामले में जेल जा चुका है। जेल से बाहर आने के बाद उसने अपना एक गैंग तैयार किया। इसके बाद चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगा।

### पहले रेकी करता फिर करता चोरी

श्याम मोहल्ले में घूम कर रेकी करता था। जिन घरों में ताले लगे होते हैं, उन्हें चिन्हित कर अपने साथियों के साथ चोरी की घटना को अंजाम देता। घर के अंदर श्याम तिवारी और इकबाल दाखिल होते हैं। आशीष और अनूप घर के बाहर लोगों पर नजर रखते हैं। चोरी का सामान ठिकाने लगाते हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 10 लाख का सामान बरामद कर लिया है। एसएचओ श्रीकांत राय ने बताया, चारों आरोपी पास के ही मोहल्ले के हैं। अपने घर के आसपास ही रेकी करके घटना को अंजाम दिया। गैंग में शामिल अनूप सैनी पूड़ी बेचने का काम करता है। आरोपी चोरी का पैसा पीने खाने में उड़ा देते थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पेड़ लगाकर प्रकृति कों बढ़ाने का दिया संदेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



विश्व पर्यावरण दिवस पर बीकेटी रेंज के? राजकीय हाई स्कूल बीबीपुर में वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारी ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बढ़ाने का संदेश दिया। बता दें कि इस अवसर पर नीलम रावत प्रधानाचार्या , अर्जुन सिंह वन दरोगा, मुबारक अली वन दरोगा, रोहित कुमार सिंह वनरक्षक सीताराम अवधेश कुमार माली एवं स्कूल के विद्यार्थी व वन विभाग के समस्त बीकेटी रेंज के कर्मचारी मौजूद रहें ।

# एक लाख रुपए लेने लखनऊ के कांग्रेस दफ्तर पहुंचीं महिलाएं

## गारंटी कार्ड दिखाकर बोलीं, पांच जून को आने को कहा था, रिसिद्ध भी मिली



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लोकसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट आने के दूसरे दिन बुधवार को मुस्लिम महिलाएं यूपी कांग्रेस पार्टी दफ्तर पहुंचीं। महिलाओं ने कांग्रेस का %गारंटी कार्ड% दिखाते हुए 1 लाख रुपए की मांग की। कई महिलाओं ने पहले से मिला हुए गारंटी कार्ड पर अपना नाम, पता और नंबर भरकर पार्टी दफ्तर में जमा भी किया। महिलाओं ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने पैसे देने का वादा किया था।यह भी कहा था कि 5 जून को पैसे लेने आ जाएं। अब इंडिया गठबंधन ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए हम गांरटी कार्ड जमा करने आए हैं। कांग्रेस दफ्तर पहुंचीं महिला जुबैदा ने कहा- कांग्रेस की सरकार बनने के लिए बड़ी नमाज पढ़ी हूं, दुआ मांगी हूं और भोलेनाथ के सामने हाथ जोड़कर पूजा किया है। अब तो सरकार बन जाएगी। लोगों ने बहुत नक्शेबाजी की है। वहीं तस्लीम ने कहा- कांग्रेस दफ्तर की तरफ से कुछ नहीं बताया गया है।

### सरकार बनी तो वादा पूरा करेंगे

कांग्रेस प्रवक्ता सीपी राय ने कहा कि कांग्रेस की 5 गारंटी लोगों तक पहुंच गई हैं। सरकार बनने पर जो वादे किए हैं वो पूरा करेंगे। महिलाओं का कांग्रेस पर भरोसा है। हमने जुलाई तक पैसे देने का वादा किया था। अगर सरकार बनेगी तो कांग्रेस ने जो कहा है वो पूरा करेगी।

### गारंटी कार्ड में मांगी गई है पूरी जानकारी

गारंटी कार्ड में नीचे के ओर नाम, उम्र, घर में मतदाताओं की संख्या, पता, मोबाइल नंबर जैसी जानकारी दर्ज करने के लिए खाली स्थान दिए गए हैं। साथ ही एक क्यूआर कोड भी दिया गया है।

### अब बताते हैं कांग्रेस का महिलाओं से क्या है वादा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नई दिल्ली में 3 अप्रैल को महालक्ष्मी योजना लागू करने की बात कही थी। वादा किया था इस योजना में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) श्रेणी से संबंधित परिवारों की मुखिया महिला के खाते में सीधे 8,500 रुपए प्रति माह जमा किए जाएंगे। यह योजना कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार की गृह लक्ष्मी गारंटी योजना के समान है, जिसमें गरीब परिवारों की महिलाओं को 2,000 रुपए का भुगतान किया जाता है।

### राहुल ने कहा था, खटाखट खटाखट पैसे आएंगे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान सभाओं में कहा कि भाजपा वाले 22 अरबपति बना रहे हैं। हम करोड़ों लखपति बनाएंगे। हर परिवार से एक महिला चुनी जाएगी। उन करोड़ों महिलाओं के खाते में एक लाख रुपए भेजे जाएंगे। यानी महीने 8500 रुपया खाते में खटाखट-खटाखट जाएगा।

### यूपी में इंडी गठबंधन को मिली हैं 43 सीट

बता दें, लोकसभा चुनाव में इडिया ब्लॉक को 234 सीटें मिली हैं। यूपी में इस गठबंधन को 43 सीटें मिली हैं। जिसमें सपा को 37 और कांग्रेस को 6 सीटें मिली हैं।

### सभी डॉक्यूमेंट लेकर आई थीं महिलाएं

मुस्लिम महिलाएं अपना-अपना पहचान-पत्र समेत अन्य डॉक्यूमेंट्स लेकर कांग्रेस दफ्तर पहुंची थीं। महिलाओं ने अपने हाथों में कांग्रेस का 'गारंटी कार्ड' भी लिया था। जिसमें एक लाख रुपए के वेतन के अलावा हर शिक्षित युवा को पक्की नौकरी देने का वादा किया गया है। उम्मे अलमा ने कहा- कांग्रेस अपना वादा पूरा करेगी और महिलाओं के खाते में पैसे आएंगे। एक मुस्लिम महिला ने कहा- ये अपने एरिया में मोटी-मोटी गड्डियां बांट रहे हैं और उन्हें कुछ नहीं दे रहे। एक महिला ने कहा कि वो छोटे बच्चे को घर में छोड़ कर आई हैं, वहीं एक मुस्लिम युवती ने कहा कि अगर पैसे नहीं मिलेंगे तो इन लोगों को स्पष्ट बोल देना चाहिए।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# लोकतंत्र की जीत : एनडीए की सरकार बनेगी, विपक्ष भी खुश

**भाजपा में आए कई दलबदलू नेताओं को जनता ने चुनाव में हरा दिया है। चुनाव से पहले एक दर्जन से ज्यादा कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए थे। इनमें से कुछ नेता ही चुनाव जीत पाए हैं। हरियाणा में भाजपा को पांच सीटों का नुकसान हुआ है। हरियाणा में सरकार में नेतृत्व परिवर्तन के कारण उपजी नाराजगी का भाजपा को भारी नुकसान हुआ है। 2019 में सभी दस सीटें जीतने वाली भाजपा हरियाणा में इस बार पांच सीट ही जीत पाई। इसी तरह राजस्थान में पिछले चुनाव में 25 सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार 14 सीट ही जीत पाई है।**

*एग्जिट पोल एक बार फिर धराशायी हो गए पर ईवीएम जीत गई। लोकसभा चुनाव में एनडीए के 300 सीटें पार न करने पर इंडी गठबंधन बहुत खुश है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एनडीए की सीटें बहुत कम होने पर खुश होकर कहा कि लोकतंत्र जीत गया। विपक्ष गठबंधन भी अपने दावे के मुताबिक 295 तक का आंकड़ा नहीं छू पाया। अगर देखा जाए तो विपक्षी गठबंधन भाजपा को अकेले मिली 242 सीटों तक मिलकर नहीं पहुंच पाया। दक्षिण में भी एनडीए सबसे बड़े गठबंधन के रूप में उभरा है। पिछले दो आम चुनाव में पूर्ण बहुत पाने वाली भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में करारा झटका लगा है। 370 पार का नारा देने वाली 242 तक ही रह गई। उत्तर प्रदेश में 2014 में 73 और 2019 में 64 सीटें जीतन वाला एनडीए इस बार केवल 36 पर सिमटता दिख रहा है। सपा और कांग्रेस 80 में से 18 सीटें जीत चुके हैं जबकि 26 सीटों पर निर्णायक बढ़त बनाए हुए हैं। मध्य प्रदेश, दिल्ली, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल, असम, जम्मू-कश्मीर में भाजपा ने अपनी जीत को बरकरार रखा। मध्य प्रदेश में भाजपा ने सभी 29 सीटों पर जीत हासिल की है। दिल्ली की सात, उत्तराखंड की पांच और हिमाचल की चार सीटों पर भी भाजपा ने लगातार तीसरी बार जीत हासिल की है। ओडिशा में भाजपा ने पहली बार 21 में से 19 सीटें जीती हैं। आंध्र प्रदेश और ओडिशा के विधानसभा चुनावों में भी एनडीए ने परचम फहराया है। ओडिशा विधानसभा की 147 सीटों में भाजपा 80 सीट जीत रही है। आंध्र प्रदेश में 16 लोकसभा सीटें जीतने के साथ तेलुगु देशम पार्टी विधानसभा में 130 से ज्यादा सीटें जीत रही है। अब इन दो राज्यों में एनडीए की सरकार होगी। बिहार ने भाजपा ने जदयू के साथ मिलकर विपक्ष के सभी दावों को धराशायी कर दिया है। विपक्ष इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत हार बता रहा है। दस वर्ष केंद्र में मजबूती से सरकार चलाने वाले मोदी के नेतृत्व में एनडीए तीसरी बार सरकार बनाने की तैयारी में हैं। देखा जाए तो दस वर्ष की सरकार के बाद तीसरी बार सरकार बनाने का मौका पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के बाद अब मोदी को मिलेगा। भारतीय राजनीति के इतिहास में मोदी की यह बड़ी जीत है, क्योंकि तीन दर्जन से ज्यादा विपक्षी दल मिलकर चुनाव लड़ने के बावजूद एनडीए को सत्ता से बाहर नहीं कर पाए। हां इतना जरूर है कि पिछले चुनाव में 55 सीटें जीतने वाली कांग्रेस इस बार 100 तक पहुंच गई है। भाजपा ने इस बार 112 सीटों पर दूसरों दलों से आए नेताओं को उम्मीदवार बनाया था। इस बार जनता ने दलबदलू नेताओं को नकार दिया है। भाजपा में आए कई दलबदलू नेताओं को जनता ने चुनाव में हरा दिया है। चुनाव से पहले एक दर्जन से ज्यादा कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए थे। इनमें से कुछ नेता ही चुनाव जीत पाए हैं। हरियाणा में भाजपा को पांच सीटों का नुकसान हुआ है। हरियाणा में सरकार में नेतृत्व परिवर्तन के कारण उपजी नाराजगी का भाजपा को भारी नुकसान हुआ है। 2019 में सभी दस सीटें जीतने वाली भाजपा हरियाणा में इस बार पांच सीट ही जीत पाई। इसी तरह राजस्थान में पिछले चुनाव में 25 सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार 14 सीट ही जीत पाई है। सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को उत्तर प्रदेश में हुआ है। इसकी एक बड़ी वजह भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी मानी जा रही है। एक कहा जा रहा है कि योगी सरकार के प्रशासन-पुलिस की भूमिका के कारण जनता में नाराजगी बढ़ रही थी। भाजपा नेताओं की जनता से दूरी बढ़ने के कारण इस बार लोकसभा सीटें बहुत कम हो गईं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिसके दुष्परिणाम स्वरूप ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें निरन्तर चेतावनियां देती रही है कि यदि हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है लेकिन हम हर बार प्रकृति का प्रचण्ड रूप देखने के बावजूद प्रकृति की इन चेतावनियों को नजरअंदाज कर खुद अपने विनाश को आमंत्रित कर रहे हैं।**

# चिंता का सबब बनता पर्यावरण का डगमगाता संतुलन



**योगेश कुमार गोयल**

**जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे शायद हम कुछ करना ही नहीं चाहते। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक' में बताया गया है कि पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के कारण दुनियाभर में लोग तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा।**

पर्यावरण प्रदूषण वर्तमान समय में सबसे बड़ी वैश्विक समस्या है। तीन दशकों से महसूस किया जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण से ही जुड़ी है। मानवीय क्रियाकलापों के कारण प्रकृति में लगातार बढ़ते दखल के कारण पृथ्वी पर बहुत से प्राकृतिक संसाधनों का विनाश हुआ है। आधुनिक जीवनशैली, पृथ्वी पर पेड़-पौधों की कमी, पर्यावरण प्रदूषण का विकराल रूप, मानव द्वारा प्रकृति का बेदर्दी से दोहन इत्यादि कारणों से मानव और प्रकृति के बीच असंतुलन की भयावह खाई उत्पन्न हो रही है। जलवायु परिवर्तन और प्रदूषित वातावरण के बढ़ते खतरे हम अब लगातार अनुभव कर रहे हैं। इसीलिए पर्यावरण की सुरक्षा तथा संरक्षण के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 5 जून को पूरी दुनिया में 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा 16 जून 1972 को स्टॉकहोम में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए यह दिवस मनाने की घोषणा की गई थी और पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1974 को मनाया गया था। पर्यावरण की रक्षा और प्रकृति के उचित दोहन को लेकर हालांकि यूरोप, अमेरिका तथा अफ्रीकी देशों में 1910 के दशक से ही समझौतों की शुरूआत हो गई थी किन्तु बीते कुछ दशकों में दुनिया के कई देशों ने इसे लेकर क्योटो प्रोटोकाल, मांट्रियल प्रोटोकाल, रियो सम्मलेन जैसे कई बहुराष्ट्रीय समझौते किए हैं। अधिकांश देशों की सरकारें पर्यावरण को लेकर चिंतित तो दिखती हैं लेकिन पर्यावरण की चिंता के बीच कुछ देश अपने हितों को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण की नीतियों में बदलाव करते रहे हैं। प्रदूषित वातावरण का खामियाजा केवल मनुष्यों को ही नहीं बल्कि धरती पर विद्यमान प्रत्येक प्राणी को भुगतना पड़ता है। बड़े पैमाने पर प्रकृति से खिलवाड़ के ही कारण दुनिया के विशालकाय जंगल हर साल सुलगने लगे हैं, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को खरबों रुपये का नुकसान होने के अलावा दुर्लभ जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियां भी भीषण आग में जलकर राख हो जाती हैं। कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान दुनियाभर में पर्यावरण की स्थिति में सुधार देखा गया था, जिसने बता दिया था कि अगर हम चाहें तो पर्यावरण की स्थिति में काफी हद तक सुधार किया जा सकता है लेकिन



**प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढ़ेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं?**

दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव में पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपेक्षित कदम नहीं उठाए जाते। न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में निरन्तर हो रही बढ़ोतरी और मौसम का लगातार बिगड़ता मिजाज गहन चिंता का विषय बना है। जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह स्पष्ट किया है कि धरती में रह-रहकर जो उथल-पुथल की प्राकृतिक घटनाएं घट रही हैं, उनके पीछे छिपे संकेतों और प्रकृति की मूक भाषा को समझना कितना जरूरी है। आधुनिकरण और औद्योगिकीकरण की दौड़ में हमने हर पल प्रकृति की नैतिक सीमाओं का उल्लंघन किया है और ये सब प्रकृति के साथ इंसान की ज्यादतियों का ही नतीजा हैं, जिसके भयावह परिणाम हमारे सामने हैं। मानवीय क्रियाकलापों के कारण ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है कि हमें सांस के जरिये असाध्य बीमारियों की सौगात मिल रही है। सीवरेज की गंदगी स्वच्छ जल स्रोतों में छोड़ने की बात हो या औद्योगिक इकाईयों का अम्लीय कचरा नदियों में बहाने की अथवा सड़कों पर रेंगती वाहनों की लंबी-लंबी कतारों से वायुमंडल में घुलते जहर की या फिर सख्त अदालती निर्देशों के बावजूद खेतों में जलती पराली से हवा में घुलते हजारों-लाखों टन धुएं की, हमारी आंखें तब तक नहीं खुलती, जब तक प्रकृति का बड़ा कहर हम पर नहीं टूट पड़ता। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया गया है। धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिसके दुष्परिणाम स्वरूप ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें निरन्तर चेतावनियां देती रही है कि यदि हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है लेकिन हम हर बार प्रकृति का प्रचण्ड रूप देखने के बावजूद प्रकृति की इन चेतावनियों को नजरअंदाज कर खुद अपने विनाश को आमंत्रित कर रहे हैं। यदि दुनियाभर में पर्यावरण प्रदूषण की विकराल होती वैश्विक समस्या को देखें तो स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे शायद हम कुछ करना ही नहीं चाहते। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक' में बताया गया है कि पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के कारण दुनियाभर में लोग तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है।

## एक्सप्रेस कविता

*कुछ दर्द की बातें गहरी हमसे सुन ले,*
*कुछ गुफ्तगू नर्गिस ए बीमार से कर ले।*
*नाविस्त है तेरे हुस्न सा बेहतरीन,*
*दिल की बातें अब आंखों से कर ले।*
*मेरी फना पर ना खिलखिलाना तुम,*
*मेरी मौत का इल्जाम न अपने सर ले।*



*आओ बैठे जो लम्हे*
*प्यार के पास पास,*
*जुदाई से पहले दिलों*
*के हिसाब कर ले। यू*
*ना दिखा नरगिसी*
*तेवर हमें, आज*
*अपने हुस्न को*
*बेनजीर कर ले।*

**संजीव ठाकुर**

## एक्सप्रेस ज्ञान

***यह साबित करने का एकमात्र तरीका है कि आप एक अच्छे खिलाड़ी हैं जीतने के लिए तैयार रहने की इच्छाशक्ति ही मायने रखती है***

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अमावस्या 18:07 तक |
| नक्षत्रः | रोहिणी 20:16 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | धृति, 24:35 |
| सूर्योदयः | 05:24 |
| सूर्यास्तः | 19:15 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 14:03-15:47 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:56-12:44 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



**- कृष्णेन्द्र राय**

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# भुने हुए अलसी के बीजों का पाउडर खाने से सेहत को मिलते हैं कई जबरदस्त फायदे

**अलसी** के बीज की एक सर्विंग प्रोटीन, फाइबर और ओमेगा-3 फैटी एसिड प्रदान करती है। यह कुछ कैंसर के खतरे को कम करने में मदद कर सकता है, आपको मध्यम वजन बनाए रखने में मदद कर सकता है और कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप को कम कर सकता है। इसके अलावा, अलसी के बीजों में कॉपर, मैग्नीशियम, विटामिन बी6 और जिंक जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। वैसे तो अक्सर लोग अलसी के बीजों को सीधे तौर पर खा लेते हैं। लेकिन आप चाहें तो अलसी के बीजों को भूनकर भी खा सकते हैं। रोजाना भुने हुए अलसी के बीजों का पाउडर खाने से सेहत को कई लाभ मिलते हैं।




**कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करेः** भुने हुए अलसी के बीजों का पाउडर खाने से सेहत को कई लाभ मिलते हैं। अगर आप नियमित रूप से अलसी की बीजों का पाउडर खाएंगे, तो इससे कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी नियंत्रण में रहता है। अगर आप हाई कोलेस्ट्रॉल रोगी हैं, तो अपनी डाइट में भुने हुएअलसी के बीजों का पाउडर जरूर शामिल करें।

**ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहेगाः** ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने के लिए भी आप अलसी के बीजों का पाउडर ले सकते हैं। अगर आप हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से जूझ रहे हैं, तो भुने हुए अलसी के बीजों के पाउडर का सेवन कर सकते हैं। अलसी के बीज हार्ट हेल्थ के लिए भी फायदेमंद होता है।

**पाचन के लिए फायदेमंदः** अलसी के बीजों में फाइबर अधिक मात्रा में पाया जाता है। अगर आपको पाचन से जुड़ी कोई समस्या है, तो आप भुने हुए अलसी के बीजों के पाउडर का सेवन कर सकते हैं। अलसी के बीजों में फाइबर होता है, जो गैस, कब्ज और अपच जैसी समस्याओं से छुटकारा दिलाता है। आप गुनगुने पानी के साथ भुने हुए अलसी के बीजों का पाउडर ले सकते हैं।

**डायबिटीज रोगियों के लिए लाभकारीः** डायबिटीज रोगियों को अपनी डाइट का खास ख्याल रखना जरूरी होता है। अगर आपका भी ब्लड शुगर लेवल हाई रहता है, तो आपको भुने हुए अलसी के बीजों का पाउडर जरूर लेना चाहिए। अलसी के बीजों का पाउडर ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखता है। इसमें घुलनशील फाइबर होता है, जो रक्त में शर्करा के अवशोषण को धीमा करता है। इससे रक्त शर्करा का स्तर कम होता है और डायबिटीज रोगियों को कई लक्षणों से भी राहत मिलती है।

**हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंदः** अलसी के बीजों में ओमेगा-3 फैटी एसिड की मात्रा अधिक होती है। अगर आप भुने हुए अलसी के बीजों का पाउडर लेंगे, तो इससे हार्ट हेल्थ बेहतर बनी रहेगी। यह हृदय रोग से जुड़े लक्षणों को कम करने में भी मदद करता है। अलसी के बीजों का पाउडर हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल रोगियों के लिए फायदेमंद होता है। हालांकि, अलसी के बीजों की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए आपको इसका सेवन अधिक मात्रा में करने से बचना चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष

# यूपी में भाजपा का जातीय समीकरण प्रबंधन हारा, योगी की गवर्नेंस नहीं



**रमा निवास तिवारी**

**भाजपा की भारी पराजय और समाजवादी पार्टी के उत्कर्ष की पटकथा के कारण कई हैं,यह कह देना कि मुख्यमंत्री योगी की सरकार के प्रति नाराजगी का संदेश है तो यह सही नही है। यूपी हमेशा से जातिवाद की प्रयोगशाला के तौर पर चुनावों में नजर आता है।**

**उत्तर प्रदेश हमेशा से मंडल और कमण्डल के जरिये जीता जाता रहा है, कमण्डल चला नही और मंडल का जादुई समीकरण समाज वादी पार्टी और कांग्रेस ने बखूबी अपने पक्ष में तैयार कर लिया था। कहने को तो कांग्रेस और सपा का गठबंधन था लेकिन जिस तरह से दलित मतदाता इंडिया गठबंधन की ओर आया यह कहा जा सकता है कि अप्रत्यक्ष रूप से यूपी में सपा कांग्रेस और बसपा का गठबंधन चुनाव लड़ रहा था।**

**लोकसभा** चुनाव के आये परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि इंडिया गठबंधन लोगों को अपनी बात समझाने में कामयाब रहा है। खासकर देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश ने तो इसी बात की स्वीकारोक्ति दी है। इक्जिट पोल के सारे अनुमानों को जिस तरह से वास्तविक परिणामों ने झुठलाया है, उसने इंडिया गठबंधन को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया है। चूंकि उत्तर प्रदेश देश का वह सबसे बड़ा सूबा है जो देश के सरकार की सूरत तय करता है, लिहाजा इन चुनावी नतीजों के आलोक में इस प्रदेश की चर्चा अहम हो जाती है। उत्तर प्रदेश ने सबको चौंकाया है। भाजपा इतनी बड़ी संख्या में यहां सीटें हारेगी इस बात का आंकलन तो भाजपा के धुर विरोधियों को भी नही था। मंगलवार को आये नतीजों ने भले ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गाँधी की झोली भर दी हो,लेकिन इतनी बड़ी जीत का अंदाजा यूपी में उन्हें भी अचंभित कर गया होगा। मोदी-योगी की करिश्माई जोड़ी पर राहुल और अखिलेश की जुगलबंदी भारी पड़ जायेगी, इस बात को लोग किसी चमत्कार के होने जैसा मानते थे,अब जब ऐसा हुआ है तो वह न भाजपा को पचाये पच रहा है और न ही समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को।



उत्तर प्रदेश के नतीजों ने एक अकल्पनीय तस्वीर को उभारा है, साथ ही सियासत के साथ साथ जनता के बदलते मिज़ाज को भी रेखांकित किया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की स्ट्रेटजी विक्ट्री टूल बन गई जिसके जरिये इंडिया गठबंधन लोगों से कनेक्ट कर गई।कांग्रेस ने इन चुनावी नतीजों से पूरे देश में पुनर्वापसी की राह पकड़ी है तो समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपना खोता वर्चस्व पुनर्स्थापित किया है। मुख्यमंत्री योगी का ला एण्ड आर्डर,महिला सुरक्षा की बातें और गुंडागर्दी के खात्मे पर जो तारीफ करते लोग नही थकते थे,उस पर वोट नही पड़ा,क्या यह माना जाये? चुनाव लोकसभा के थे जिससे देश की सरकार बनने जा रही थी इसलिए इन नतीजों को बहुत अधिक लोकल मुद्दों से जोड़कर देखना उचित नही होगा। बहुत कुछ चुनाव को देश के बड़े मुद्दों ने हाइजैक कर लिया था।इसीलिए कमोबेश पूरे प्रदेश के नतीजों में एनडीए की सीटें कम हुई हैं। भाजपा की भारी पराजय और समाजवादी पार्टी के उत्कर्ष की पटकथा के कारण कई हैं,यह कह देना कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के प्रति नाराजगी का संदेश है तो यह सही नही है। यूपी हमेशा से जातिवाद की प्रयोगशाला के तौर पर चुनावों में नजर आता है, इस बार भी जातीय समीकरणों ने लोगों को हैरत में डाल दिया।बसपा का दलित वोट बैंक जिस पर भाजपा ने कब्जा बना लिया था वह समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की ओर शिफ्ट हुआ है, परिणाम यह साफ इशारा कर रहे हैं।दिल्ली से संविधान को बदलने की भाजपा की मंशा का नैरेटिव जो विपक्ष ने सेट किया वह उत्तर प्रदेश तक आते आते बड़ा मुखर नजर आया जिसके जरिये दलित समाज को बाबा साहेब अंबेडकर से जोड़कर इमोशनल कनेक्ट बनाने की कोशिश की गई जो सफल होती नजर आई। विपक्ष के इस दांव ने बसपा के उस दलित वोट बैंक को अपनी ओर शिफ्ट करा लिया जो पिछले चुनावों में भाजपा के साथ खड़ा रहता था। खुद भाजपा के नेताओं ने भी जहां तहां सभाओं में संविधान बदलने की बातें कह दी थीं, इससे दलित समाज में यह बात और मजबूती से घर कर गई थी। हिन्दुत्व का मुद्दा जो राम मन्दिर के जरिये गरम रहता था इस बार के चुनावों में वह भी कहीं बड़ा रोल प्ले करता नही दिखा। सच कहें तो भाजपा जिस पिच पर खेलने की आदी रही है उत्तर प्रदेश में उस पिच को वह तैयार ही नही कर पायी। उत्तर प्रदेश हमेशा से मंडल और कमण्डल के जरिये जीता जाता रहा है, कमण्डल चला नही और मंडल का जादुई समीकरण समाज वादी पार्टी और कांग्रेस ने बखूबी अपने पक्ष में तैयार कर लिया था। कहने को तो कांग्रेस और सपा का गठबंधन था लेकिन जिस तरह से दलित मतदाता इंडिया गठबंधन की ओर आया यह कहा जा सकता है कि अप्रत्यक्ष रूप से उत्तर प्रदेश में सपा कांग्रेस और बसपा का गठबंधन चुनाव लड़ रहा था। यह भाजपा के लिए जातीय समीकरण के प्रबन्धन की हार है,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गवर्नेंस की हार कत्तई नही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सशस्त्र सीमा बल की 70वीं वाहिनी में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर सर्वप्रथम 70 वीं वाहिनी के जवानों द्वारा बाबा लिलौटी नाथ मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत वहां पर लगी हुई झाड़ियों एवं बड़ी-बड़ी घास को काटकर साफ़ किया गया 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सशस्त्र सीमा बल की 70वीं वाहिनी के द्वारा बाबा लिलौटी नाथ मंदिर में अतुल कार्की, वाहिनी कमांडेंट के दिशानिर्देश में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वृहद पौधारोपण अभियान में वाहिनी के अतुल कार्की, कमांडेंट; सचिन कुमार, मेघनाथ राउत, उप कमांडेंट; पंकज किशोर, सहायक कमांडेंट;





डॉ.सरथ ई., सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) सहित समस्त अधीनस्थ अधिकारी तथा सभी बलकर्मियों ने प्रतिभाग किया।इस आयोजन में सुश्री सुमित्रा राउत संदीक्षा अध्यक्ष, सुश्री पूजा देवी (संदीक्षा सचिव) सहित सभी संदीक्षा सदस्यों ने भी प्रतिभाग किया।

साथ ही साथ इस आयोजन में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र, मंझरा फार्म के कृषि वैज्ञानिक डॉ.संजय कुमार पांडे, डॉ.विवेक कुमार पांडे, डॉ.अरविंद कुमार वर्मा तथा दीपक कुमार मिश्रा, Wildlife Trust of India से डॉ.दिव्यदीप चटर्जी सहायक प्रबंधक, तराई बाघ परियोजना तथा भारतीय वन्य जीव अपराध नियंत्रण प्रभाग), राघवेंद्र प्रताप सिंह फील्ड अधिकारी, भारतीय वन्य जीव अपराध नियंत्रण प्रभाग

तथा रुस्तम सिंह राणा फील्ड सहायक, भारतीय वन्य जीव अपराध नियंत्रण प्रभाग, भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा, लखीमपुर खीरी के रमेश अग्रवाल तथा सदस्यगण, दैनिक जन एक्सप्रेस, ब्यूरो प्रमुख व स्थानीय मीडिया कर्मी, ग्रामीण और ग्रीन फील्ड अकादमी तथा नव भारत स्कूल के शिक्षक गण तथा छात्र-छात्रा ने प्रतिभाग किया। इस वृहद पौधारोपण अभियान के अवसर पर वाहिनी तथा वाहिनी के आधीन सभी समवाय एवं

सीमा चौकी में वृहद पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें उच्च मुख्यालय के निर्देशों का अनुपालना करते हुये कुल 1,100 पौधे लगाए गए।

# मगरमच्छ के हमले से 30 वर्षीय युवक की हुई मौत



जन एक्सप्रेस । मालपुर खीरी

भीरा थाना क्षेत्र में मगरमच्छ के हमले से एक और व्यक्ति की जान चली गई।भीरा थाना क्षेत्र के गांव रेवतीपुरवा निवासी 30 वर्षीय युवक बबलू मंगलवार को शारदा नदी के किनारे अपने पशुओं को चराने गया था।लोगों के अनुसार प्यास लगने पर बबलू शारदा नदी में पानी पीने गया।इसी दौरान नदी में मौजूद मगरमच्छ बबलू को पानी में खींच ले गया।घरवालों को शाम तक जानकारी नहीं हो पाई।जब देर शाम पशु घर पहुंच गए और बबलू घर नहीं पहुंचा तो लोगों ने ढूंढ़ना शुरू किया। रात हो जाने पर सभी लोग घर वापस आ गए, लेकिन बबलू नहीं मिला। बुधवार तड़के लोगों ने फिर बबलू की तलाश शुरू की तो घटनास्थल से लगभग 500 मीटर दूर बबलू का शव बरामद हुआ। उसके शरीर पर मगरमच्छ के हमले के निशान थे।सूचना पर पहुंची बिजुआ चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिवार में छाया मातम।

## पर्यावरण की सुरक्षा और धरती के उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प लिया

जन एक्सप्रेस । पलियाकलां खीरी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बजाज ग्रुप की पलिया, गोला एवं खंभारखेडा चीनी मिल ने पर्यावरण की सुरक्षा और धरती के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया है।

स्थानीय चीनी मिल परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। पर्यावरण पर पॉलिथीन के द्वारा दुष्प्रभाव एवं कागज के बनाने में पर्यावरण को होने वाले नुकसान के विषय में विस्तृत वक्तव्य दिया। तत्पश्चात यूनिट हेड ओ पी चौहान एवं खंभारखेडा यूनिट हेड अवधेश गुप्ता, गोला यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन ने मिल परिसर में पॉलिथीन बैग्स का उपयोग न करने की सभी कर्मचारियों अधिकारियों से अपील की, एवं आश्वासन दिया कि शीघ्र ही पूरे परिसर में पॉलिथीन बैग का उपयोग बंद कर दिया जाएगा। यूनिट हेड ने यह भी कहा कि बड़ी संख्या में हो रहे वृक्षों के कटान से पर्यावरण को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है इसके लिए आवश्यक है

कि भारी संख्या में वृक्षारोपण किया जाए तथा पर्यावरण को बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने होंगे साथ ही हरे वृक्षों का कटान रोककर पर्यावरण संतुलन बनाए रखना होगा।इस अवसर पर आसवनी हेड उदय प्रताप सिंह, हरिपाल सिंह, संजीव दुबे, राजीव तोमर, यू के पांडे, योगेन्द्र आर्य, मनोज मिश्रा, सर्वेश प्रताप, राजीव दुबे, सतीश श्रीवास्तव, सुहैल अनवर, वैभव सिंह सहित तमाम कर्मचारियों ने मिल परिसर में वृक्षारोपण किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### साइकिल सवार बुजुर्ग को भीषण गर्मी में आया चक्कर,गहरी खाई में गिरने से मौत

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। बुधवार को करीब 11 बजे जिले के मझगई क्षेत्र में भीषण गर्मी में साइकिल से जा रहे कस्बा निवासी 65 वर्षीय बरसातू को चक्कर आ गए। इससे वह साइकिल समेत हाईवे किनारे तिकोना पुल के पास गहरी खंती में जा गिरे। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर आनन फानन में पहुंचे और मझगई कस्बे के एक प्राईवेट क्लीनिक पर ले गये,जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बरसातू की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।वह फेरी लगाकर परिवार का भरण पोषण करते थे।

### ओपीडी में नहीं चल रहे पंखे, मरीज बेहाल

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। ओयल स्थित जिला अस्पताल एमसीएच विंग की स्वास्थ्य सेवाएं सुधरने का नाम नहीं ले रहीं हैं।दवा काउंटर और हाल में बैठकर में अपनी बारी का इंतजार करने वाले मरीजों को कागज और हाथ पंखे से खुद को हवा करनी पड़ रही है। इस हाल में पंखे की व्यवस्था नहीं है। हाल का एसी भी खराब रहता है। बुधवार को अस्पताल पहुंचे मरीज गर्मी से बेहाल दिखे। कागज और हाथ पंखे से खुद को हवा कर रहे थे।किसी मरीज ने इसका वीडियो भी वायरल किया। इस अस्पताल में रोज 1200 से 1500 मरीजों की ओपीडी होती है।

### विश्व पर्यावरण दिवस: न्यायिक अफसरों ने किया वृक्षारोपण, लिया पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवसफ्र के शुभ अवसर पर बुधवार को जनपद न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारीगण ने जनपद न्यायालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा संकल्प लिया गया कि वह पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लक्ष्मीकान्त शुक्ला, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ न्यायालय प्राधिकरण के सभी न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण ने प्रातिभाग किया।



### पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर के बादल नगर पार्क में सभासदों, पालिका कर्मियों ने किया पौधारोपण

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर के बादल नगर पार्क में सभासदों, पालिका कर्मियों ने पौधारोपण किया।मोहल्ला मुन्नूगंज वार्ड नम्बर 12 स्थित बादल नगर पार्क में अशोक, नीम, अमरूद आदि के पौधे नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने रोपित कराएं। साथ ही संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रह सके। इस मौके पर सभासद धर्मेन्द्र तिवारी, धर्मेंद्र बाल्मीकि, धर्मेंद्र जायसवाल, रज्जन खां, हरिओम वर्मा, इजरान अहमद अंसारी, शाहिद अंसारी, राजेश वर्मा, कुंभी मंडल अध्यक्ष रविंद्र कटियार, लवकुश अवस्थी, सफाई निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, लिपिक अमित श्रीवास्तव, वैभव त्रिपाठी, शिवम भारती, मोहित गिरि, मोहित अवस्थी, अंकित गुप्ता, गौरव शुक्ला आदि मौजूद रहे।



### लखीमपुर-गोला रूट खुल गया पहले की तरह दौड़ने लगे वाहन, लोगों को मिली राहत

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। गोला और फरधान में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के चलते एक हफ्ते से लखीमपुर-गोला रूट पर वाहनों को पूरी तरह प्रतिबंध कर दिया था। इस रूट के वाहनों को सिंकदराबाद होते हुए निकाला गया। गोला रूट बंद होने जहां रोडवेज का किराया बढ़ गया था तो वहीं आवागमन में 25 किलो मीटर का फेर अतिरिक्ति बढ़ने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सिंकदराबाद पर आए दिन जाम की समस्या बनी रहती थी, लेकिन अब गोला-लखीमपुर रूट खुल गया है और आवागमन पहले की तरह सुचारू होने से लोगों को काफी राहत है।



## चोरों ने घर को बनाया निशाना: 95000 की नकदी समेत लाखों की ज्वैलरी की पार

**खिड़की तोड़कर अंदर घुसे थे चोर**

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



खमरिया थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव में मंगलवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। घर में रखी लाखों की ज्वेलरी समेत 95 हजार की नकदी पार कर ले गए। इसकी जानकारी होते ही परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई।

चोरी हुए समान और नकदी का आंकलन कर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों का जल्द ही पता लगाने की गुहार लगाई है। वहीं, प्रार्थना पत्र मिलते ही पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर जल्द ही खुलासा करने का आश्वासन दिया।खमरिया थाना क्षेत्र के मूसेपुर के मजरा मुरौनपुरवा निवासी विजय कुमार पुत्र सोहन लाल मौर्य के घर बीती रात चोर घुस गए।परिवार के अधिकांश लोग छत पर और कुछ लोग घर के बाहर द्वार पर सो रहे थे। यहां घर में रखी 95000 की नकदी समेत लाखों की जेवरात जिसमें 3 लॉकेट सोने के, झुमकी, कमर बिछुआ, हाथ फूल, चांदी की 3 चेन, 4 जोड़ी पायल, एक नथुनी, 3 नाक फूल, ज्वेलरी समेत 20 फूल की थाली चुरा ले गए।

छत पर और घर के बाहर सो रहे थे लोग इसकी जानकारी होने पर परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। सुबह पीड़ित विजय कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर जल्द ही चोरों का पता लगाकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। वहीं, प्रार्थना पत्र मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को जल्द ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। पीड़ित ने लोगों को बताया कि परिवार के कुछ लोग छत पर और कुछ लोग घर के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने घर की खिड़की की जाली तोड़कर अंदर जाकर घटना को अंजाम दे गए। इसके अलावा ग्रामीणों ने बताया कि बीते रविवार को मूसेपुर चौराहे पर रखे खोखों में भी चोरी हुई थी,जिसका अभी तक कोई खुलासा नहीं हो सका है।कुछ ही दिन बाद ही चोरों ने इस बड़ी घटना को अंजाम दे दिया, जिसके बाद से लोगों में चोरों को लेकर भय व्याप्त है।

## लव जिहाद का आरोपी हुआ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी

करीब एक सप्ताह की कड़ी मशक्कत और पुलिस अधीक्षक से मिलकर गुहार लगाने के बाद अंतत गोला कोतवाली में दिल्ली निवासी एक लव जिहाद की शिकार हुई युवती की रिपोर्ट दर्ज हो गई। लव जिहाद का आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है । बता दे कि दिल्ली के मोहल्ला द्वारका सेक्टर 10 गोरिल्ला डेरी, थाना नजफगढ़, कुतुब विहार, फेस एक, नई दिल्ली निवासी मुस्कान मिश्रा पुत्री सुदीप मिश्रा ने रेहान अहमद पुत्र अनीस अहमद निवासी मोहल्ला इस्लामनगर गोला पर आरोप लगाया था कि उसने दिल्ली पहुंचकर अपना नाम रोहित बताकर कई वर्ष पूर्व उसे प्रेम जाल में फंसा लिया था। विवाह का झांसा देकर उसका लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। युवती का आरोप था कि वह जब उसे विवाह की बात करती थी तो वह टालमटोल करता था। अप्रैल माह में जब उसने रिहान के पर्स में उसका आधार कार्ड देखा तो उसे पता चला कि यह युवक जो उसके शारीरिक शोषण कर रहा है और शादी के वादे कर रहा है वह रोहित नहीं रेहान अहमद है और उसका असली पता मोहल्ला इस्लामनगर गोला गोकर्णनाथ है। युवती का संपर्क उसकी पड़ोसी गुफराना ने यह कहकर कराया था कि यह रोहित है और उनका मिलने वाला है।

युवती ने दी गई तहरीर में कहा है कि जब रेहान उसको छोड़कर दिल्ली से गोला वापस चला आया तो वह आधार कार्ड के पते के आधार पर गोला पहुंची और उसके घर गई। वहां उसे रिहान के बहनोई शकील अहमद बहन नूर बानो और जहांगीर आदि ने उसे मारा पीटा तथा उसका मोबाइल तोड़ दिया।गोला कोतवाली के कई दिन तक चक्कर लगाने के बाद भी जब लव जिहाद की पीड़ित युवती की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई तो परेशान युवती ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई।

पुलिस अधीक्षक के मौखिक निर्देश पर गोला कोतवाली ने पीड़ित युवती की रिपोर्ट दर्ज करके रिहान अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट में रेहान अहमद उसके बहनोई शकील अहमद उसकी बहन नूर बानो और जहांगीर को नामजद किया गया है अन्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त के बाहर हैं।

## हरदोई से जय प्रकाश और मिश्रिख से अशोक रावत जीते

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई और मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में एक बार फिर कमल खिल गया। हरदोई से भाजपा प्रत्याशी जय प्रकाश रावत और मिश्रिख से भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार रावत को निर्वाचित घोषित किया गया है। हरदोई से जय प्रकाश ने सपा प्रत्याशी (इंडिया गठबंधन) ऊषा वर्मा को 27,856 वोटों से हराया। इसी तरह मिश्रिख से अशोक रावत ने सपा प्रत्याशी (इंडिया गठबंधन) को 33,291 वोटों से हरा दिया। हरदोई और मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के लिए बीती 13 मई को मतदान हुआ था। हरदोई लोकसभा क्षेत्र में सदर, शाहाबाद, सवायजपुर, सांडी और गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में हरदोई के संडीला, बालामऊ और बिलग्राम मल्लावां विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जबकि कानपुर नगर की बिल्हौर और सीतापुर जनपद की मिश्रिख विधानसभा सीट भी मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में आती हैं। हरदोई लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जय प्रकाश को 4,86,798 वोट मिले। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा को 4,58,942 वोट हासिल हुए।

## उ0प्र0 में भाजपा का सपना चकनाचूर: शिव प्रकाश सिंह

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



मुंशी गंज किसान मंच कार्यालय पर संपन्न मासिक बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि केंद्र भाजपा शासनकाल में किसानों पर ढाऐ गए कहर का परिणाम है कि उ0प्र भाजपा शासित राज्य में उसे इस तरह हार का मुंह देखना पड़ा है। धौरारह व लखीमपुर खीरी में केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के पुत्र द्वारा कुचलकर मारे गए किसानों के साथ पत्रकार साथी की आत्माओं ने उन्हें यह हार के दिन देखने के लिए मजबूर कर आनन्द भदौरिया व उत्कर्ष वर्मा को सांसद बना दिया! महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि मंहगाई बेरोजगारी और उत्प्रीरण के अलावा दिल्ली बार्डर पर तेरह महीने के आंदोलन पश्चात हुए समझौते पर अमल न होने के कारण उ0प्र0 में भाजपा को आधे से अधिक सीटें गंवानी पड़ी है।

बैठक में उपस्थित संगठन पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष राकेश बाजपेई सन्तोष कुमार पाण्डेय, विजय कुमार सिंह, प्रतीक जायसवाल, रामकुमार, रामेन्द्र कुमार, राम चन्द्र मौर्य, गायत्री देवी, आराधना सिंह, विट्टो देवी, शिवम् सिंह, उदय राज सिंह आदि ने विजयी सांसद राकेश राठौर, आनन्द भदौरिया और उत्कर्ष वर्मा सहित सभी सांसदों को बधाई देते हुए जनहित में सर्वांगीण विकास की आशा और विश्वास के साथ बधाई व शुभकामनाएं दी।

## चला नोटा का सोटा, सात प्रत्याशियों को दी पटखनी

जन एक्सप्रेस । बहराइच

लोकसभा सीट बहराइच पर 10 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे थे। जिसमें भाजपा प्रत्याशी डॉ आनंद कुमार गोंड ने जीत दर्ज की। लेकिन इस दौरान एक चकित करने वाला आंकड़ा भी सामने आया। जिसमें जीत का दावा कर रहे सात प्रत्याशियों को अकेले नोटा (इनमें से कोई नहीं) ने पटखनी दे दी। मतदाताओं ने ताल ठोक रहे सात प्रत्याशियों से ज्यादा नोटा का बटन दबाया और मतदान में नोटा 12862 मतों के साथ चौथे पायदान पर रहा। निर्वाचन आयोग की ओर से साल 2009 के लोकसभा चुनाव में पहली बार नोटा (इनमें से कोई नहीं) को शामिल किया था। ताकि अगर मतदाताओं को उनके क्षेत्र के चुनाव लड़ रहे कोई भी प्रत्याशी समझ में न आएं तो वह नोटा का चयन कर नोटा को अपना मत दें। मंगलवार को संपन्न हुई लोकसभा चुनाव की मतगणना में जमकर नोटा के वोट बरसे। तराई के 12862 मतदाता ऐसे रहे जिन्होंने सभी प्रत्याशियों को सिरे से खारिज कर दिया और नोटा का बटन दबाया। नोटा दबाने का आलम यह रहा कि नोटा ने चुनावी ताल ठोक रहे सात छोटे दलों व निर्दल प्रत्याशियों को पटखनी दे दी। मतगणना में नोटा को जहां 12862 मत मिले और वह भाजपा, सपा व बसपा के बाद तीसरे नंबर पर रहा। जबकि भारतीय आवाम पार्टी के अरविंद कुमार को मात्र 6158, निर्दल प्रत्याशी रमेश बाल्मीकी को 3223, निर्दल बेचूलाल को 2919, निर्दल जनार्दन गोंड को 2672, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के राम मिलन को 1699, राष्ट्रधारक दल की रिंकू सैनी को 1681 व निर्दल जगराम को मात्र 1514 मतदाताओं के ही मत मिले।

## हीट वेव की वजह से निरस्त हुआ किसान पाठशालाओं का आयोजन

**अत्यधिक गर्मी को देखते हुए आयोजन के समय में भी किया गया बदलाव**

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

उप कृषि निदेशक ने बताया कि भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए शासन द्वारा निरस्त की गयी किसान पाठशालाओं के आयोजन की तिथियाँ पुनः निर्धारित कर दी गयी हैं। पाठशालाओं का आयोजन अब 6 जून, 2024 से बदले हुए समय के अनुसार सायं 4 बजे से 7 बजे तक किया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में द मिलियन फार्मर्स स्कूल कार्यक्रम की शुरुआत की गयी गयी थी जिसके अन्तर्गत खेती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सीजन खरीफ तथा रबी की शुरुआत में किसान पाठशालाओं का आयोजन कर किसानों को कृषि, पशुपालन, गन्ना, उद्यान मत्स्य आदि विभागों के कार्मिकों द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण के साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाती है। कार्यक्रम का यह सातवाँ संस्करण है। जनपद में खरीफ सत्र 2024 की किसान पाठशालाओं का आयोजन दिनांक 06.06.2024 से 19.06.2024 की अवधि में किया जायेगा। किसान पाठशालाओं में किसानों को जनपद की प्रमुख खरीफ फसलों की उत्पादन तकनीकी से अवगत कराया जायेगा। गत वर्ष की भांति इस बार भी सभी किसान पाठशालाओं में कृषि के साथ ही पशुपालन, उद्यान, गन्ना एवं अन्य अनुषांगिक विभागों के प्रतिनिधि अपने विभाग द्वारा चलायी जा रही प्रमुख योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध करायेंगे। उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा बताया गया कि किसान पाठशालाओं की सफलता को देखते हुये शासन के निर्देशानुसार सातवीं बार किसान पाठशालाओं का आयोजन कराया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि किसानों को आधुनिक कृषि में हो रहे बदलावों के बारे में पता चलता रहे, इस बार कि किसान पाठशालाओं के पाठ्यक्रम में खरीफ की प्रमुख फसलों की खेती के साथ ही श्रीअन्न, प्राकृतिक,जैविक खेती, कृषक उत्पादक संगठन जैसे नवीनतम विषयों को सम्मिलित किया गया है। जनपद में दलहन एवं तिलहन का क्षेत्राच्छादन बढ़ाने का प्रयास भी किसान पाठशालों के माध्यम से किया जायेगा। जनपद के समस्त कृषक बंधुओं से अनुरोध है कि आयोजित किसान पाठशालाओं में अपनी ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर कृषि एवं सहयोगी विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी/लाभ प्राप्त करें।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर में हुआ वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**रामकोट।** डालमिया भारत सुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड इकाई जवाहरपुर मे मानव संसाधन विभाग टीम के संयुक्त प्रयास से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डालमिया चीनी मिल के परिसर मे वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। डालमिया भारत सुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड इकाई जवाहरपुर के मीडिया प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि विभागाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, आशीष बंसल, सुधीर वर्मा, आदि सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपने कर्मचारियों के साथ वृक्षारोपण किया। सुधीर वर्मा ने विश्व मे पर्यावरण मे होते बदलाव और वृक्षारोपण से होने वाले फायदे के बारे मे सभी को अवगत कराया तथा लोगो को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मिल के सभी कर्मचारियों ने भी रूचि दिखाते हुए पेड़ो का रोपड़ किया। मानव संसाधन विभाग टीम के द्वारा 101 पेड़ रोपित किए गए जिसमें मुख्यता नीम, बकन, अशोक, आदि वृक्षों का रोपण कराया गया। चीनी मिल के सभी कर्मचारी व अधिकारी गण ने मिलकर पौधारोपण को किया।

जिसमें सुधीर वर्मा, आशीष बंसल, सुधीर कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, आदि मौजूद रहे।

## कनपटी पर गोली लगने से युवती की मौत

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर

शाहजहांपुर के निगोही थाना क्षेत्र के गांव उदयपुर कटैया निवासी नूर हसन की 23 वर्षीय बेटी सोनी की कनपटी पर गोली लगने से मौत हो गई। हत्या की सूचना पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने भाभी से विवाद के बाद आत्महत्या करने की बात बता रहे हैं।

खेतीबाड़ी करने वाले नूर हसन और उनकी पत्नी निशात बी सोमवार को शाहजहांपुर में किसी से गए थे। मकान में उनकी बड़ी बेटी सोनी, छोटी बेटी निशा, बहू शबाना और बेटा चांद मियां थे। नूर हसन ने बताया कि शाम करीब पांच बजे कमरे में सोनी ने कनपटी पर तमंचे से गोली मार ली। वह गंभीर रूप से घायल होने के बाद गिर पड़ी।

### बरेली में दूसरे समुदाय के युवक ने लूटी आबरू, साझेदारी में खोला था अस्पताल

जन एक्सप्रेस । बरेली। दिल्ली से बरेली आकर अस्पताल का संचालन करने वाली युवती से दूसरे समुदाय के युवक ने दुष्कर्म किया। उसकी वीडियो बना ली। इसके बाद अस्पताल भी हड़प लिया। विरोध करने पर उसके साझेदार पर जानलेवा हमला किया गया। एडीजी के आदेश पर इस मामले में आरोपी नदीम समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पूर्वी दिल्ली के मधु बिहार की रहने वाली युवती ने एडीजी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि जुलाई 2022 वह अपने बिजनेस पार्टनर के साथ बरेली में अस्पताल खोलने के संबंध में आए थे। यहां अलीशेर खान से मुलाकात हुई। इसके बाद भवन किराये पर लिया। एग्रीमेंट होने के बाद युवती व उसके बिजनेस पार्टनर ने किराए के भवन में अस्पताल निर्माण में करीब 90 लाख रुपये खर्च कर दिए। इसके बाद 10 सितंबर 2022 को अस्पताल का संचालन शुरू हो गया। इसी दौरान अलीशेर खान का पुत्र नदीम युवती व उसके साझेदार को एक होटल में ले गया। खाना खिलाकर अस्पताल लाया। यहां बिजनेस पार्टनर को ऊपर एक केबिन में बैठाकर कुछ कागजात देखने को दिए। इसी दौरान नदीम युवती को अस्पताल का प्रथम तल दिखाने ऊपर ले गया। यहां एक केबिन में ले जाकर युवती से कहा कि वह बिजनेस पार्टनर का साथ छोड़ दे। वह दोनों मिलकर अस्पताल हड़प लेते हैं। इतना सुनते ही युवती बिफर पड़ी। नदीम को खरी खोटी सुनाई। इस पर नदीम ने उसे बेड पर गिरा दिया व रुमाल उसके मुंह पर रखकर दबा दिया, जिससे वह बेसुध हो गई। इसके बाद नदीम ने उससे दुष्कर्म किया। मोबाइल से वीडियो बना ली।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नीट में अच्छा अंक लाकर बढ़ाया मान

जन एक्सप्रेस/बनकटा,देवरिया।



भैसहीं गांव निवासी अखिल चंद्र पुत्र सुभाष चन्द्र ने नीट की परीक्षा में 720 में से 690 अंक प्राप्त कर मान बढ़ाया है। अखिलचंद्र बचपन से ही होनहार थे। सोहनपुर स्थित भृगुराशन इंटरमीडिएट कॉलेज से 12वीं की परीक्षा 2020 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर जनपद में 7वें स्थान प्राप्त किये थे। बताते चलें कि अखिल चंद्र के दादा रामनरेश सिंह कुशल समाज सेवी व्यक्ति हैं। सामान्य रैंक में 46416 व पिछड़ा वर्ग में 1771 वां प्राप्त हुआ है।सफलता पर डॉक्टर मुक्तेश्वर दूबे, एमडी आजाद, शैलेन्द्र, जयराम, हरेराम आदि ने बधाई दी है।

### नीट परीक्षा क्रैक कर पायल ने बढ़ाया जी एम एकेडमी का मान

जन एक्सप्रेस/सलेमपुर,देवरिया।



नगर के जी एम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 2022 बैच की पायल मद्धेशिया पुत्री विनोद मद्धेशिया ने नीट परीक्षा में सर्वाधिक 662 अंक लाकर आल इण्डिया 19632 वा और कैटेगरी वाइज 8629 वा स्थान लाकर अपने माता, पिता गुरु और विद्यालय का मान सम्मान बढ़ाया है। इनकी सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. श्री प्रकाश मिश्र एवं निदेशिका डॉ. संभावना मिश्रा ने बधाई देते हुए बच्ची के मंगलमय जीवन की कामना की है। जी एम एकेडमी के प्रधानाचार्य मोहन द्विवेदी ने पायल और उसके माता पिता को बधाई देते हुए उसके बड़े भाई आर्यन जो जी एम एकेडमी का 2020 का छात्र रहा है, और वर्तमान में कर्नाटक से एमबीबीएस तीसरी वर्ष का विद्यार्थी भी है, को भी पायल को समय समय पर उचित सलाह देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उसके मंगलमय जीवन की कामना की।पायल की इस सफलता पर विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापक अध्यापिकाओं के अलावा पायल के सभी सगे संबंधियों ने बधाइयां दी है।

# स्वस्थ पृथ्वी और स्वस्थ मानव के साथ विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया वृहद वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के तत्वावधान में शनिवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की अध्यक्षता में वृक्षारोपण व जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला जज अशोक कुमार सिंह द्वारा फलदार पौधा लगाकर किया।

इस अवसर पर सुनील कुमार यादव, विशेष न्यायाधीश, एस0सी0/एस0टी0, ज्योत्सना सिंह, अपर जिला जज द्वितीय, शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर, विजय कुमार वर्मा, सिविल जज (एस0डी0), शान्तनु तंवर, न्यायिक मजिस्ट्रेट, अजीत कुमार मिश्र, सिविल जज (जू0डी0), स्थायी लोक अदालत की सदस्य गीता त्रिपाठी, दीपाली सिन्हा एवं बार एसोसिएशन के महामंत्री अभयानन्द दीक्षित, नीरज तिवारी, के के0 मिश्र, आशीष पाण्डेय, शरद पाण्डेय, विन्ध्यवासिनी प्रकाश त्रिपाठी, विवेकानन्द मिश्र स्वामी जी, अखिलेश तिवारी, मुकेश चन्द्र पाण्डेय, दीपक शुक्ल आदि अधिवक्तागण के साथ-साथ न्यायालय के कर्मचारीगण अजय पाण्डेय, अरविन्द मणि त्रिपाठी, शिवदेव सागर, संजय एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण राजकुमार वर्मा, प्रदीप झा, विजय कुमार मिश्र, अमरनाथ यादव, रविन्द्र नाथ, मारकण्डेय यादव आदि कर्मचारीगण दीवानी न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर कुल 50 छायादार व फलदार पौधे लगाये गये। इस अवसर पर जनपद वनाधिकारी वरुण सिंह अपने विभागीय सहयोगियों के साथ उपस्थित रहकर वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान किया।

## करोड़ों कार्यकर्ताओं के तपस्या की जीत: प्रज्ञानन्द

जन एक्सप्रेस/मेहरौना देवरिया। क्षेत्र के चुरिया टोला मे सपा जिला उपाध्यक्ष प्रज्ञानन्द चौधरी के नेतृत्व मे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के ऐतिहासिक विजय पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की सपा जिलाउपाध्यक्ष प्रज्ञानन्द चौधरी ने कहा की यह ऐतिहासिक विजय अखिलेश के पीडीए की विचारधारा व करोडों कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम की विजय है। इस चुनाव मे समाजवादी पार्टी की सफलता से यह तय हो गया है की पिछडों के आरक्षण व बाबा साहब के संविधान से छेड छाड की हिम्मत अब कोई नही जुटा सकता। सपा नेता ने कहा की हम कार्यकर्ताओं के सम्मान की लडाई अंतिम दम तक लड़ने को संकल्पित हैं। सपा कार्यकर्ताओं ने नेता जी मुलायम सिंह यादव के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की यह जित नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम मे बृजेश यादव, शैलेष चौधरी, प्रेम यादव, रामशीष यादव, संदीप यादव, मनोज साहनी, रामयीश्वर राजभर, सहित सैकडों उपस्थित रहे।

# शिक्षक के बेटे ने नीट में हासिल की सफलता

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



जिले के कुशीनगर नगरपालिका परिषद कसया निवासी व शिक्षक ने नीट परीक्षा में बेहतर अंक हासिल कर परिवार का मान बढाया है। उसके सफलता पर परिवार में जश्न का माहौल है।

कसया के वार्ड नंबर 26 शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी नगर निवासी व शिक्षक रामगती प्रजापति व अमलावती देवी का होनहार बेटा आशीष कुमार चक्रवर्ती ने नीट परीक्षा में 720 में से 685 अंक प्राप्त कर माता -पिता, बहन आयुषी चक्रवर्ती और परिवार का मान बढ़ाया है। आशीष शुरू से पढाई में होनहार रहा है। उसने हाईस्कूल की परीक्षा नवजीवन मिशन स्कूल कसया से वर्ष 2019 में 97 प्रतिशत तथा इन्टरमीडिएट की परीक्षा नवजीवन मिशन स्कूल कसया से वर्ष 2021 में 95 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण हुआ था। उसके सफलता पर परिवार में जश्न का माहौल रहा। उसके सफलता पर बहन आयूषी चक्रवर्ती, भंते डॉ. नंदरतन, शिक्षक तारकेश्वर शुक्ला, तारिक अहमद, कुंजेश्वर सिंह, व्यास सिंह, सत्येंद्र कुमार, पवन कुमार, चाचा लाल बहादुर, सुनील, जीतेंद्र, रामनक्षत्र, संतोष, डॉ. एसके कुशवाहा, डॉ.संजय पटेल, डॉ. आरएस यादव, डॉ. कमलेश सिंह आदि ने बधाई दी है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए आठ पार्कों में हजारों से अधिक पौधों का वितरण व रोपण

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



देश की बढ़ती आबादी व पर्यावरण दूषित होने के कारण आज दिन-प्रतिदिन मौसम प्रतिकूल होते जा रहा जिससे आने वाले कल में हमारे व आपके लिय घातक सिद्ध होगा एक तरफ सरकार सड़के चौड़ी कराकर पेड़ काटते जा रहि तो वही पेड़ कटने से शुद्ध आक्सीजन का अभाव होते हुऐ देखकर ओम फिटनेस योग संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रजापति ने अपने साधकों के साथ कुल आठ पार्कों में हजारों से अधिक पौधों का दान किए और जागरुकता रैली निकालकर वृक्ष के महत्त्व बताया। रैली के दौरान साधकों ने भी पर्यावरण संरक्षण पर अपनी विचारों को व्यक्त किए और सभी प्रभारी अपनी अपनी सेवाओं को भी लोगों तक पहुंचाए। कार्यक्रम में आलोक गुप्ता, घनश्याम मिश्रा, डॉक्टर सिद्धार्थ त्रिपाठी, रमेंद्र त्रिपाठी, एस के शाह, ब्यास चौरसिया, मुकेश साहनी, परशुराम निषाद, गोपाल वर्मा, रोहित वर्मा, शत्रुघन, शोभा, आभा, सोनू, प्रियंका, अर्चना, शशिबाला, चंचल, रंजना, मंजु, तरुणा, पूनम, रागनी, अनीता, साधना इत्यादी सैकड़ों से अधिक साधकों ने पौधों का वितरण किया।

# सलेमगढ़ ग्राम सभा में लगे कूड़े के ढेर व नाली की दुर्दशा से ग्रामीण परेशान





जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जिले के सेवरही विकास खंड के ग्राम सभा सलेमगढ़ के पैठानी टोला में गंदगी का अंबार लगा हुआ है सफाई के अभाव में नालियां बजबजा रही है गंदगी के चलते प्रदुषण बढ़ रहा है तथा संक्रामक बीमारियों की फैलने की आशंका बढ़ गई है। इस ग्राम सभा में लगभग सभी टोले में ग्राम सभा से नाली बनी हुई है लेकिन सफाई न होने से सड़क पर गंदा पानी लग रहा है। ग्रामीणों के आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठीक यही हालत सलेमगढ़ शिव मंदिर के पास से होकर जाने वाली नाली पूरी तरह कूड़ा कर्कट से जाम हो गई है। नालें की गंदगी की वजह से गांव के लोगों को बदबू आ रही है। अनेकों बीमारियों को दावत दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में तैनात सफाईकर्मी गायब रहता है। इसको लेकर गावों के लोगों में आक्रोश है। इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार ने कहा कि शिघ्र ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

# वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का मुख्य आधार: अलका सिंह

जन एक्सप्रेस । देवरिया



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के तत्वावधान में राजकीय इंटर कालेज के स्मृति उपवन में अमरूद, पाकड़, महोगनी के 11 पौधे लगाए।

इस दौरान नपाध्यक्ष देवरिया अलका सिंह ने कहा कि पौधरोपण से पर्यावरण संतुलित होगा और वातावरण स्वच्छ होगा।पृथ्वी पर जीवन के लिये वृक्ष आवश्यक है, वृक्ष हमें ऑक्सीजन के साथ-साथ खाद्य सामग्री भी देते है।

नपाध्यक्ष ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से निपटने में सहयोग करें और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज से शुरू किये गये अभियान **एक पौधा माँ के नाम** अभियान से जुड़कर पौधरोपण करें। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित पौधरोपण अभियान में लोग बढ़-चढ़कर भाग लेने के साथ ही उनको संरक्षित करने का संकल्प ले रहे है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण अत्यंत पुनीत कार्य है, सभी के सहयोग से उत्तरप्रदेश हरा-भरा हो रहा है, पौधरोपण से आने वाले समय मे प्रकृति की रक्षा होगी और जन-जीवन व्यवस्थित होगा।

प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

इस दौरान मुख्य रूप से अम्बिकेश पाण्डेय, सोनू, मनीष सिंह, रमेश सिंह, विश्राम प्रसाद, धीरेंद्र कुमार, परशुराम शर्मा, वर्षा चौरसिया, खुशबू मिश्रा, विजय शंकर कुशवाहा, रामदास मिश्रा, नवीन सिंह, धनुषधारी मणि, मयंकेश्वर आदि उपस्थित रहे।

# आलमाइटी का छात्र 680 अंक प्राप्त कर नीट में हुआ चयनित

जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज



आलमाइटी पब्लिक इण्टर कालेज बृजमनगंज के छात्र मोहम्मद शोएब का चयन मेडिकल की संयुक्त प्रवेश परीक्षा नीट में हुआ है।ग्रामसभा दुबौलिया टोला बलदेवपुर निवासी मोहम्मद शोएब पुत्र नियाज आलम का चयन नीट 2024 में हुआ है। इनके पिता एक किसान तथा माता नजीरून निशा गृहिणी है। सामान्य किसान परिवार में जन्में मोहम्मद शोएब ने प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर इण्टरमीडिएट तक की शिक्षा आलमाइटी इण्टर कॉलेज से ही प्राप्त की तथा वे प्रारम्भ से ही प्रतिभावान रहे हैं। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता,बहनों तथा अपने गुरूजनों को दिया।प्रतिदिन 10 से 12 घण्टे की मेहनत करने वाले मोहम्मद शोएब ने बिना किसी कोचिंग के स्वअध्ययन द्वारा अपने सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि विश्वास, समय प्रबंधन तथा गुरू का सम्मान व समर्पण से ही सफलता अर्जित की जा सकती है। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद से ही उसके मन में कुछ करने की इच्छा जागृत हुई। विद्यालय की प्रातः की प्रार्थना सभा में गुरूजनों द्वारा प्रतिदिन दिया जाने वाले मोटिवेशन ने इस इच्छा को सही दिशा प्रदान की। फलस्वरूप उसने डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करने का निर्णय लिया।अपने अनुजों को उन्होंने सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह देते हुए बताया कि उनका कोई भी सोशल मीडिया एकाउन्ट नही है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक महमूद आलम ने कहा कि एक साधारण परिवार के बच्चे द्वारा प्राप्त की गयी यह एक बड़ी उपलब्धि है।मैं इनको और इनके परिवार को व्यक्तिगत रूप से भी जानता हूँ । उन्होंने कहा कि अब मोहम्मद शोएब की जिम्मेदारियां और भी बढ़ गयी है। एक डॉ इंसान की जिंदगी को बचाता है और वह भगवान तुल्य है। मेरी हार्दिक शुभकामना है कि मेरा यह शिष्य एक सफल चिकित्सक और एक अच्छा इंसान बने और केवल समाज ही नही बल्कि पूरे ब्रम्हाण्ड की सेवा करे।परमपिता परमेश्वर इन्हें चिरंजीवी और दीर्घायु करें।

नीट में चयनित होने पर प्रधानाचार्य सुनील कुमार, ईश्वर चन्द्र चौरसिया,दुर्गेश यादव, शबी अहमद, मो0फारूक सिद्दीकी, अखिलेश यादव,अशोक कुमार,अंगद प्रसाद, पी0एस0 चौहान, एम0 ए0 लारी,श्रवण कुमार, मुकेश कुमार मिश्र,एम.ए.सिद्दीकी, बृजेश कुमार, बृजभान यादव,हमीदा बेगम, सीताराम चौहान, विनय पांडेय समेत विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

# आभूषण, गहने नकदी सहित चोरों ने किया लगभग दस लाख की चोरी

जन एक्सप्रेस । गौरीबाजार, देवरिया

गौरीबाजार कस्बा से सटे उभांव में एक मकान का ताला तोड़ कर चोरों ने करीब पांच लाख रुपए के सोने का आभूषण व वाहन बेचने से मिली पांच लाख रुपये नकदी चुरा ले गए। उभांव के मुमताज एक मारपीट के मामले में जेल में हैं। पुलिस के डर से परिवार के लोग इधर उधर शरण लिए हैं। इसीबीच मंगलवार देर रात उनके मकान के गेट का ताला तोड़ चोर उनके घर में घुस गए। ग्राउंड फ्लोर व छत के कमरों में रखे बाक्स व आलमारी का ताला तोड़ दिए। बाक्स व आलमारी में रखे करीब पांच लाख रुपए के सोने के चार जोड़े झूमका, चार सोने की अंगूठी, दो सोने की चेन, चार पाजेब, आठ जोड़ी पायल व चार पहिया वाहन बेच कर बाक्स में रखा पांच लाख नकदी चुरा लिए। जेवर व नकदी कुल 10 लाख की चोरी से परिवार सदमे में है। पहचान से बचने के लिए चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को तोड़ कर लेते गए। आसपास के लोगों की सूचना पर बुधवार सुबह मकान पर पहुंची मुमताज की पत्नी हसीना ने पुलिस को चोरी की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी की घटना की जानकारी ली। हसीना पत्नी मुमताज ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

## अशफ़ाक ने देश के सभी नवनिर्वाचित सांसदों को दी बधाई

**गोरखपुर।** देश में हुए आम लोक सभा चुनाव मे जीत दर्ज कर सदन में पहुंचने वाले देश के सभी लोकसभा सदस्यों को ऑल इण्डिया कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष अशफाक हुसैन मेकरानी ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा की सभी राजनैतिक दलों से ऊपर देश हैं, उससे पहले हम सब एक हैं उम्मीद है देश के संविधान कानून की शपथ लेते हुए सभी सांसद गण अपने अपने निर्वाचन क्षेत्र के साथ साथ देश प्रदेश मे बिना भेद भाव सर्व धर्म समभाव स्थापित कर जाति धर्म पंत मजहब से ऊपर उठकर अपने पद का सदुपयोग करेंगे ये कामना करते हुए देश भर के नवनिर्वाचित लोकसभा सांसदों को मुबारकबाद।

# अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव ने पॉक्सो एक्ट के तहत ऑडियो वीडियो के माध्यम से किया कार्यशाला का आयोजन



जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के तत्वाधान में शनिवार को अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा पॉक्सो अधिनियम एवं महिलाओ से सम्बन्धित अपराधो के सम्बन्ध में सेमिनार एवं कार्यशाला अयोजित की गयी। इस कार्यशाला के द्वारा ऑडियो वीडियो के माध्यम से जन-जागरूकता का कार्यक्रम (सेमिनार) अयोजित हुआ। सेमिनार में महिला अधिवक्ताओ के साथ पुरूष अधिवक्ता एवं न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

चलचित्र के माध्यम से इसका उद्देश्य महिलाओ के मध्य जागरूकता फैलाना है। यह चलचित्र पॉक्सो एक्ट पर बनी है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि साल 2012 में कोर्ट द्वारा एक पॉक्सो एक्ट पास किया गया था। इस एक्ट के तहत मासूम बच्चे जो यौन उत्पीड़न से पीड़ित है वह अपने मुजरिमों को पहचानकर उन्हें सलाखों के पिछे पहुँचाकर खुद को इंसाफ दिला सकते हैं।

## मनीषा ने नीट की परीक्षा में प्राप्त की सफलता

जन एक्सप्रेस/लार देवरिया। क्षेत्र के कौसड़ गांव निवासी यशवंत सिंह की पुत्री मनीषा सिंह ने नीट परीक्षा में 720 में से 695 अंक हासिल कर सामान्य में 3407 रैंक पाया है। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा गांव के प्राथमिक स्कूल से हुई है। इंटर की पढ़ाई एसएसडी इंटर कालेज बौली लार व स्नातक की शिक्षा बबुआ जी स्नातक कालेज पिण्डी से की है। मनीषा ने घर से ऑनलाइन नीट की तैयारी किया है। मनीषा तीन बहनों व दो भाईयों में सबसे छोटी है। इनकी सफलता पर बड़ी बहन शिक्षिका सोनी सिंह, भाई एडवोकेट वीरेन्द्र प्रताप सिंह, अमित कुमार सिंह, छोटी बहन अंजू सिंह ने खुशी व्यक्त किया है। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता पिता सहित भाई व बहनों को दिया है।

# सपा के रमाशंकर विद्यार्थी ने की विजय हासिल, भाजपा को हैट्रिक लगाने से रोका

जन एक्सप्रेस । भाटपार रानी, देवरिया



71 लोकसभा सलेमपुर से समाजवादी पार्टी इंडी गठबंधन से प्रत्याशी रमाशंकर राजभर विद्यार्थी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी के ने निवर्तमान सांसद रविंद्र कुशवाहा को करीब 3573 मतों से पराजित किया और उन्हें हैट्रिक लगाने से रोका व सपा एक बार पुनः इस सीट को अपने कब्जे में किया, इस सीट पर बड़ा ही रोचक मुकाबला देखने को मिला जब प्रथम चक्र की गणना शुरू हुई तभी से लेकर आखिरी तक सपा व भाजपा के प्रत्याशी मामूली अंतर से एक दूसरे के ऊपर बढ़त बनाए हुए थे और ऐसे में यह कयास लगाना मुश्किल था कि विजय सपा गठबंधन की होगी या भाजपा गठबंधन की और अंततः परिणाम जो है वह सपा के पक्ष में आया और समाजवादी पार्टी के गठबंधन प्रत्याशी रमाशंकर विद्यार्थी ने इस सीट पर सपा का झंडा बुलंद किया। इस सीट की जीत पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक डॉ आशुतोष उपाध्याय उर्फ बबलू की नीतियां वह उनके समर्पित कार्यकर्ताओं की देन पर इस सीट पर विजय प्राप्त हुई, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्त नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम देव यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख व्यास यादव बृजभूषण सिंह पूर्व प्रधान जगहथा राजू सिंह समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल मद्धेशिया मीडिया प्रभारी शहाबुद्दीन सभासद आदित्य सिंह उर्फ मोनू सलीम अली परमेश्वर पटवा जयप्रकाश बरनवाल सहित तमाम पार्टी के वरिष्ठ व सक्रिय कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी।

## राष्ट्रगान के बाद शुरू होते हैं मैच



जन एक्सप्रेस। आगरा

बिल्ड फॉर सक्सेस डिग्री कालेज कराही फतेहपुर सीकरी आगरा विश्वेन्द्र कुमार सरपंच द्वारा कराये जा रहे टूनार्मेंट का जिसका सीधा लाइव प्रसारण यूट्यूब के चैनल बिल्ड फॉर सक्सेज डिग्री कॉलेज पर लाइव और सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में कॉलेज ग्राउंड के मैदान मे चल रहे टूनार्मेंट के क्वाटर फाइनल के प्रत्येक मैच राष्ट्रगान के साथ शुरूआत किये जाते हैं।

आज सुबह का पहला मैच बसेरी काजी और नगला रमले के बीच हुआ जिसमें नगला रमले ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की ओर 10 ओवर में 94 रन का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी बसेरी काजी ने भी 10 ओवर में 93 रन ही बना सकी ओर मैच बराबर पर रुका ओर सुपर ओवर में बसेरी काजी ने बाजी मार दी और बसेरी काजी की तरफ से मैन ऑफ द मैच रहे अजित चौधरी ने12 बॉल में 20 रन ओर 3 ओवर 40 रन देकर 2 विकेट झटके ओर दूसरा मैच रसूलपुर ओर उंडेरा के वीच हुआ जिसमें उंडेरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की ओर 10 ओवर में 130 रन का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी रसूलपुर टीम 100 रन पर ढेर हो गयी उंडेरा कि तरफ से मैन ऑफ द मैच रहे दयाल ने 17 बॉल में 50 रन बनाये ओर 2 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट झटके।

# पेड़ कटने से स्वास्थ्य पर हो रहा प्रतिकूल असर

जन एक्सप्रेस। आगरा




एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने पौधरोपण करके किया। इसी दौरान जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। सीएमओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि पेड़ पौधों की कटाई और प्रदूषण के जरिये पर्यावरण में जो असंतुलन पैदा हो रहा है।

क्लाइमेट चेंज के कारण वेक्टर जनित रोगों के प्रसार में वृद्धि हुई है। वर्तमान की स्थिति मच्छर प्रजनन के लिए काफी अनुकूल है इस के लिए समुदाय के संवेदीकरण और मच्छरों के प्रजनन श्रोतों को समाप्त करने में सभी की भागीदारी की आवश्यकता है। लार्वा श्रोतों को समाप्त करने के लिए पानी के बर्तन,ड्रम, टंकी आदि ढक कर रखें, सप्ताह में एकबार पानी के बर्तनों को खाली कर लीजिए, जिन स्थानों में पानी का इकट्ठा होना रोका न जा सके वहां के पानी में कुछ बूंदें मिट्टी का तेल या ट्रेक्टर का जला मोबिलऑइल डाल दीजिये, मच्छरों से बचने के लिये सोते समय मच्छर रोधी कीम/नीम का तेल/कडवा तेल शरीर पर लगायें, सोत समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, ऐसे कपड़े पहनें जो शरीर को पूरा ढके रखे। बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/स्वास्थ्य कार्यकर्ता से खून की जांच करायें, दवा नियमित और पूरी खायें। ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाए और अपने आसपास के लोगों को भी पौधारोपण के लिए जागरूक करें।

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जीवनीमंडी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर ओपीडी में आने वाली गर्भवती और तीमारदारों को क्लाइमेट चेंज के समय सतर्कता बरतने के लिए जागरूक किया गया। पर्यावरण में असंतुलन के कारण भी लोगों को अत्यधिक गर्मी और हीट वेव का प्रकोप झेलना पड़ रहा है। ऐसे हालात सबसे अधिक खतरा गर्भवती और गर्भस्थ शिशु के लिए पैदा करते हैं। सुरक्षित मातृत्व के लिए ये हालात बदलने जरूरी हैं। उन्होंने ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण हुए निर्जलीकरण से गर्भवती के रक्तचाप के भी कम होने की संभावना होती है। जब रक्तचाप कम होता है तो वह पेट में पल रहे बच्चे के लिए भी दिक्कतें पैदा कर देता है।

ओपीडी में आने वाली गर्भवती को गर्मी से बचने के लिए विशेष तौर पर परामर्श दिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की इंचार्ज डॉ. सलोनी ने किया। इस दौरान गर्मी और हीट वेव बचाव, ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने, वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए जनता से अपील की। इस मौके पर एएनएम प्रशिक्षण केंद्र के अध्यापक सुरेंद्र सिंह, सतीश गुर्जर, सेवामोब संस्था की प्रतिनिधि प्रीति कटियार सहित उनकी टीम मौजूद रही।

## फास्ट फॉरवर्ड

### विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपे पौधे

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व बेला पर जगह-जगह पौधा रोपण किये जा रहे हैं नगर पालिका परिषद अछनेरा, मे लोगों को बढ़ते हुए तापमान पर नियंत्रण हेतु पौधा रोपण के लिए प्रेरित किया गया और कस्बे में जगह-जगह पौधा रोपण किया गया। नगर नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भडाना ने बताया पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर कस्बा अछनेरा में जगह-जगह पोता रोपण किया गया है। इस दौरान नगर पालिका परिषद के लोग मौजूद रहे।

### ढाबे पर जमकर चले लाठी डंडे, दो घायल

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** बुधवार को कस्बे के नंदगवा तिराहा स्थित ढाबे पर खाना खाने के दौरान गन्दा बदबू दार खाना परोसने को युवक की ढाबे के कर्मचारियों से कहासुनी हो गयी। ढाबे पर रह रहे कर्मचारियों ने खाना खाने आए युवक की लाठी डंडों से मारपीट कर दी। जिससे उसका सिर फट गया। दूसरे पक्ष से एक कर्मचारी भी चोटिल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गुर्जा वासुदेव निवासी श्याम सुंदर पुत्र थान सिंह ने पुलिस को बताया कि बुधवार दोपहर करीब 2 बजे अपने दोस्त रामकरन के साथ नदगंवा तिराहे स्थित ढावे पर खाना खाने के लिए आया था। श्याम सुंदर ने खाने का आर्डर कर दिया। ढाबे पर रह रहे कर्मचारियों ने उसको खाना परोस दिया श्याम सुंदर का आरोप है कि उसने ढाबा संचालक से शिकायत की कि खाना बदबूदार है। उसे खाना दूसरा चाहिए। इसी बात को लेकर ढाबे पर तैनात कर्मचारियों और युवक के बीच कासुनी हो गई। श्याम सुंदर का आरोप है कि ढाबे पर तैनात सभी कर्मचारी एकजुट हो गए।और सभी ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया।इसमें श्याम सुंदर का सिर फट गया। जिसमें ढाबे का एक कर्मचारी भी चोटिल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट पहुंची।

### पर्यावरण दिवस पर अभिनेता ने किया पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस/आगरा। पिनाहट।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शनि अभिनेता रवि परिहार ने पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने व अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने का संदेश दिया है। सिने अभिनेता रवि परिहार ने पिनाहट स्थित अपने आवास पर अपने सिने साथियों के साथ बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधा रोपण किया। इस दौरान रवि परिहार सभी को संदेश दिया कि जीवन को सुरक्षित रखने के लिए स्वच्छ पर्यावरण बहुत जरूरी है। और स्वच्छ पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़ पौधे होने चाहिए। हमें हर हाल में पौधारोपण करना चाहिए साथ ही उन पौधों का अपने बच्चों की तरह रख-रखाव कर उनको बाद भी करने का दायित्व निभाना चाहिए। बता दें कि रवि परिहार भारतीय सिनेमा के बड़े-बड़े कलाकारों के साथ दर्जनों फिल्में कर चुके हैं।

### बाइकों की आमने-सामने से टक्कर में दो घायल

**जन एक्सप्रेस/आगरा।पिनाहट।** पिता को दवा दिलवाकर वापस घर लौट रहे बाइक सवारों को सामने से बाइक सवार ने मारी टक्कर दो बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गए हैं। बुधवार शाम करीब 3 बजे थाना मनसुखपुरा क्षेत्र के गांव पलोखरा स्थित पिनाहट राजाखेड़ा मार्ग पर फरियाद खान गोरमी मध्यप्रदेश, लल्लू खान निवासी भिंड मध्य प्रदेश बाइक से दवा लेकर घर वापस लौट रहे थे। तभी पल्सर बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा सीएचसी पिनाहट में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत होने पर एक को आगरा रेफर कर दिया गया है।

### सेंट्रल जेल में बंदियों के साथ लगाए 251 पौधे

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** जनहित सामाजिक सेवा संस्थान आगरा द्वारा सेंट्रल जेल आगरा में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में वृक्षारोपण का कार्यक्रम निरुद्ध बंदियो के साथ 251 फलदार, छायादार वृक्षों के पौधे लगाए गए, संस्था द्वारा संकल्पित सवा लाख पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण की जिम्मेदारी संस्था एवं उनके सदस्यों द्वारा की जाएगी। जिसका शुभारंभ सेंट्रल जेल के जेल अधीक्षक ओ.पी.कटियार द्वारा किया गया उनके द्वारा कहा गया की वृक्षारोपण हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम पांच पौधे जरूर लगाए क्योंकि हमारे आने वाली पीढ़ी स्वच्छ, स्वस्थ वातावरण पा सके कार्यक्रम में संरक्षक किरन कुमार ने बताया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण एवं वृक्ष लगाने के लिए लोगों को जागरूक भी संस्था द्वारा किया जाएगा। संस्था महासचिव सोनी त्रिपाठी ने कहां की आइए हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण, संवर्धन एवं विकास का संकल्प ले। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक ओपी कटियार, कारापल दीपांकर भारती, उपकारापाल साक्षी चौधरी, उपकारापाल शिवम सिसोदिया उपकारापाल सूरज कश्यप, उपकारापाल विजेंद्र गिरी, डॉ रजनीश यादव परामर्शदाता, सोनी त्रिपाठी, किरन कुमार, हिरदेश शर्मा, शिवम सारस्वत, अवनी त्रिपाठी, विख्यात त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस पर ही एक्शन: निवाड़ी थाना अध्यक्ष निलंबित, जांच में आरोप मिले सही; ऐसे हुई कार्रवाई

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में लूट को चोरी में दर्ज करने के मामले में निवाड़ी थाना अध्यक्ष निलंबित हो गए हैं। डीपी ग्रामीण ने कार्यवाही करते हुए जांच के आदेश दिए थे। निवाड़ी क्षेत्र में नंगला मूसा में तीन जून को सतेंद्र कुमार के घर में घुसकर हुई लूट की घटना को चोरी में दर्ज करने के मामले में डीसीपी ग्रामीण ने थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह को बुधवार को निलंबित कर दिया है। मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस अधिकारियों ने जांच करवाई, जिसमें आरोप सही मिले। डीसीपी देहात विवेक चंद यादव ने बताया कि आरोप था कि लूट के मामले में एसओ ने तहरीर बदलवाई और लूट की घटना को चोरी ने दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार सतेंद्र कुमार के घर पर दो बदमाशों में आकर लूटपाट की थी। वह पांच मोबाइल फोन के साथ बुजुर्ग से कुंडल, एक महिला से मंगलसूत्र और अन्य सामान लेकर भाग गए थे। आरोप है कि इसके बाद एसओ ने सतेंद्र को थाने बुलाया और उनसे शिकायत को बदलवाने के बाद उसे चोरी में बदलकर दर्ज किया गया था।

### समर्पण मारवाड़ सेवा संस्थान ने किया पौधारोपण

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** समर्पण मारवाड़ सेवा संस्थान एवं पुलिस थाना ताजगंज आगरा तथा आचार्य विष्णुदत्त सारस्वत की प्रेरणा से पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत आज विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2024 के उपलक्ष पर थाना ताजगंज आगरा समीप सेल्फी प्वाइंट पर पुलिस निरीक्षक राजकुमार कुशवाहा के नेतृत्व में संस्था द्वारा पौधारोपण एवं मुक पक्षियों के लिए परिण्डे व चुग्गा पात्र लगाए गए। संस्थान के अध्यक्ष कपिल अरोडा ने बताया कि कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक राजकुमार कुशवाहा, सब इंस्पेक्टर उमेश कुमार, कृष्ण कुमार एवं समस्त स्टाफ, आगरा की एंकर सिंगर श्रीमती हेमा शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष विजयलक्ष्मी अरोड़ा एवं संस्था के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थी परिषद ने किया पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी और पौधरोपण

जन एक्सप्रेस। आगरा



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विकासर्थ विद्यार्थियों के छात्रों के लिए के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जिसमे बहुत से छात्रा छात्राओं सम्मलित हुए सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सारदे एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के समक्ष मनीष राय, दीपा गोस्वामी, राम प्रताप चंदेल एवं आकाश कुशवाह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

राम प्रताप चंदेल ने कहा की सभी छात्रों को पर्यावरण के लिए जागरूक करते हुए कहा की विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जिस दिन हम पर्यावरण के बारे में जागरूकता फैलाते हैं और इसे संरक्षित करने की आवश्यकता के बारे में बताते हैं। मनीष राय ने कहा कि खराब हवा लोगों का दम घोंट रही है। शहरों में बहुत से लोगों को बदतर आवोहवा के चलते लोगों को सांस, हृदय, फेफड़ों की बीमारियों हो रही हैं। हमें यह समझना चाहिए कि संपूर्ण मानवता का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है। इसलिए एक स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है। दीपा गोस्वामी ने कहा की पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण की वकालत करना आवश्यक है। यह काफी सरल है क्योंकि जब हम आज पर्यावरण का संरक्षण करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियाँ एक स्वस्थ जीवन जी सकेंगी। हम इतने स्वार्थी नहीं हो सकते और अपने लिए सभी संसाधनों का उपयोग नहीं कर सकते।

विश्व पर्यावरण दिवस लोगों को उन मुद्दों के बारे में जागरूक करने का सही अवसर है जिनका हम सामना कर रहे हैं और इसे बचाने में कोई कैसे योगदान दे सकता है। इस प्रकार, यह अपने आप में काफी महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रीय कला मंच का हुनरबाज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विद्यार्थी परिषद के द्वारा चलाये जा रहे छात्रा व्यक्तित्व विकाश शिविर मे विद्यार्थियों ने जो सीखा उसका प्रारदर्शन करके दिखाया कई प्रकार की डांस की प्रस्तुति, मेहंदी की प्रस्तुति एवं व्यूटिशियान प्रस्तुति दी गयी। सभी छात्रों मे एक विशेष प्रकार की ऊर्जा थी।

इस कार्यक्रम ने राष्ट्रीय कला मंच संयोजक प्रशांत यादव ने सभी को कला मंच के बारे मे विषतार मे बताया की किस प्रकार से विद्यार्थी यहां जुड़ते है। राहुल नारद ने कहा की सभी को मन से यहां सिखाई जा रही सभी कलाओ को सीखना चाहिए और उसे अपने जीवन मे प्रयोग करना चाहिए। मंच संचालन शिवांग खंडेलवाल ने किया। इस कार्यक्रम ने प्रान्त सह मंत्री शुभम कश्यप प्रान्त सोशल मीडिया संयोजक सोमेश गुप्ता महानगर संगठन मंत्री नीरज गोस्वामी, उदय ध्रुब, श्वेता, कोमल, तेजपाल, आकाश, सहित बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वृक्षारोपण करने का लिया संकल्प



जन एक्सप्रेस। किरावली

कस्बा किरावली में बुधवार 5जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्या भारती द्वारा संचालित अनार देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर उ. मा. विद्यालय में शिक्षकों ने प्रकृति पूजन किया गया। साथ ही प्रतिदिन की भांति पेड- पौधों में पानी दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्यामहरी शर्मा ने बताया कि विद्यालय में पेड़ पौधों की बच्चों की तरह उनकी देख-रेख की करीब दो साल से उनका संरक्षण किया जा रहा है। उसी प्रकार अपने आवास पर लगे पौधों में भी पानी दिया और देख - रेख की। इस वर्ष विद्यालय में पर्यावरण पखबाड़ा 10 जुलाई से 25 जुलाई तक मनाया जायेगा जिसके तहत विद्यालय के माध्यम से वृक्षारोपण किया जायेगा साथ ही विद्यालय के विद्यार्थियों व अभिभावकों को भी वृक्षारोपण के लिए प्रेरित कर से अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण का संकल्प दिलाया जायेगा। इसमें विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों को भी सहयोग में लगाया जायेगा। जिससे हम लक्ष्य को प्राप्त कर वातावरण शुद्ध रखने व सभी को स्वस्थ रखने की कड़ी में एक छोटा सा प्रयास कर सके। इस दौरान विद्यालय में रवीन्द्र शर्मा, मनोज कुमार, सिंह सुबोध कुमार, गंगा प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में क्लोरीन प्लांट के सिलेंडर से हुआ गैस रिसाव

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

बुधवार को मलखान सिंह जिला अस्पताल की ट्यूबवेल में 20 साल पुराना कंडम क्लोरीन सिलेंडर रखा हुआ था। अचानक क्लोरीन से भरे गैस सिलेंडर में रिसाव हो गया। ठाकुर मलखान सिंह जिला अस्पताल में क्लोरीन प्लांट के सिलेंडर में अचानक रिसाव होने लगा। गैस रिसाव से मरीज और उनके तीमारदारों को बेचौनी होने लगी। गैस रिसाब के बाद अस्पताल में अफरा तफरी मच गयी। सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मलखान सिंह जिला अस्पताल की ट्यूबवेल में 20 साल पुराना कंडम क्लोरीन सिलेंडर रखा हुआ था। अचानक क्लोरीन से भरे गैस सिलेंडर में रिसाव हो गया। गैस रिसाव से मलखान सिंह जिला अस्पताल परिसर के वार्डो में भर्ती मरीज और उनके तीमारदारों में बेचैनी और घबराहट होने लगी। जिसके बाद अस्पताल प्रशासन के द्वारा तत्काल उन मरीज और तीमारदारों को अन्य वार्डों में शिफ्ट करने का काम किया। जिससे किसी भी मरीज को कोई परेशानी न हो सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीरज त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि मलखान सिंह जिला अस्पताल की ट्यूबवेल के अंदर क्लोरीन एक पुराना सिलेंडर रखा हुआ था। जिसमें से रिसाव होने लगा है। तत्काल सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची है और गैस रिसाव पर पानी छिड़क कर कंट्रोल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### हिम्मत सिंह एड. अ.भा. पंचायत परिषद में शामिल

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी गवेन्द्र सिंह एडवोकेट ने वरिष्ठ अधिवक्ता हिम्मत सिंह एडवोकेट पूर्व प्रधान निवासी ग्राम अकरवात ब्लॉक खैर जनपद अलीगढ़ आज अखिल भारतीय पंचायत परिषद में गभाना जाकर शामिल किया हिम्मत सिंह ने इस अवसर पर कहा पंचायत परिषद के संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी सक्रियता के साथ अपना सहयोग देकर संगठन के साथ निर्वाचित प्रतिनिधियों को जोड़ने का कार्य करूंगा जिससे त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था मजबूत हो हिम्मत सिंह एडवोकेट का स्वागत करते हुए गवेन्द्र सिंह एडवोकेट ने कहा संगठन से जुड़ने से जिले में संगठन और अधिक मजबूत होगा हिम्मत सिंह ग्रामीण परिवेश से जुड़े हुए समाजसेवी प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं तथा जिला पंचायत का चुनाव भी लड़ चुके हैं।

## शराबी पति से पीड़ित महिला एसएसपी से मिली

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़



बुघवार को अपने पति के उत्पीडन से परेशान महिला एसएसपी कार्यालय पर पहुंची और प्रार्थना पत्र के देकर न्याय की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सासनीगेट अन्तर्गत आगरा रोड स्थित सिंघल धर्मकांटा की एक महिला एसएसपी कार्यालय पर पहुंची। पीडिता ने पति द्वारा उत्पीडन किये जाने के प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी शादी 13 जनवरी 2017 को सतीश पुत्र सुरेन्द्र निवासी विडी, तालानगरी थाना हरदुआगंज से हिन्दू रीति रिवाज के साथ संपन्न हुई थी।

शादी के कुछ समय बाद पति सतीश, भाल बन्द्रकलां आये दिन मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे प्रार्थिया का पति शराब पीकर गाली गलौच करता तथा अप्राकृतिक सम्बन्ध स्थापित करता एवं तरह-तरह के आरोप लगाता था पीडिता इन सभी बातों को सहन करती रही कि परिवार न बिगडे इसी बीच दोनों के संसर्ग से दो बच्चे कृष्ण व पांखी उम्र 6 वर्ष पैदा हुये लेकिन पति सतीश के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया तथा आये दिन परेशन करना आदत बन चुकी थी।

इसकी शिकायत पूर्व में भी पीडिता ने की थी और समझौता कर वह साथ ले गया। कुछ समय तक तो रखा लेकिन शराब पीकर प्रतादित करना शुरु कर दिया तथा उल्टे सीधे आरोप लगाना तथा मारपीट करना आम बात हो गई थी हारकर पीडिता अपनी मर्जी से घर छोड़कर चली गयी थी। उसका आरोप था कि इस बीच उसके पति ने ताला नगरी पुलिस चौकी पर किसी अन्य व्यक्ति के साथ भागने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया। जबकि वह स्वंय अपनी मर्जी से घर छोडकर गयी थी। पीड़िता ने एसएसपी को दिये गये शिकायती पत्र स्थानीय पुलिस पर सांठ गांठ का आरोप भी लगाया है और न्याय की गुहार भी लगाई है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़



विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में पुलिस परिवार के बच्चों तथा एनसीसी के बच्चों द्वारा पुलिस लाइन परिसर में वृहद वृक्षारोपण का आयोजन कराया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक अनुभव कुमार त्रिपाठी, पुलिस फैमिली वेलफेयर प्रभारी उपनिरीक्षक विमलेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक राजवीर सिंह महिला आरक्षी मोनिका शर्मा व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय राकेश कुमार सिसौदिया व प्रभारी निरीक्षक थाना बन्नादेवी श्रपंकज मिश्रा द्वारा थाना बन्नादेवी पर वृक्षारोपण किया गया। नगर निगम ने पौधरोपण का किया। इस दौरान नगर आयुक्त अमित आसेरी 'ने बालम खीरा का पेड़ लगाकर गोद लिया। इस मौके पर गांधी पार्क और सेवा भवन में पेड़ भी लगाये तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को पांच-पांच पेड़ लगाकर उनकी देख रेख करने की नसीहत भी दी। उन्होने बताया विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम अलीगढ़ द्वारा नगरीय क्षेत्र में वृक्षारोपण का बृहद अभियान शुरू कर दिया गया है सभी अधिकारी कर्मचारियों को 5-5 पेड़ लगाकर उनकी देखरेख करने की जिम्मेदारी दी गई है सभी सामाजिक संगठन और बुद्धिजीवियों से अपील की जाती है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर उसे अपनी संतान की तरह देखरेख करें तो निश्चित रूप से अलीगढ़ ग्रीन अलीगढ़ बनेगा। नगर आयुक्त ने कहा इस बार विस्तारित क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पोखर की खुदाई का काम नगर निगम कर रहा है इन पोखरो के चारों ओर डिवाइडर नगर निगम की संपत्तियां पार्कों में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की कोशिश नगर निगम द्वारा की जाएगी।

# हरित साइकिल ने दिया साइकिल चलाओ, पृथ्वी बचाओ का संदेश

जन एक्सप्रेस। आगरा



जैसा कि हम सभी जानते हैं कि प्राचीन काल से ही पर्यावरण का बहुत महत्व है क्योंकि प्रकृति का संरक्षण करने का मतलब उसका पूजन करने के समान होता है। इस धरा पर पेड़-पौधे, नदी, पर्वत, वायु, अग्नि, जल व ग्रह- नक्षत्र यह सभी कहीं ना कहीं मानव के साथ जुड़े हुए हैं, लेकिन बढ़ते हुए विकास के कारण मनुष्य पर्यावरण को निरंतर हानि पहुंचा रहा है। आज पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्रीन हाउस गैसों के प्रभाव, ग्लोबल वार्मिंग आदि को कम करने व नियंत्रित करने के लिए पर्यावरण संरक्षण की अत्यंत आवश्यकता है। हम सभी को आज से ही पर्यावरण संरक्षण के लिए जुट जाना चाहिए। इसी क्रम में आगरा शहर को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही शहर की प्रथम हरित साइकिल आमजन के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। यह हरित साइकिल शहर में हरियाली के साथ ही पेड़ पौधों को ना काटने, जल बचाने, पॉलिथीन का उपयोग न करने (पॉलिथीन हटाने) के साथ ही कचरा ना फैलाने का संदेश

शहर के आमजन तक पहुंचा रही है। अपनी कई वर्षों पुरानी साइकिल को नया रूप रंग देकर व प्रकृति से जोड़कर प्रतिदिन चार से पांच किलोमीटर शहर के विभिन्न स्थानों पर चलाकर पर्यावरण संरक्षण के ऐसे संदेश आगरा शहर के पर्यावरणप्रेमी अमित लवानिया दे रहे हैं। वे विगत लगभग दस वर्षों से निरंतर समाजसेवा व पर्यावरण संरक्षण के कार्य में तन मन धन से निस्वार्थ भाव से लगे हुए हैं साथ ही आगरा शहर की विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ जुड़े हुए हैं। अमित लवानिया **दि आईकॉनिक ग्लोबल फाउंडेशन** आगरा के संस्थापक /अध्यक्ष भी हैं व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण उपक्रम **पर्यावरण संरक्षण गतिविधि** में आगरा महानगर से स्वयंसेवी संस्थान प्रमुख, छावनी महानगर के दायित्व का निर्वहन भी कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को समाज के आमजन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने अपनी कई वर्षों पुरानी लगभग अनुपयुक्त साइकिल को चुना। काले रंग की जंग लगी हुई साइकिल को प्रकृति के गहरे व हल्के हरे रंगों से रंग कर फिर साइकिल पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाले विभिन्न रंगों के विभिन्न संदेशों को साइकिल के फ्रेम के विभिन्न हिस्सों पर लिखवाया है। पुरानी साइकिल को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली हरित साइकिल में परिवर्तित करने के लिए अमित लवानिया को करीब दो महीने से अधिक का समय लगा। प्रतिदिन कुछ न कुछ नया सोचना, फिर उसे संशोधित करने का क्रम लगातार का कई दिनों तक चलता रहा और अभी भी प्रतिदिन वे अपनी हरित साइकिल में निरंतर कुछ न कुछ परिवर्तन कर रहे हैं।वे जब पेड़ पौधों व उनके बीजोंका वितरण करते हैं तो हरित साइकिल में आगे लगी टोकरी की हरे रंग से रंगी हुई दो चद्दर की प्लेट जन-जन में पौधे वितरण व सीड बैंक (बीज बैंक)का संदेश देती है। जब यह साइकिल किसी स्थान पर रूकती है तो पीछे से देखने पर यह हरित साइकिल राइड बाईसाइकल, सेव अर्थ अर्थात साइकिल चलाओ, पृथ्वी बचाओ का संदेश भी सभी को देती है। पर्यावरणप्रेमी अमित लवानिया ने जीवन पर्यंत प्रकृति को बचाने व पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित रहने का संकल्प भी लिया है।वे जन-जन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर अपने साथ जोड़ने का प्रयत्न सदैव करते रहेंगे।

# पूरनपुर की नेकी की दीवार संस्था जिले में रोपित कराएगी दो लाख पौधे

* जिले के सभी गुरुद्वारों से पौधे लगाने की अपील के साथ बताया जा रहा पौधों का महत्व
* माधोटांडा से शाहजहांपुर की सीमा तक गोमती नदी के घाट पर भी लगेंगे पौधे

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



नेकी की दीवार संस्था द्वारा इस बार पौधारोपण पर बेहद जोर दिया जा रहा है। संस्था की तरफ से जिलेभर में दो लाख पौधे रोपित कराने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर नेकी की दीवार सामाजिक संस्था से गुरमेल सिंह ने पीटीआर डीएफओ मनीष सिंह के साथ गुरुद्वारा सिंह सभा में एक बैठक का आयोजन कर रणनीति तय की। इसके लिए जिलेभर के गुरुद्वारों की कमेटी द्वारा लोगों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पौधों का रोपण घर-घर, गोमती नदी के सभी घाटों, सड़कों के किनारे और सार्वजनिक जगहों पर किया जाएगा। संस्था द्वारा पौधारोपण अभियान पांच जून से शुरू होकर 31 जुलाई तक चलेगा।

पर्यावरण संरक्षण के लिए शासन प्रशासन द्वारा जागरूक और पौधारोपण अभियान भी समय-समय पर चलाए जाते हैं। विश्व पर्यावरण, प्रकृति दिवस और वन महोत्सव पर वृहद स्तर पर पौधे रोपित किए जाते हैं। इनके संरक्षण पर भी जोर दिया जाता है लेकिन कुछ जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते धरा हरी भरी नहीं रह पा रही है। मंगलवार पूरनपुर ब्लाक रोड स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में सामिजिक संस्था नेकी की दीवार की ओर से साल भीषण गर्मी ने रिकार्ड की तोड़ दिया। ताप के प्रकोप को देख पेड़-पौधों का महत्व जनमानस को समझ आ गया है। इससे जो अनजान हैं उनको भी पेड़-पौधों का महत्व बताकर पौधारोपण करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। यह प्रयास नेकी की दीवार संस्था द्वारा शुरू कर दिया गया है। संस्था के गुरमेल सिंह ने बताया कि मनुष्य के जीवन में पेड़-पौधे अहमद भूमिका निभाते हैं। इनके बिना जीवित रहना संभव नहीं है। इस साल बढ़ते तापमान को देखकर वर्षों से चली आ रही पेड़ पौधों की कमी का एहसास मानव को हो रहा है। हालांकि पीलीभीत में हरियाली है फिर भी नेकी की दीवार इस साल पांच जून से जुलाई माह तक अभियान चलाकर जिलेभर में दो लाख से अधिक पौधे रोपित कराएगी। डीएफओ ने सामाजिक संस्था को पौधों का सहयोग देने की बात कही। जबकि अधिकांश पौधे क्रय किए जाएंगे। इनमें जामुन, नीम, पीपल, आवला, सहजन सहित कई प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधे होंगे। उन्होंने बताया कि जिलेभर में 130 गुरुद्वारे हैं। सभी गुरद्वारों की कमेटी के लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित कराकर जनमानस को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

बैठक में वन विभाग से डीएफओ मनीष सिंह, रेंजर पीयूष मोहन, फारेस्ट गार्ड सुरजीत कुमार, निपेन्द्र कुमार, गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी से रणजीत सिंह अध्यक्ष, बलजीत सिंह खैरा, कुलदीप सिंह, जर्मन जीत सिंह, जसवंत सिंह, हरिंदर सिंह, रूप सिंह लक्खा सिंह, अवतार सिंह, कुलदीप सिंह, परमजीत सिंह, अशोककुमार खंडेलवाल अन्य लोग मौजूद रहे।

# भिंडरावाला पोस्टर के मामले में शासन को भेजी जाएगी रिपोट

* पुलिस की ओर से तीन लोगों पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी
* पूरनपुर क्षेत्र में सक्रिय हुई खुफिया इकाइयां

> "जरनैल सिंह भिंडरावाला का फ्लैक्स बोर्ड लगाए जाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। पूरे मामले पर नजर रखी जा रही है ताकि कोई खुराफात न कर सके। खुफिया एजेंसियों की ओर से रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।
>
> संजीव शुक्ला, कोतवाली पूरनपुर

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

रुरिया गुरुद्वारा में खालिस्तानी समर्थक जरनैल सिंह भिंडरावाला का फ्लैक्स बोर्ड लगाने के मामले में पुलिस सक्रिय हो गई है। सूत्रों के अनुसार खुफिया एजेंसियों की ओर से मामले की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।पुलिस और खुफिया इकाइयां भी इस पर नजर रख रही है। पुरनपुर सिख समुदाय बाहुल्य क्षेत्र है।इन दिनों क्षेत्र के अनेकों गुरुद्वारों पर शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। रुरिया खालसा गुरुद्वारा गेट के सामने खालिस्तानी संगठन प्रमुख जरनैल सिंह भिंडरावाला का अपने साथियों सहित असलहों के साथ फ्लेक्स बोर्ड लगाए जाने का मामला सामने आने के बाद एहतियात के तौर पर रविवार से ही पुलिस तैनात कर दी गई थी। 24 घंटे का अल्टीमेट देने के बाद भी फ्लेक्स बोर्ड ना हटाए जाने पर पुलिस ने गुरुद्वारा प्रमुख प्रधान अमरीक सिंह सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। गुरुद्वारा कमेटी की ओर से की गई बैठक में तय किया गया था कि पुलिस द्वारा कार्रवाई किए जाने पर क्षेत्र के अन्य गुरुद्वारों पर भी जरनैल सिंह भिंडरावाल के पोस्टर चस्पा किए जाएंगे। मामले में खुफिया इकाइयां भी सक्रिय हो गई है। वह तहसील क्षेत्र के सिख समुदाय बाहुल्य इलाकों में निगरानी बनाए हुए हैं। सूत्रों के अनुसार जांच के बाद खुफिया इकाइयां इसकी रिपोर्ट शासन को भेजेंगी।

## दियोरिया पुलिस ने चलाया साइबर जागरुकता अभियान

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। दियोरिया कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक सलमान अली, उपनिरीक्षक उदयवीर ने मधवापुर में लोगों को एकत्रित कर साइबर अपराधों की रोकथाम को लेकर साइबर जागरुकता अभियान के अंतर्गत जानकारी दी। अपने संबोधन में वरिष्ठ उपनिरीक्षक सलमान अली ने बताया कि कभी भी अपने ओटीपी की जानकारी फोन पर किसी के साथ साझा नहीं करें। ऐसा करने से आपका बैंक एकाउंट खाली हो जाएगा। आजकल साइबर ठग नये नये हथकंडे अपनाकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। अंजान फोन काल आने पर अपनी किसी भी जानकारी को साझा नहीं करें। आपकी जानी पहचानी आवाज को कापी पेस्ट कर साइबर ठग आसानी से भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर लाखों रुपए की ठगी कर रहे हैं। कहीं सीबीआई बनकर लोगों को अपने जाल में फंसाकर हाउस अरेस्ट कर लाखों रुपए अपने एकाउंट में ट्रांसफर करवा रहे हैं।

# नेकी की दीवार एक हजार जरूरतमंदों को बांटेगी गमछा

* भीषण गर्मी से राहत को गमछा बांटने का लिया गया निर्णय

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

नेकी की दीवार संस्था द्वारा एक हजार जरूरतमंदों को गमछा वितरित किए जाएंगे। इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है।

बतादें कि पिछले कई दिन से संस्था द्वारा ओआरएस के पैकट भी नगर से ग्रामीण क्षेत्र में बांटे जा रहे हैं। ताकि लोग गर्मी की चपेट में आने से बचे। पूरनपुर से शुरू हुई नेकी की दीवार संस्था देश विदेश में भी पहचानी जाने लगी है। इस संस्था द्वारा गरीब, असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाती है। गरीब कन्याओं के विवाह में भी संस्था के लोग आगे आकर मदद करते हैं।

इसके अलावा अन्य कई सराहनीय कार्य भी किए जा रहे हैं।

भीषण गर्मी के प्रकोप के चलते संस्था द्वारा पिछले कई दिनों से नगर और ग्रामीण क्षेत्र में घूम-घूमकर ओआरएस के पैकेट बांटे जा रहे हैं। अब जरूरतमंदों को गमछा देने का निर्णय भी संस्था द्वारा लिया गया है। संस्था के गुरमेल सिंह ने बताया कि तेज धूम से राहत दिलाने के उद्देश्य से एक हजार से अधिक जरूरतमंदों को गमछा बांटे जाएंगे।

उनका कहना है कि जरूरतमंदों की मदद करने से पुण्य मिलता है।

उन्होंने सभी से गरीबों और असहाय लोगों की मदद करने की अपील की है।

## ब्यूरोक्रेसी की मनमानी भाजपा पर पड़ी भारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर जिले की दोनों लोकसभा सीटों पर भाजपा की करारी हार का मुख्य कारण प्रदेश में सत्तारूढ़ दल के मंत्री, सांसद, विधायक नेताओं सहित कार्यकर्ताओं पर ब्यूरोक्रेसी का हावी होना बताया जा रहा है। लोकसभा की लगभग आधी सीटों पर मंत्री, विधायक होने के बावजूद बीजेपी सपा के विजय रथ को आगे बढ़ने से रोक पाने में नाकाम रही।

गौरतलब है कि जब से भाजपा प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सत्तारूढ़ हुई तभी से प्रदेश में जन प्रतिनिधियों से ज्यादा पावरफुल नौकरशाही हो गई। प्रशासनिक अधिकारियों के मनमाने रवैये से परेशान आम जनता, पार्टी कार्यकर्ता इस चुनाव में पूरी तरह उदासीन दिखाई पड़े।

उनके अंदर आम चुनावों की तरह उत्साह नहीं दिखाई पड़ा।

और इस स्थिति का लाभ इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने दोनों सीटों पर जीत दर्ज करके पूरा कर दिया। बीजेपी के कोर वोटरों से लेकर कार्यकर्ताओं में नौकरशाही के इस रवैये को लेकर इस कदर आक्रोश था कि मतदान के दिन वे अपना वोट डालने के बाद घर बैठ गए।

क्योंकि इस चुनाव में पार्टी के बड़े पदाधिकारियों से लेकर प्रत्याशी तक ने उपेक्षित करने का कार्य किया। हालांकि ब्यूरोक्रेसी के इस मनमानी से जनप्रतिनिधि भी कम परेशान नहीं हैं।

किंतु अपने प्रोटोकॉल की मजबूरियों की वजह से इस बात को वे आम जनमानस को बता नहीं सकते हैं। बहरहाल धीरे-धीरे आम जनता भी इस बात से वाकिफ हो गई कि हमारे माननीयों की भी अधिकारी-कर्मचारी सुन नहीं रहे हैं।

तहसीलों, थानों में व्याप्त इस भ्रष्टाचार की शिकायत समय-समय पर पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता संगठन के माध्यम से ऊपर तक उठाते रहे लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं था।

आखिरकार परेशान कोर वोटरों की उदासीनता इस चुनाव में भाजपा को भारी ही पड़ गई।

# बाइक सवार बदमाशों ने पूर्व प्रधान को मारी गोली

* रामीपुर गाँव के पास शाम को हुई घटना

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के रामीपुर गाँव के पास बुधवार की देर शाम इनामीपुर के पूर्व प्रधान को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी। घायल को सीएचसी बदलापुर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मौके पर पहुँची पुलिस टीम मामले की छानबीन कर रही है। बुधवार की शाम को रोज की तरह

इनामीपुर गाँव के पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश तिवारी उर्फ मुकेश तिवारी गाँव के बगल रामीपुर गाँव के तिराहे पर स्थित दूकान पर बैठे थे। वहां अचानक पहुंचे बाइक सवार दो बदमाशों ने मुकेश को लक्ष्य करके गोली मार दी। घटना के बाद बदमाश मेढा की तरफ भाग निकले। गोली की आवाज सुनकर वहाँ आसपास की दुकानों में भगदड़ मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो घायल पूर्व प्रधान को लक्ष्य करके दो गोली मारी गयी है।

ग्रामीण उन्हें उठाकर सीएचसी बदलापुर ले गए जहां हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल के चचेरे भाई प्रमोद कुमार तिवारी ने थाने पर तहरीर देते हुए गाँव के ही दो युवकों पर गोली मारने का आरोप लगाया है।

उसका कहना है कि कल बगल के गाँव में आयोजित निमन्त्रण में दोनों लोगों में विवाद हुआ था।

उसी मामले को लेकर वाव के ही दो युवकों ने गोली मारकर घायल कर दिया।

एसओ तरुन श्रीवास्तव, सीओ बदलापुर मयफोर्स मौके पर पहुँचकर मामले की जांच में जुटे हैं।

# आखिरकार रंग लाई राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार की मेहनत







* राज्य मंत्री द्वारा आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन ने बदली चुनाव की फिजां
* मतदाताओं का रूख मोडने से हुई जितिन प्रसाद की ऐतिहासिक जीत

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

पीलीभीत। लोकसभा 2024 के सम्पन्न हुये चुनावों में पीलीभीत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद की ऐतिहासिक जीत में प्रदेश के गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की कडी मेहनत रंग लाई है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने यू तो अपने विधान सभा क्षेत्र की जिम्मेदारी के साथ-साथ पूरे जनपद में रैली, नुकक्ड़ सभायें एंव ग्रमीण क्षेत्रों में जन सभायें कर पार्टी प्रत्याशी श्री प्रसाद के समर्थन में मतदाताओं का रूख मोडने का काम किया है लेंकिन असल इबारत 15 अप्रैल को संजय रॉयल पार्क में राज्यमंत्री श्री गंगवार द्वारा बुलाये गये अपने विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में लिखी गई जहॉ बडी संख्या में आये कार्यकर्ताओं ने चुनाव की फिंजा बदल दी और दूर तक संदेश दे दिया कि इस बार भाजपा प्रत्याशी श्री प्रसाद की भारी मतों से जीत होना सुनिश्चित है। इस कार्यकर्ता सम्मेलन की गूंज पूरे जनपद के अलावा प्रदेश स्तर तक पहुॅची जहॉ संगठन के साथ ही पार्टी प्रत्याशी श्री प्रसाद ने भी इस सम्मेलन को अभूतपूर्व बताते हुए सराहना की थी और राज्यमंत्री श्री गंगवार को जमीनी नेता करार दिया था।

बताते चले की भाजपा संगठन ने 24 मार्च 2024 को पीलीभीत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद को अपना प्रत्याशी घोषित किया जबकि 19 अप्रैल 2024 को पीलीभीत लोकसभा का मतदान होना निश्चित हुआ। मात्र 1 माह का चुनावी प्रचार का समय प्रत्याशी के लिए काफी नही था ऐसी स्थिति में संगठन ने चुनाव की जिम्मेदारी खास तौर पर राज्यमंत्री श्री गंगवार को सौंपी जिसका नतीजा यह हुआ कि राज्यमंत्री श्री गंगवार ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में दिन रात जी-तोड मेहनत कर उस स्थिति में चुनाव को मजबूती प्रदान की जहॉ विपक्षी समाजवादी पार्टी ने कुर्मी वहुल्य सीट पर कुर्मी प्रत्याशी पर सपा के कददावर नेता भगवत सरन गंगवार को यहॉ प्रत्याशी घोषित किया।

ऐसी स्थिति में राज्यमंत्री श्री गंगवार को इस चुनाव को जिताना कडी चुनौती बन गया लेंकिन राज्यमंत्री ने अपनी सूझबूझ से इस चुनाव को जीताने के लिए न सिर्फ अपने विधान सभा क्षेत्र की जिम्मेदारी समाली ब्लकि पूरे जनपद में पार्टी प्रत्याशी के साथ चुनावी जनभायें, नुकक्ड़ सभायें रैलिया, पिछडा वर्ग सम्मेलन और रोड शो करके पार्टी प्रत्याशी श्री प्रसाद के समर्थन में माहौल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। चुनाव के पीक पर 15 अप्रैल को चुनावी फिजां उस समय बदल गई जब राज्यमंत्री श्री गंगवार ने संजय रॉयल पार्क स्थित अपने आवास पर पीलीभीत विधान सभा क्षेत्र का एक वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जिसमें क्षेत्र के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, सभी ब्लाक प्रमुख, नगर पालिका, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, सभासदगण के साथ ही भाजपा के सेक्टर प्रभारी, वूथ अध्यक्षों, मण्डल अध्यक्षों, सहित पार्टी के हर छोटे बडे कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में बुलाया गया जहॉ हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुॅचे और सम्मेलन में एक बडा रूप ले लिया, यही से पार्टी प्रत्याशी श्री जितिन प्रसाद की चुनाव का रूख बदला और उसका नतीजा यह हुआ

कि 4 जून को 2024 को आये मतगणना परिणाम में भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद को डेढ लाख से अधिक मतों के अन्तर से सपा प्रत्याशी को हरा कर ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित की।

इस जीत से जहॉ लोगों को तरह-तरह की चर्चाओं और अठकलों को करने से विराम लगा वही राज्यमंत्री श्री गंगवार ने एक बार फिर अपनी जमीनी हकीकत को जनता के सामने ला कर रखा।

### चुनाव के दौरान यहॉ हुई जनसभायें नुकक्ड सभायें और रैलियॉ

लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के साथ राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने पीलीभीत विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में सेक्टरवाइज 220 जनसभायें, 50 नुकक्ड सभायें पकडिया नौगंवा में 3 जनसभायें बीसलपुर, बरखेडा बिलसण्डा में रोड शो, पीलीभीत पूरनपुर ललौरीखेडा, मरौरी, अमरिया क्षेत्रों में जनसभायें एंव रैली के अलावा पीलीभीत, बहेडी आदि क्षेत्रों में पिछडा वर्ग सम्मेलनों को आयोजित कर पिछडों को पार्टी प्रत्याशी के सर्मथनों में लामबन्द करने का काम किया जिसका फायदा चुनाव नतीजों साफ तौर पर दिखाई दिया।

### जीत का श्रेय क्षेत्र की जनता एंव कार्यकर्ताओं को

लोकसभा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के भारी मतों से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुॅचने पर गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि क्षेत्र की जनता, वूथ अध्यक्षों,सेक्टर प्रभारियों, पन्ना प्रमुखों, मण्डल अध्यक्षों व उनकी टीम को इसका श्रेय है जिन्होनें अथक प्रयासों से जीत को ऐतिहासिक बनाया है।

### पैतृक गॉव कुकरीखेडा और मतदेय स्थलों पर जीती भाजपा

लोकसभा 2024 के सम्पन्न हुये चुनावों की मतगणना के बाद बूथों पर विभिन्न पार्टी प्रत्याशियों द्वारा प्राप्त किए गये मतों का भी आंकलन किया जाता है। गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के पैतृक गॉव कुकरीखेडा और उनके मतदेय स्थल शहर के राम लुभाई मतदान केन्द्रों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित हुई है। प्राप्त आंकडों के मुताबिक कुकरीखेडा के वूथ संख्या-123 पर भाजपा को 323, समाजवादी पार्टी को 305 और बहुजन समाज पार्टी को 3 मत प्राप्त हुये है। इसके अलावा राज्यमंत्री श्री गंगवार के मतदेय स्थल राम लुभाई राजकीय कन्या महाविधालय स्थित वूथ संख्या-275 पर भाजपा को 383, समाजवादी पार्टी को 221 और बहुजन समाज पार्टी को 15 मत प्राप्त हुये है।

## कांटे की टक्कर में कम हो गया अनुप्रिया की जीत का अंतर

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

अपना दल एस की प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को भले ही तीसरी बार जीतकर हैट्रिक लगाई हो, लेकिन जीत का अंतर कम होने से उनके समर्थकों के चेहरे लटके रहे। अनुप्रिया इससे पहले भी दो बार सांसद रह चुकी हैं। दोनों ही बार उन्होंने दो लाख वोट से ज्यादा के अंतर से विजय हासिल की थी। इस बार यह अंतर काफी कम हो गया। इसका सीधा कारण भदोही के सांसद रमेश बिंद का सपा के टिकट पर चुनाव लड़ना रहा। रमेश बिंद ने 13 मई को नामांकन किया और उसके बाद चुनाव प्रचार किया। इतने कम समय में ही उन्होंने कांटे की टक्कर दी। इसकी पूरे जिले में चर्चा रही। शुरूआत में तो यही लग रहा था कि रमेश बिंद ही चुनाव जीत जाएंगे, लेकिन अंतत~ अनुप्रिया पटेल ने उनको हरा दिया। पहले यह चुनाव एकतरफा हो रहा था। माना जा रहा था कि किसी के पास कोई विकल्प नहीं है, लेकिन रमेश बिंद ने अपने पुराने तेवर दिखाते हुए जबरदस्त टक्कर दी। रमेश के आने से ओबीसी एवं एससी-एसटी के मतों में बिखराव हो गया। इसके बाद राजा भैया के मामले में क्षत्रिय मतदाताओं ने भी नाराजगी जताई। सवर्ण मतदाताओं में से ब्राह्मण समाज के मत पहले से ही बसपा के मनीष त्रिपाठी के नाम पर गोलबंद बताए जा रहे था। इसके बाद अनुप्रिया पटेल को पटेल समाज के मतों का ही भरोसा रहा। शायद यही वजह रही कि सपा को भी पर्याप्त समर्थन मिला और बसपा को भी मतदाताओं ने बड़ी संख्या में अपना समर्थन दिया।

# जौनपुर पुलिस मोस्ट वांटेड इनामी बदमाश को मुठभेड़ किया ढेर



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर पुलिस को मंगलवार देर रात बड़ी सफलता हाथ लगी पुलिस के लिए वर्षों से सिरदर्द बना सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ईश्वरी नेवादा गांव निवासी जिले के मोस्ट वांटेड अपराधी प्रशांत सिंह उर्फ प्रिंस सिंह पुत्र प्रेम नारायण सिंह को मुठभेड़ में ढ़ेर कर राहत की सांस ली। पुलिस की माने तो प्रशांत उर्फ प्रिंस सिंह जिले का मोस्ट वांटेड था हप्ता वसूली भाड़े पर हत्या करना इसका पेशा था बीते सालों में कई राजनीति से जुड़े व्यक्तियों की हत्या हुई। जिसमें एक वर्ष पूर्व में हुई सपा नेता लालजी यादव की हत्या हो या प्रधान राजकुमार की हत्या समेत समेत कई घटनाओ में इसका नाम प्रकाश में आया जो पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के निर्देशन में प्रभारी स्वाट स्पेशल टीम रामजनम यादव व स्वाट प्रभारी विनीत राय, उप निरीक्षक विवेक तिवारी जिम्मेदारी दी। फिर प्रभारी अपने सहयोगियो के साथ लगातार प्रयास कर रहे थे। और 4 जून की रात में उन्हें यह सफलता खेतासराय के सोगर गांव में मिली। चेकिंग के दौरान बदमाशो से मुठभेड़ हो गई और मुठभेड़ में उप निरीक्षक विवेक तिवारी के हाथ में गोली लगी। मुठभेड़ के दौरान उनके बुलेट प्रूफ जैकेट पर भी गोली लगी। दोनों ओर से चली फायरिंग में एक लाख का इनामी प्रशांत सिंह उर्फ ढेर हो गया। प्रिंस के ढेर होने की खबर लगते ही व्यापारियो नेताओ व लोगों ने राहत की सांस ली।

### पत्रकार हन्या काण्ड का मुख्य सूटर बताया जा रहा है

पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान के मुताबिक प्रिंस सिंह पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव हत्याकाण्ड का प्रमुख शूटर था। हत्या के बाद से ही पुलिस इसकी तलाश में जुटी थी। इस पर गम्भीर धाराओं कुल 37 मुकदमा जनपद समेत आजमगढ़ अयोध्या मुम्बई में दर्ज है। यह पिछले सात वर्षों से फरार चल रहा था।

# एकाउंटेंट व शिक्षक के बेटे का हुआ नीट में चयन, हर्ष

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सुइथाकला। कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता ,एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो ....। कुछ ऐसा ही कारनामा क्षेत्र के एक वित्तविहीन विद्यालय में तैनात एकाउंटेंट के बेटे ने नीट की परीक्षा में चरितार्थ कर दिखाया। मोहम्मद हुसैन इण्टर कालेज खानबड़ेपुर में एकाउंटेंट पद पर तैनात रमेश चन्द्र तिवारी के बेटे उत्कर्ष ने पिता की आर्थिक स्थिति को भांपते हुए घर से ही तैयारी कर नीट की परीक्षा में 680अंक लाकर पानी की तरह पैसा बहाने वालों को आइना दिखा दिया।उसकी इस सफलता पर लोगों में हर्ष का माहौल छा गया। तहसील मुख्यालय पर सेंट थॉमस रोड निवासी उत्कर्ष बचपन से ही चिकित्सक बनने का सपना संजोए उस दिशा में प्रयास करते हुए आखिरकार दूसरे प्रयास में सफलता प्राप्त कर चिकित्सक बनने का रास्ता तय कर ही लिया। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता सुमन तिवारी, पिता रमेश चन्द्र तिवारी गुरूजनो को दिया। जिनके मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत व दृढ़ संकल्प के कारण यह सफलता प्राप्त की।

उसकी इस सफलता पर कालेज के प्रबंधक मो हसन तनवीर, डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल, पंकज सिंह, सतीश मिश्र समेत अन्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इसी कड़ी में समोधपुर गांव निवासी शिक्षक डा अजय कुमार सिंह के बेटे हर्षवर्धन सिंह ने 668अंक प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

# जिला न्यायाधीश ने पौधारोपण कर लोगों को किया प्रेरित






जन एक्सप्रेस। जौनपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा जनपद जौनपुर में विभिन्न स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए शहर वासियों, ग्रामिणों, कृषकों एवं आम जनता को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कार्यक्रम का ऋआयोजन किया गया।

दीवानी न्यायालय परिसर जौनपुर में मा0 जिला जज एवं अन्य मा0 न्यायाधीशगणो के द्वारा पौध रोपण किया साथ ही जिले के खोतासराय-शाहगंज में वृक्षारोपण एवं बदलापुर शारदा देवी महाविद्यालय में छात्राओं एवं समाज सेवी द्वारा वृक्षारोपण तो वहीं

मड़ियाहू बी0एन0बी0पी0जी कालेज में एन0सी0सी0 कैडेड एवं कमाण्डेट के साथ वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम, बक्शा रेलवे यार्ड पौधशाला पर विद्यर्थियों को पर्यावरण के महत्व को बताया गया।

### चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया पौधरोपण

बदलापुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि वैभव सिंह ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वार्ड नं 8 भलुआही में प्रथामिक विद्यालय पर पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि धरती माता और प्रकृति के संरक्षण-संवर्धन के लिए हर लोग एक-एक पौधा लगाएं। इस अवसर पर सभासद पति मोहित सिंह, प्रधानाचार्य उत्कर्ष सिंह, सुनील तिवारी, अनिल सिंह शाक्ति, सुशील उपाध्याय, योगेश यादव, गणेश, अवनीश सिंह, विपुल तिवारी आदि लोगों मौजूद थे ?

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लाख बहोसी पक्षी विहार में हुआ भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा लाख बहोसी पक्षी विहार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की विषयवस्तु ÷भूमि पुनर्स्थापन मरूस्थलीकरण एवं सूखा अनुकूलन÷ के अन्तर्गत जिला पर्यावरण समिति के तत्वाधान में यह कार्यक्रम स्थानीय जन एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए स्लोगन राइटिंग, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम कृपाल चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अध्यक्ष व आयोजक डॉ0 हेमन्त कुमार सेठ, प्रभागीय वनाधिकारी कन्नौज, डॉ0 जितेन्द्र कुमार नाग, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, सूर्यमणि सिंह अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई विभाग, राजेन्द्र प्रकाश जिला पंचायतराज अधिकारी, डॉ0 पूरन सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक, उपासना रानी वर्मा बेसिक शिक्षा अधिकारी, श्री रतीराम वर्मा खण्ड विकास अधिकारी हसेरन द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया, जिनका वन विभाग के अधिकारियों द्वारा शमी, आँवला इत्यादि के पौधेयुक्त गमले देकर हरित स्वागत किया गया।

अतिथिगण द्वारा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में आदर्श कान्वेन्ट स्कूल के गौरव (कक्षा-6) ने प्रथम स्थान, जनता इण्टर कॉलेज के अंकित राजपूत (कक्षा-8) व अरूण राजपूत (कक्षा-7) ने कमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में मॉडर्न पब्लिक स्कूल की दिव्यांशी (कक्षा-5) ने प्रथम स्थान, सरदार पटेल इण्टर कालेज, कचाटीपुर की देवकी (कक्षा-11) ने द्वितीय स्थान एवं बहोसी ग्राम के अंशु (कक्षा-4) ने तृतीय प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में सरदार पटेल इण्टर कालेज, कचाटीपुर की राधा तोमर (कक्षा-12) व अनुराग (कक्षा-10) ने कमशः प्रथम व द्वितीय स्थान तथा एस0एस0डी0 के0एम0 विद्यालय कन्नौज के सौरभ (कक्षा-10) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने अपने उद्बोधन में वृक्षारोपण, नदियों एवं भू-जल का संरक्षण, वन्य जीवों का महत्व इत्यादि पर प्रकाश डाला तथा सभी को न्यूनतम 01 पेड प्रतिवर्ष लगाने तथा उनकी रक्षा करने का आग्रह किया। डॉ0 जितेन्द्र कुमार नाग, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने अपने सम्बोधन में पर्यावरण के महत्व, पर्यावरण प्रदूषण के दुष्परिणाम तथा इसके वर्तमान उदाहरण जैसे अत्यधिक बढ़ती गर्मी, बीमारियाँ, सूक्ष्म जीवों की दवाईयों के प्रति बढ़ती सहनशीलता, मानव जीवन पर इन सबके सम्भावित आगामी दुष्परिणाम इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपाये यथा-वृक्षारोपण एवं ऊर्जा व संसाधनों का धारणीय उपयोग इत्यादि पर भी बल दिया। सूर्यमणि सिंह, अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई विभाग ने अपने सम्बोधन में वनों एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए सभी का सम्मिलित प्रयास करने हेतु आवाहन किया।

इस अवसर पर उपस्थित समस्त अतिथिगण तथा स्थानीय निवासियों एवं विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ लेते हुए हस्ताक्षर अभियान में भी प्रतिभाग किया। अन्त में डॉ0 हेमन्त कुमार सेठ, प्रभागीय वनाधिकारी ने उपस्थित समस्त अतिथियों, स्थानीय जन एवं विद्यार्थियों तथा मीडिया के बन्धुओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया तथा यह याद दिलाया कि पर्यावरण का संरक्षण वास्तव में मानव जाति के इस पृथ्वी पर अपने अस्तित्व को बचाये रखने के लिए परम आवश्यक है। अतिथिगण ने पक्षी विहार में विचरण कर रहे पक्षियों को दूरबीन से देखा तथा पक्षी विहार के इन्टरप्रिटेशन सेन्टर को अवलोकित कर पक्षियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# एसपी ने पुलिस लाईन्स में पौधा रोपकर दिया पर्यावरण रक्षा का संदेश

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा किया गया वृहद स्तर पर वृक्षारोपण, पुलिसकर्मियों को पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण के प्रति किया गया जागरुक आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में पौधरोपण किया गया। एसपी ने समस्त प्राणी जगत के जीवन में वृक्षो के महत्व के बारे में संदेश देते हुए समस्त पुलिस कर्मचारियों के साथ आम जनमानस को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संरक्षित कर संपूर्ण विश्व को सुरक्षित बनाए रखने लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं, अतः न केवल हमें नियमित तौर पर वृक्षारोपण करना चाहिए बल्कि उसके उपरान्त उसकी देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है। पर्यावरण को बचाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह व अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# बिल्हौर नगर पालिका में 10 :20 पर सिर्फ एक बाबू पहुंचा, बाकी नदारद

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**






बिल्हौर तहसील के समीप नगर पालिका कार्यालय में बुधवार को सुबह 10:20 पर कार्यालय का ताला खुल गया था एक कार्यालय में बाबू अजय कुमार अपनी सीट पर बैठे काम कर रहे थे वहीं पर दूसरे कार्यालय में जितेन्द्र बाबू का कार्यालय साफ हो रहा था वहां पर कोई मौजूद कर्मी ने बताया कि अभी आए नहीं है नहीं था जब यह पूछा कि अभी आए नहीं है नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा के कार्यालय में भी ताला लटक रहा था ट्यूबवेल ऑपरेटर सोहेल अपने ट्यूबवेल पर मौजूद थे बाकी नगर पालिका परिसर में संविदा कर्मी दो मौजूद थे। इस संबंध में वहां पर मौजूद संविदा कर्मियों ने बताया कि 11:00 बजे तक आते हैं आखिरकार कार्यालय खुलने का समय क्या है और बंद होने का क्या है समय से जब नगर पालिका के अधिकारी नहीं आएंगे तो कर्मचारी क्यों आएंगे वहीं पर ईओ को दो बार फोन मिलाकर जानना चाहा कि आखिरकार कर्मचारी भी समय से क्यों नहीं आ रहे हैं नगर पालिका में तो उन्होंने फोन नहीं उठाया तो उनका विचार न ज्ञात हो सका और यह भी नहीं मालूम हो सका कि आप अभी तक नगरपालिका में क्यों नहीं पहुंची है वैसे भी उनके लिए 11:00 बजे के बाद ही आने का समय कर्मचारियों ने बताया।

## बिल्हौर ब्लॉक बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय 10 :20 तक ताला लटक रहा था, बाहर ट्रक खड़ा



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर तहसील मुख्यालय से महज 700 मीटर की दूरी पर स्थित खंड विकास कार्यालय परिसर में अस्थाई ब्लॉक बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय है। जहां पर 10:20 तक ताला लग रहा था पुष्टाहार का लदा हुआ ट्रक बाहर खड़ा था खाली होने के लिए लेकिन वहां पर कोई भी कर्मचारी नहीं मौजूद था। कई महिलाएं पुष्टाहार लेने के लिए भी बैटरी रिक्शा लिए खड़ी हुई थी। उन्होंने बताया कि देर से खुलता है सीडीपीओ मेडम के पास शिवराजपुर का भी चार्ज है इसके चलते वह यहां भी आती है और वहां भी जाती हैं जिससे यह निश्चित नहीं है कि आज वह आएंगी कि नहीं आएंगी। ब्लॉक के कर्मचारियों ने बताया कि जिस दिन मैडम का आना होना आना होता है उसी दिन सभी कर्मचारी समय से मौजूद रहते हैं। देर से आने वाले कर्मचारियों पर कब लगाम लगेगी। तहसीलदार तिमराज सिंह ने बताया कि संबंधित जिले के अधिकारियों से बात करते हैं कि कार्यालय इतने बजे तक क्यों बंद रहता है।

# कानपुर के कपड़ा कारोबारी की हत्या कर शव कुएं में फेंका



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

कानपुर निवासी कपड़ा कारोबारी की हत्या करने के बाद शव 30 किलोमीटर दूर अजगैन कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर हाईवे के किनारे कुएं में फेंक दिया गया। बुधवार सुबह लोगों ने कुएं के पास खून और बाइक पड़ी देखी तो पुलिस को जानकारी दी। मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। कानपुर के अनवरगंज कोतवाली क्षेत्र के दलेलपुरवा निवासी नदीम (28) की अनवरगंज में कपड़ों की दुकान है। मंगलवार शाम वह घर से किसी से मिलने की बात कहकर निकले थे। रात तक नहीं लौटने पर परिजनों ने फोन मिलाया, लेकिन बात नहीं हो सकी। बुधवार सुबह कानपुर से करीब 30 किलोमीटर दूर दरबारी खेड़ा गांव के बाहर हाईवे से सटे एक कुएं में उनका शव उतराता मिला। गर्दन पर धारदार हथियार से वार करने के निशान मिले। बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर से उनके नाम और पते की जानकारी हुई। मौके पर एसपी दक्षिणी प्रेमचंद ने डॉग स्क्वायड और फील्ड यूनिट के साथ पहुंचकर जांच की। कोतवाली पहुंचे मृतक के मामा ताहिर हुसैन ने बताया कि नदीम की किसी से दुश्मनी नहीं थी। उसने किसी से मिलने जाने की बात बताई थी। मामा ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मृतक का मोबाइल सर्विलांस पर लगाया गया है। घटना के खुलासे के लिए एसओजी को भी लगाया गया है।

## हमलावर गिरफ्तार नहीं हुए तो वकील करेंगे आंदोलन

**जन एक्सप्रेस । मैनपुरी**

टैक्सेशन के वकील कन्हैया कुलश्रेष्ठ पर किए गए जानलेवा हमले के मामले में वकीलों ने हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की है। एसपी को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि अगर हमलावर गिरफ्तार नहीं किए गए तो दीवानी और कलेक्ट्रेट के वकील आंदोलन करेंगे। मोहल्ला छपट्टी के रहने वाले कन्हैया कुलश्रेष्ठ पर कार्यालय से घर जाते समय मोहल्ला वंशीगोहरा में जानलेवा हमला किया गया था। वकीलों के दबाव के बाद पुलिस ने भाजपा नेता/जिला पंचायत सदस्य शुभम सिंह निवासी वंशीगोहरा सहित नामित लोगों के खिलाफ रिपोर्ट तो दर्ज कर ली है, लेकिन राजनैतिक दबाव में पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट और दीवानी के वकीलों ने एसपी को ज्ञापन दिया है। कहा है कि टैक्सेशन के वकील कन्हैया कुलश्रेष्ठ पर जानलेवा हमला करने वाले जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। आरोप लगाया कि राजनैतिक दबाव में पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। आरोपी लगातार पीड़ित परिवार को धमकी दे रहे हैं और समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सौरभ यादव, संतोष यादव, सुनील यादव, सर्वेंद्र यादव, अशोक यादव, राकेश यादव, संजीव यादव रहे।

## नियमों की अनदेखी कर संचालित हो रही दो अस्पतालों की ओटी सील, शिकायत पर पहुंचे डिप्टी सीएमओ ने की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । मैनपुरी**

मैनपुरी में अधूरे मानकों से संचालित अस्पतालों पर विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। बुधवार को करहल क्षेत्र में नियम विरुद्ध संचालित दो अस्पतालों की ओटी को डिप्टी सीएमओ ने सील कर दिया। डिप्टी सीएमओ ने दोनों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई थी कि कस्बा करहल में न्यू आशा हॉस्पिटल और केके हॉस्पिटल नियम विरुद्ध तरीके से संचालित किए जा रहे है। न तो यहां पंजीकृत डॉक्टर बैठते हैं और न ही यहां मरीजों के जीवन की सुरक्षा पर ध्यान दिया जा रहा है। सीएमओ के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉ. सुरेंद्र सिंह करहल पहुंचे। यहां न्यू आशा हॉस्पिटल के निरीक्षण में पाया कि हॉस्पिटल की ओटी नियमों की अनदेखी कर संचालित की जा रही है। यहां कोई भी एमबीबीएस सर्जन नहीं मिला जबकि शिकायत की गई थी कि यहां सर्जरी की जा रही है। इसके बाद डिप्टी सीएमओ अस्पताल की ओटी को सील कर दिया। इसके बाद डिप्टी सीएमओ केके हॉस्पिटल करहल पहुंचे यहां निरीक्षण के दौरान कोई भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं मिला। इसके बाद डिप्टी सीएमओ ने केके हॉस्पिटल की ओटी को भी सील कर दिया। दोनों हॉस्पिटल को नोटिस जारी कर चेतावनी दी कि तीन दिन में पंजीकृत डॉक्टरों को उनके सामने पेश करें। वहीं एक अन्य शिकायत की गई थी कि अवैध रूप से कस्बा करहल में पार्क हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है। डिप्टी सीएमओ को निरीक्षण के दौरान यहां न तो काई डॉक्टर मिला और न ही कोई मरीज मिला।

### महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**करहल।** थाना क्षेत्र के गांव नगला जंगी में एक महिला ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सीओ करहल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के गांव नगला जंगी निवासी सत्येंद्र कुमार की पत्नी ममता (38) का शव बुधवार को घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। जानकारी होने के बाद घर में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने के बाद सीओ करहल संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

### चंदे के विवाद में किसान की लाठी-डंडे से पीटकर हन्या

**जन एक्सप्रेस । मैनपुरी**

थाना एलाऊ क्षेत्र के गांव वीरपुर कलां में सोमवार की शाम नामजद लोगों ने एक किसान से गांव में हुई भागवत के चंदा को लेकर विवाद किया। इसके बाद लाठी-डंडों से पीटकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात अंजाम देने के बाद आरोपी शव को मौके पर पड़ा छोड़ कर भाग गए। आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। गांव वीरपुर कला में दो मई को ग्रामीणों के सहयोग से चंदा कर भागवत कथा का आयोजन हुआ था। गांव निवासी उम्मेद सिंह चौहान (52) का चंदे के रुपये का हिसाब मांगने पर चचेरे भाई और भतीजे से कहासुनी हो गई थी। जिसे कुछ लोगों ने समझा बुझाकर शांत करा दिया था।

## एक्सप्रेसवे पर पलटा टाइल्स लदा ट्राला, चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर टाइल्स लादकर जा रहा ट्राला ट्रक चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर खंती में पलट गया। हादसे में चालक की मौत हो गई जबकि क्लीनर को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी कंटेनर चालक दुर्गालाल (20) गांव के ही क्लीनर जगदीश बलई (28) के साथ राजस्थान से ट्राला में टाइल्स लादकर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के रास्ते बंगाल जा रहा था। मंगलवार सुबह करीब 7:30 बजे हसनगंज कोतवाली के ताला सराय गांव के पास चालक को झपकी आने से कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गया। हादसे में चालक दुर्गालाल और क्लीनर जगदीश गंभीर घायल हो गए। यूपीडा और पुलिस ने दोनों को स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डॉक्टर ने दुर्गालाल को मृत घोषित कर दिया। क्लीनर को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि चालक को झपकी आने से घटना हुई। चालक की मौत हुई है। क्लीनर का लखनऊ में इलाज चल रहा है।

**एक घंटे चलता रहा सीमा विवाद**

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह 7.:30 बजे कंटेनर अनियंत्रित होकर पलटा था। औरास और हसनगंज पुलिस के बीच सीमा विवाद होने से करीब एक घंटे तक शव पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा गया। बाद में जिस स्थान पर घटना हुई वह हसनगंज क्षेत्र में होने की पुष्टि हुई तब परिजनों को सूचना देने के साथ आगे की कार्रवाई शुरू की गई।

## एसपी कार्यालय में तैनात सिपाही पर शारीरिक शोषण का आरोप

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**पीड़िता के मुताबिक, अब वह बालिग है और सिपाही उसे पांच साल से टालमटोल कर रहा है**

एसपी कार्यालय में आईजीआरएस शाखा में तैनात सिपाही पर कानपुर देहात की युवती ने शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक, जिस समय शोषण किया वह नाबालिग थी। बालिग होने पर शादी का वादा किया था। अब इन्कार कर रहा है। एसपी ने सीओ सिटी को जांच सौंपी है। कानपुर देहात जिले की रहने वाली युवती ने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि फेसबुक के माध्यम से सिपाही से उसकी दोस्ती हुई। उस समय वह कक्षा 11 की छात्रा थी। बाद में पता चला कि वह पुलिस विभाग में तैनात है। धीरे-धीरे बात शुरू हो गई फिर मिलने लगे। आरोप है कि सिपाही ने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक शोषण किया। शादी करने के लिए कहा तो बालिग होने तक इंतजार करने के लिए कहा। पीड़िता के मुताबिक, अब वह बालिग है और सिपाही उसे पांच साल से टालमटोल कर रहा है। दो साल पहले सिपाही सोहरामऊ थाने में तैनात था। बताया कि पता चल रहा है कि सिपाही ने कहीं और शादी भी कर ली है। सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में आया है।

## कार से बकरी चोरी कर भाग रहे बदमाशों ने पशु पालक को कुचला



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

उन्नाव जिले में फतेहपुर चौरासी के कोरटखेड़ा गांव में बकरी चुराकर कार से भाग रहे बदमाशों को रोकने पर उन्होंने पशुपालक पीटा। सड़क पर गिरते ही बदमाश उसे कुचलते हुए निकल गए। थाना क्षेत्र के कोरटखेड़ा गांव निवासी बाबूलाल गौतम (40) मंगलवार रात घर के बाहर सो रहे थे। पास में उनकी बकरियां बंधी थीं। रात करीब 1:30 बजे कार सवार बकरी चोर पहुंचे और रस्सी काट कर दो बकरियों को कार में डालने लगे। खटपट सुनकर बाबूलाल की नींद खुल गई। उसने विरोध किया तो बदमाशों ने उसे पीटा। उसने कार के आगे खड़े होकर रोकने की कोशिश की तो बदमाश उसे टक्कर मारते हुए कार से कुचलते हुए भाग निकले। कार में फंस जाने से वह काफी दूर तक घिसटता चला गया। आवाज सुनकर परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पेट, पीठ, हाथ और पैर में सात चोटें मिली हैं। थानाध्यक्ष राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि बकरी चोरों के गाड़ी चढ़ाने से पशु पालक की मौत हुई है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। कार सवार बदमाशों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**पुलिस ने तलाशे सीसीटीवी, दिखी दो कारें नहीं नजर आए नंबर**

घटना के बाद जांच में जुटी पुलिस ने फतेहपुर चौरासी से शिवराजपुर जाने वाले मार्ग के साथ लवानी-झूलूमऊ मार्ग, परियर मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं। इसमें लवानी मार्ग पर खून पड़ा मिला है, जबकि शिवराजपुर मार्ग पर रात करीब 1:45 बजे दो कारें दिखी हैं, लेकिन उनके नंबर साफ नजर नहीं आए हैं।

# विजय का प्रमाणपत्र लेकर बोले अखिलेश, यह सर्वहारा वर्ग की जीत

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**



पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जीत से जिले के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। ऐसे में बुधवार सुबह जैसे ही कार्यकर्ताओं को अखिलेश यादव के कन्नौज आने की जानकारी मिली तो बड़ी तादाद में लोग समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पहुंच गए।

कन्नौज जिले के मानीमऊ कस्बे से लेकर पाल चौराहे तक कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। सपा कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं की भीड़ ने ढोल की थापों पर थिरकते हुए उनका स्वागत किया। यहां से अखिलेश का काफिला सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां 42 कन्नौज के निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने उन्हें जीत का प्रमाण पत्र दिया।

कलेक्ट्रेट से बाहर निकलते वक्त मीडिया कर्मियों ने उनसे बात करने का प्रयास किया, लेकिन दिल्ली निकलने की बात कहते हुए उन्होंने बात करने से मना कर दिया। वह कुछ देर ही सपा कार्यालय में रुके और कार्यकर्ताओं को जीत का श्रेय देते हुए उन्हें बधाई भी दी। इसके बाद वह दिल्ली के लिए रवाना हो गए। जहां वह शाम को होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कन्नौज संसदीय सीट पर पहली बार वर्ष 2000 चुनाव लड़ा था और यहां से जीत भी हासिल की थी। वह लगातार 3 बार कन्नौज से सांसद चुने गए। वर्ष 2012 में उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के बाद कन्नौज सीट से इस्तीफा दिया था और फिर अपनी पत्नी डिम्पल यादव को उपचुनाव लड़ाया था। जिसमें वह निर्विरोध निर्वाचित हुई थीं। 2014 में भी डिम्पल यादव कन्नौज सीट से सांसद चुनी गईं थीं। वर्ष 2019 में भाजपा के सुब्रत पाठक ने उन्हें चुनाव हरा दिया था। इस हार के बाद से समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में आपसी फूट पड़ने लग गई थी, जिस कारण कन्नौज में समाजवादी पार्टी पूरी तरह बिखर गई थी हालांकि 12 वर्ष बाद एक बार फिर अखिलेश यादव ने कन्नौज सीट बड़े अंतर से जीतकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में सफलता हासिल कर ली है। उनकी इस जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

**अखिलेश यादव ने जनता का धन्यवाद किया**

इसके पहले उन्होंने एक्स पर लिखा कि उनकी जीत दलित और बहुजन भरोसे की जीत है। सकारात्मक राजनीति की जीत है। अखिलेश यादव ने बीजेपी के सुब्रत पाठक को 170922 वोटों से हराया है। 2019 में यहीं से सुब्रत पाठक ने अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को 12315 मतो से हराया था। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि यह इंडिया गठबंधन की जनप्रिय जीत है। दलित-बहुजन ने उन पर भरोसा किया है। पिछड़े, अल्पसंख्यक, आदिवासी, आधी आबादी अगड़े पिछड़े, सभी ने उपेक्षा, शोषण, उत्पीड़न के खिलाफ समाज के हर वर्ग ने साथ मिलकर संविधान को बचाने के लिए संघर्ष किया है। जो समता, समानता, स्वाभिमान और आरक्षण का अधिकार देता है। यह गठबंधन दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी आधी आबादी अगड़े में पिछड़े के मजबूत गठबंधन की जीत है।

इंडी ब्लॉक की पहली बैठक: गठबंधन की 19 पार्टियों के 33 नेता शामिल; सरकार बनाने पर खड़गे बोले

# सही समय पर सही फैसला लेंगे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

एनडीए की बैठक के 2 घंटे बाद इंडी गठबंधन की भी बुधवार शाम 6 बजे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर बैठक हुई। यह डेढ़ घंटे चली। 19 पार्टियों के 33 नेता शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, फासिस्ट ताकतों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी, हम उस वक्त सही समय पर सही कदम उठाएंगे, जब लगेगा कि भाजपा सरकार लोगों की इच्छा के अनुसार सही कदम नहीं उठा रही। उन्होंने कहा कि हमारे गठबंधन को जबरदस्त समर्थन मिला है। लोगों ने भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जनादेश दिया है। लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन को 234 सीटें मिली हैं। सरकार बनाने के लिए गठबंधन को 272 सांसदों का समर्थन चाहिए। बैठक के पहले गठबंधन के कई नेता चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार से संपर्क करने की बात करते रहे। चंद्रबाबू की टीडीपी को 16 सीट और नीतीश की जेडीयू को 12 सीटें मिली हैं।

### खरगे ने भाजपा पर साधा निशाना

बैठक में विचार-विमर्श करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन, पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के फासीवादी शासन के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा सरकार को नहीं चाहती है और इसलिए ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन द्वारा जनता की इच्छा को साकार करने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

### हमने संघर्ष किया और एकजुट होकर लड़े: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा 'हमने अच्छा संघर्ष किया, एकजुट होकर और दृढ़ता से लड़े।' खरगे ने आगे कहा 'ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन उन सभी दलों का स्वागत करता है जो हमारे संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हैं।' कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि इस बार जनादेश निर्णायक रूप से पीएम मोदी और उनकी राजनीति की शैली के खिलाफ है।

### देश की जनता का आभार: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा 'इंडी गठबंधन के सभी घटक दल देश की जनता का आभार प्रकट करते हैं। लोकसभा चुनाव के जनादेश ने भाजपा नेताओं और उनकी नफरत, भ्रष्टाचार की राजनीति को करारा जवाब दिया है। भारत के संविधान की रक्षा के लिए और महंगाई, बेरोजगारी और साठगांठ वाले पूंजीवाद के खिलाफ इंडी गठबंधन भाजपा के फासीवादी शासन के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा।'

### बैठक में शामिल रहे ये नेता

विपक्ष की बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, एमके स्टालिन, अभिषेक बनर्जी, तेजस्वी यादव, राघव चड्ढा, शरद पवार, डी राजा, संजय राउत, अखिलेश यादव, चंपई सोरेन, सुप्रिया सुले और अन्य घटक दलों के नेता भी शामिल रहे।

## सीएम केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ी, कोर्ट ने अंतरिम जमानत याचिका खारिज की



### 'केजरीवाल का वजन 7 किलो घटा नहीं, 1 किलो बढ़ा'

ईडी ने कोर्ट में दावा किया था कि केजरीवाल ने तथ्यों को दबाया है और अपनी सेहत को लेकर झूठे बयान दिए हैं। उनका वजन 1 किलो बढ़ गया है, लेकिन वे झूठा दावा कर रहे हैं कि उनका वजन 7 किलो कम हो गया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा था कि केजरीवाल ने 31 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भ्रामक दावा भी किया कि वह 2 जून को सरेंडर करने जा रहे हैं। हालांकि कोर्ट में केजरीवाल के वकील ने कहा कि वे बीमार हैं और उन्हें इलाज की जरूरत है।

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार (5 मई) को अरविंद केजरीवाल की ज्यूडिशियल कस्टडी 19 जून तक बढ़ा दी। केजरीवाल को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। कोर्ट ने केजरीवाल की मेडिकल ग्राउंड पर 7 दिन की जमानत की मांग वाली अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि केजरीवाल के जरूरी मेडिकल टेस्ट कराएं। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 1 जून की हुई सुनवाई में केजरीवाल की जमानत याचिका पर फैसला 5 जून के लिए सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल ने 7 दिन की जमानत मांगी थी, ताकि वे अपने मेडिकल टेस्ट करवा सकें, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट में उनकी अपील का विरोध किया था। केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी। जमानत पर 21 दिन बाहर रहने के बाद 2 जून की शाम 5 बजे केजरीवाल ने तिहाड़ में सरेंडर किया था। सरेंडर करने के करीब 30 मिनट बाद ही 5 जून तक की श्वष्ठ की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया था। एजेंसी ने केजरीवाल की कस्टडी के लिए आवेदन दायर किया था, लेकिन दिल्ली सीएम के अंतरिम जमानत पर होने के चलते आवेदन पेंडिंग था।

## भारत को शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेते देखने को उन्सुक: जेलेंस्की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बुधवार को उम्मीद जताई कि भारत इस महीने स्विट्जरलैंड में होने वाले यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेगा। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की लगातार तीसरी जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी और शांति सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया। उम्मीद है कि भारत शिखर सम्मेलन में शिरकत करेगा लेकिन भागीदारी किस स्तर पर होगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन 15 और 16 जून ल्यूसर्न के बर्गेनस्टॉक में होगा। जेलेंस्की ने कहा, मैं भारत में दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों के सफल आयोजन का स्वागत करता हूं। भारत के संसदीय चुनावों में लगातार तीसरी जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को बधाई।

## प्रधानमंत्री मोदी को जल्द शपथ लेना चाहिए, मैं खुद मिठाई बांटूंगा: संजय

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



भाजपा तीसरी बार लोकसभा चुनाव में भारत की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए जल्द ही सरकार बनाने का एलान कर सकता है। नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले सकते हैं। इन सबके बीच, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। 'इंडी गठबंधन की सरकार' बनाने के सवाल पर राउत ने कहा कि नीतीश कुमार और चंद्राबाबू सभी के दोस्त हैं। मुझे नहीं लगता कि दोनों ऐसे लोगों के साथ जाएंगे, जिनसे लोकतंत्र और संविधान को खतरा है। भाजपा के पास बहुमत नहीं है। वे 240 पर अटके हैं। पीएम मोदी और भाजपा के पास बहुमत नहीं है। वे अस्थिर सरकार देना चाहते हैं। अस्थिर सरकार चलाना मोदी जी का काम नहीं है। वे मोदी की सरकार, मोदी की गारंटी की बात करते थे। हमारे पास जनादेश है। जनता को हमपर भरोसा है। वहीं, एनडीए के सरकार गठन के चर्चाओं पर रावत ने कहा कि एनडीए में कौन-कौन हैं, नीतीश बाबू, चंद्र बाबू और चिराग बाबू। देख लेंगे। जनता ने भाजपा का बहुमत छीन लिया है। लोगों ने उन्हें 240 पर लाकर खड़ा कर दिया है। वे जोड़-तोड़ वाली सरकार बनाने की जुगत में हैं। उन्हें करने दीजिए। लोकतंत्र में ऐसी कोशिशें होती रहती हैं। उन्हें शपथ लेने दीजिए। उनके पास आंकड़े होंगे तो वे जाएंगे। हमारा मनोरंजन हो रहा है, हम अपना मनोरंजन क्यों छोड़ेंगे? इसके अलावा राउत ने कहा कि पीएम मोदी को जल्द ही शपथ लेनी चाहिए। मैं मिठाई बांटूंगा।

## नाबालिग के मां-पिता को 17 जून तक हिरासत रक्त के नमूने बदलने वाले डॉक्टरों पर भी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे



महाराष्ट्र के पुणे में पोर्श कार हादसे में दो आईटी इंजीनियरों को अपनी जान गंवानी पड़ी। कार चालक 17 वर्षीय नाबालिग घटना के समय शराब के नशे में था, जिसके रक्त के नमूनों की अदला-बदली के आरोप में पुलिस ने उसकी मां को शनिवार को गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने अदालत को एक अहम जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि फॉरेंसिक रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि नाबालिग की मां के रक्त के नमूने की अदला-बदली की गई। अदालत ने भी सख्त कार्रवाई करते हुए नाबालिग की मां और पिता को 10 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इसके अलावा रक्त के नमूनों की अदला-बदली करने वाले ससून अस्पताल के डॉक्टर श्रीहरि हलनोर, डॉक्टर अजय टारे और एक कर्मचारी अतुल घाटकांबले को भी 7 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें, पुलिस ने नाबालिग के पिता, मां और ससून अस्पताल के डॉक्टरों और एक कर्मचारी को अदालत में पेश किया था।

### नाबालिग के दादा को भी गिरफ्तार कर चुकी पुलिस

सूत्रों ने के मुताबिक, पुलिस पुलिस पांच जून को प्रारंभिक अवधि समाप्त होने पर किशोर के अवलोकन गृह में रहने की अवधि को और बढ़ाने की मांग कर सकती है। इस मामले में पुलिस आरोपी के दादा को भी गिरफ्तार कर चुकी है। पुणे शहर में 18-19 मई की रात करीब तीन करोड़ रुपये की पोर्श कार को तेज गति से दौड़ाने के चक्कर में 17 साल के लड़के ने एक बाइक को टक्कर मार दी थी। गाड़ी की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक अपना संतुलन खोकर काफी दूर तक सड़क पर घिसटते चली गई, जिससे उस पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया गया।

## दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम, तेज हवा के साथ कुछ इलाकों में बारिश, गर्मी से लोगों को मिली राहत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली और नोएडा-गाजियाबाद में बुधवार की देर शाम को अचानक मौसम बदला है। तेज हवा चलने के साथ ही दिल्ली और एनसीआर के कुछ इलाकों में बारिश हुई। जिससे गर्मी से जूझ रहे लोगों को कुछ राहत मिली है। वहीं मौसम विभाग ने गुरुवार को भी दिल्ली और उससे सटे कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार जताए हैं। साथ ही कहा है कि इस दौरान आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। इससे तापमान में कमी आएगी। मौसम विभाग ने बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में कुछ जगहों पर बूंदाबांदी देखने को मिली। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी के साथ बूंदाबांदी होने का अंदेशा जताया था।

### हापुड़ के सिंभावली में आठ घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति

हापुड़ के सिंभावली में लाइन में फाल्ट के चलते इलाके के खुडलिया गांव की बिजली आपूर्ति करीब आठ घंटे बाधित रही। जिससे गांव की करीब तीन हजार की आबादी समेत पशुओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि ऊर्जा निगम के अधिकारी-कर्मचारी सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं।

## कर्नाटक कॉर्पोरेशन में करोड़ों के अवैध ट्रांसफर मामले में सीबीआई जांच शुरू, यूबीआई ने की थी शिकायत




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु

कर्नाटक महर्षि वाल्मिकी अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़े करोड़ों के अवैध ट्रांसफर के मामले में सीबीआई ने जांच शुरू कर दी है। राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वरा ने बुधवार को इसकी जानकारी दी है। परमेश्वरा ने बताया कि एजेंसी से औपचारिक आवेदन मिलने के बाद सरकार केस सीबीआई को सौंप देगी। मुंबई स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्यालय की ओर से पिछले हफ्ते ऑपचारिक रूप से सीबीआई से शिकायत की गई थी। इसमें बताया गया था सरकारी निगम ने पब्लिक धन का गबन किया है। इसके बाद तीन अधिकारियों को निलंबित भी किया जा चुका है। वहीं कॉर्पोरेशन ने भी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खिलाफ 88 करोड़ रुपये का गबन करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करवाई थी। कर्नाटक के गृहमंत्री ने बताया, 'यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सीबीआई से लिखित रूप में शिकायत की थी कि अगर किसी बैंक में 3 करोड़ रुपये से ज्यादा के गबन का मामला है, तो सीबीआई स्वत संज्ञान लेकर जांच कर सकती है। बैंक की शिकायत के आधार पर ही सीबीआई ने जांच शुरू की है।

### सीबीआई को जो भी जानकारी चाहिए, हमको लिखकर देना होगा

सीबीआई को मामले में पूरी जानकारी देंगे, लेकिन उसके लिए एजेंसी को हमको लिखकर देना होगा। इसके बाद ही सरकार कोई फैसला लेगी।' उन्होंने आगे कहा कि अगर सीबीआई को लगता है कि कि यह जनजाति कल्याण विभाग का मामला है तो वह मंत्री बी नागरा से पूछताछ कर कर सकते हैं। लेकिन यह फैसला सीबीआई को लेना है कि उन्हें इस मामले में क्या करना है।

### क्या है अवैध धन ट्रांसफर का पूरा मामला

अवैध तरीके से पैसे ट्रांसफर करने का मामला तब प्रकाश में आया जब कॉर्पोरेश एकाउंट के अधीक्षक ने 26 मई को सुसाइड कर लिया और साथ ही उन्होंने एक सुसाइड नोट भी लिखा था। सुसाइड नोट से पता चला कि कॉर्पोरेशन से संबंधि 187 करोड़ अनाधिकृतक तरीके से इसके बैंक अकाउंट से ट्रांसफर किए गए और फिर गलत तरीके से 88 करोड़ रुपए 62 रुपए अलग-अलग बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए गए। जिनमें एक नामी आईटी कंपनी और हैदराबाद के एक कॉपरेटिव बैंक का नाम भी शामिल है।

### सीबीआई की जांच में राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी'

मंत्री ने बताया कि सीबीआई की जांच में राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा, 'हमको अभी भी फैसला लेना है कि सीबीआई मामले में पूछताछ कर सकती है या नहीं क्योंकि जनजाति कल्याण विभाग कॉपरेटिव विभाग के अंतर्गत आता है।

## सुनीता विलियम्स को स्पेस ले जाने वाला मिशन लॉन्च

बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट ने उड़ान भरी, पहले दो बार टल गई थी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। फ्लोरिडा

भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने वाला बोइंग का स्टारलाइनर मिशन बुधवार 5 जून को भारतीय समयानुसार रात 8:22 बजे लॉन्च हुआ। स्पेसक्राफ्ट गुरुवार को रात 9:45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचेगा। मिशन को 7 मई को सुबह 8:04 बजे फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च किया जाना था। लेकिन टीम को एलए के एटलस एक्स रॉकेट की सेकेंड स्टेज में ऑक्सीजन रिलीफ वॉल्व में समस्या मिली। ऐसे में टीम ने मिशन लॉन्च से 2 घंटे पहले टालने का फैसला लिया। दूसरी बार इसे 1 जून को लॉन्च करने की कोशिश की गई, लेकिन ग्राउंड लॉन्च सीक्वेंसर ने लिफ्टऑफ से 3 मिनट 50 सेकंड पहले काउंटडाउन क्लॉक को ऑटोमेटिक होल्ड कर दिया। ऐसे में मिशन को टालना पड़ा। अब तीसरी बार में मिशन लॉन्च करने में सफलता मिली है।

### दोनों एस्ट्रोनॉट करीब एक हफ्ते तक स्पेस स्टेशन में रहेंगे

विल्मोर और विलियम्स स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट और उसके सब सिस्टम का टेस्ट करने के लिए करीब एक हफ्ते तक स्पेस स्टेशन में रहेंगे। मिशन सक्सेसफुल रहा तो इस स्पेसक्राफ्ट का इस्तेमाल रोटेशनल मिशन के लिए किया जाएगा। यानी एस्ट्रोनॉट इससे आईएसएस आएंगे और जाएंगे।

### मिशन सफल हुआ तो नासा के पास पहली बार 2 स्पेसक्राफ्ट होंगे

इस मिशन के सफल होने पर इतिहास में पहली बार अमेरिका के पास एस्ट्रोनॉट को स्पेस में भेजने के लिए 2 स्पेसक्राफ्ट हो जाएंगे। अभी अमेरिका के पास इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ही है। नासा ने साल 2014 में स्पेसएक्स और बोइंग को स्पेसक्राप्ट बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया था।

## 280 उम्मीदवार पहली बार बने सांसद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। इस बार, 280 उम्मीदवार पहली बार संसद पहुंचे। इनमें, पूर्व मुख्यमंत्री, फिल्म स्टार, राजनीतिक कार्यकर्ता और उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीट हैं। इस बार यहां से 45 उम्मीदवार पहली बार संसद पहुंचे हैं। इनमें टीवी कलाकार अरुण गोविल, कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा, नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद शामिल हैं। वहीं, महाराष्ट्र से 33 उम्मीदवार पहली बार संसद पहुंचे हैं।

## असम में बाढ़: पीड़ितों की संख्या चार लाख से घटकर 2.5 लाख हुई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी



असम में बुधवार को बाढ़ से पीड़ित लोगों की स्थिति में सुधार हुआ है। मंगलवार तक नौ जिलों में जहां पीड़ितों की संख्या 4.23 लाख थी, वहीं अब यह संख्या घटकर आठ जिलों में 2.5 लाख रह गई है। हालांकि, राहत के बीच डूबने से एक और व्यक्ति की जान चली गई। इसके साथ ही इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान में जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या 34 हो गई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार, कछार जिले के कटिगोरा राजस्व सर्कल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके अलावा कछार, दिमा हसाओ, हैलाकांडी, होजाई, पश्चिम कार्बी आंगलोंग, करीमगंज, मोरीगांव और नागांव जिलों में बाढ़ के कारण लगभग 2,47,000 लोग प्रभावित हुए। एएसडीएमए के अनुसार, 1.4 लाख से अधिक लोगों के साथ नागांव सबसे बुरी तरह प्रभावित है, इसके बाद कछार में लगभग 65,500 लोग और होजई में लगभग 18,500 लोग पीड़ित हैं।

### पांच जिलों में 112 राहत शिविर लगाए

हालांकि, प्रशासन पांच जिलों में 112 राहत शिविर चला रहा है, जहां 22,373 लोगों ने शरण ली है और चार जिलों में 21 राहत वितरण केंद्र बनाए गए हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान बाढ़ पीड़ितों के बीच कुल 501.48 क्विंटल चावल, 91.47 क्विंटल दाल, 28.04 क्विंटल नमक और 2,685.07 लीटर सरसों तेल वितरित किया गया है।

### 375 गांव अभी पानी में डूबे

एएसडीएमए के अनुसार, वर्तमान में, 375 गांव पानी में डूबे हुए हैं। प्रदेश में 5,055.6 हेक्टेयर फसल क्षेत्र प्रभावित है। वहीं, बाढ़ से 32,200 से अधिक घरेलू जानवर और मुर्गे प्रभावित हुए हैं। नगांव, कछार, होजाई, करीमगंज, मोरीगांव में बाढ़ के पानी से तटबंध, सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कोपिली नदी कामपुर और धरमतुल में और कुशियारा नदी करीमगंज में उफान पर है।

## मैं हार की जिम्मेदारी लेता हूं

डिप्टी सीएम फडणवीस ने की इस्तीफे की पेशकश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में पार्टी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की पेशकश कर दी है। फडणवीस ने कहा कि मैं महाराष्ट्र में ऐसे नतीजों की जिम्मेदारी लेता हूं क्योंकि राज्य में पार्टी का नेतृत्व मेरे द्वारा ही किया जा रहा था। भाजपा आलाकमान से विनती करता हूं कि वे मुझे सरकार में जिम्मेदारी से मुक्त करें ताकि मैं आने वाले चुनाव में पार्टी के लिए ज्यादा से ज्यादा मेहनत कर सकूं। हालांकि अभी तक ये स्पष्ट नहीं हुआ है कि उनका इस्तीफा स्वीकार हुआ है या नहीं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में भाजपा का प्रदर्शन खराब रहा और पिछले चुनाव में 23 सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार 9 सीटों पर सिमट गई। देवेंद्र फडणवीस के इस्तीफे की पेशकश पर शिवसेना यूबीटी की नेता सुषमा अंधारे ने कहा कि देवेंद्र जी एक सम्मानित तरीके से विदाई चाहते हैं। महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और देवेंद्र फडणवीस के बीच कल बैठक हुई थी और मुझे पता चला कि उस बैठक में दोनों के बीच पार्टी की हार पर चर्चा हुई थी। चंद्रशेखर बावनकुले भी इस्तीफा दे सकते हैं। पार्टी दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है, लेकिन वे एक सुरक्षित स्टैंड लेकर अपनी विदाई चाहते हैं।

### महाराष्ट्र में भाजपा को हुआ नुकसान

लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिन राज्यों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, उनमें महाराष्ट्र भी शामिल है। महाराष्ट्र में भाजपा सिर्फ नौ सीटें जीत सकी। वहीं बगावत और पार्टी में टूट झेलनी वालीं शिवसेना यूबीटी और एनसीपी एसपी का प्रदर्शन बेहतरीन रहा और दोनों पार्टियों ने क्रमश: 9 और 8 सीटों पर जीत दर्ज की। सभी को चौंकाते हुए कांग्रेस 13 सीटें जीतकर राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनी। महाराष्ट्र में भाजपा नीत गठबंधन के इस खराब प्रदर्शन की उम्मीद कम ही थी। माना जा रहा है कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी को लोगों की सहानुभूति मिली।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)